


बीएलओ को दी जा रही धमकियों पर सुप्रीम चिंता, कहा- यह बेहद गंभीर-12




शेयर बाजार में दूसरे दिन भी गिरावट, सेंसेक्स 436 और निफ्टी 121 अंक टूटा-12



अमेरिका में सस्ते दाम पर चावल बेच रहा भारत, लगाएंगे नए शुल्क-13



दबाव को खत्म करके नौ साल बाद पदक जीतने के इरादे से उतरेगा भारत-14

आज का मौसम
21.0° अधिकतम तापमान
12.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.54
सूर्यास्त 05.17

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

हल्द्वानी

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

पौष कृष्ण पक्ष षष्ठी, 01:46 उपरांत सप्तमी विक्रम संवत 2082

बुधवार, 10 दिसंबर 2025, वर्ष 5, अंक 290, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये

# वंदे मातरम् के दो टुकड़े न करते तो देश का विभाजन नहीं हुआ होता : अमित शाह

नई दिल्ली, एजेंसी

राज्यसभा में गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को दावा किया कि यदि राष्ट्रीय गीत वंदेमातरम् के दो टुकड़े न किए जाते तो देश का विभाजन भी नहीं होता। शाह ने वंदेमातरम् के 150 वर्ष होने पर उच्च सदन में चर्चा में भाग लेते हुए उम्मीद जतायी कि इस चर्चा के माध्यम से देश के बच्चे, युवा और आने वाली पीढ़ी यह बात समझ सकेंगे कि वंदेमातरम् का देश को स्वतंत्रता दिलाने में क्या योगदान रहा है। गृह मंत्री ने कहा कि जिन्हें यह समझ नहीं आ रहा है कि आज इस पर चर्चा क्यों की जा रही है, उन्हें अपनी समझ पर नये सिरे से विचार करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग इस चर्चा को पश्चिम बंगाल में होने जा रहे चुनाव से जोड़ कर देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे लोग राष्ट्रीय गीत के महिमामंडन को बंगाल चुनाव से जोड़कर कम करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब वंदेमातरम् की 1937 में स्वर्ण जयंती हुई तो जवाहरलाल नेहरू ने उसके दो टुकड़े कर उसे दो अंतरों तक सीमित करने का काम किया।



शाह ने कहा कि मेरे जैसे कई लोगों का मानना है, भले ही यह बात कांग्रेस को पसंद आए या नहीं आये, वंदेमातरम् के दो टुकड़े तुष्टिकरण की नीति के तहत नहीं किए जाते तो देश का बंटवारा नहीं होता। देश आज पूरा होता। गृह मंत्री ने कहा कि जब वंदेमातरम् लिखे जाने के 150 वर्ष होने पर लोकसभा में चर्चा शुरू हुई तो जिस कांग्रेस के अधिवेशन की शुरुआत में गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर राष्ट्रीय गीत स्वयं गाते थे, उसी कांग्रेस से जुड़े गांधी परिवार के दोनों सदस्य लोकसभा में इसकी चर्चा के दौरान नदारद थे। उन्होंने कहा कि वंदेमातरम् का विरोध जवाहरलाल नेहरू से लेकर आज के कांग्रेस के नेतृत्व तक, कांग्रेस के खून में बसा है।

**राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष होने पर उच्च सदन में चर्चा**

- **केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा- वंदेमातरम् का विरोध जवाहर लाल नेहरू से लेकर आज के कांग्रेस नेतृत्व तक के खून में बसा है**
- **कहा कि जिन्हें यह समझ नहीं आ रहा है कि आज इस पर चर्चा क्यों की जा रही है, उन्हें अपनी समझ पर नये सिरे से विचार करने की जरूरत**

### सरकार के पास डरने या छिपाने जैसा कुछ नहीं

शाह ने कहा कि हम मुद्दों पर चर्चा करने से नहीं डरते। संसद का बहिष्कार हम नहीं करते। सरकार के पास डरने या छिपाने जैसा कुछ भी नहीं है। उन्होंने कहा कि वंदेमातरम् पर चर्चा को टालने की यह मानसिकता नई नहीं है। गृह मंत्री ने कहा कि इस संसद में राष्ट्र गीत के गान को बंद करवा दिया गया था। उन्होंने कहा कि 1992 में भाजपा सांसद राम नाईक ने संसद में राष्ट्र गीत को गाने का मुद्दा अल्पकालिक चर्चा के माध्यम से उठाया था तथा तत्कालीन नेता प्रतिपक्ष लालकृष्ण आडवाणी ने लोकसभा अध्यक्ष से कहा था कि इस महान सदन में राष्ट्र गीत का गान होना चाहिए। फिर 1992 में सर्वानुमति से लोकसभा ने राष्ट्र गीत के गान की शुरुआत की।

### दो छंदों का निर्णय केवल नेहरू का नहीं था : खरगे

राज्यसभा में हुई बहस के दौरान विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह चर्चा बंगाल चुनावों को ध्यान में रखते हुए शुरू की है और सरकार जनता की असली समस्याओं से ध्यान हटाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने भाजपा नेताओं पर जवाहरलाल नेहरू का अपमान करने का आरोप लगाते हुए कहा कि वंदेमातरम् के पहले दो छंदों को राष्ट्रीय गीत के रूप में अपनाने का निर्णय केवल नेहरू का नहीं था। कांग्रेस कार्यसमिति ने जब इस निर्णय को मंजूरी दी तब महात्मा गांधी, सुभाष चंद्र बोस, मदन मोहन मालवीय और आचार्य जेबी कृपलानी मौजूद थे। यह उनका संयुक्त निर्णय था। अकेले नेहरू जी को क्यों निशाना बनाया जा रहा है। हम हमेशा वंदेमातरम् कहते आए हैं। खरगे ने अपने संबोधन की शुरुआत वंदेमातरम् के नारे से की।

## न्यूज ब्रीफ

### दिल्ली विस्फोट मामले में आठवां आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली। एनआईए दिल्ली विस्फोट मामले में आठवीं गिरफ्तारी की है। एनआईए के प्रवक्ता ने बताया कि मुख्य आरोपी डॉ. बिलाल नसीर मल्ला जम्मू-कश्मीर के बारामूला का निवासी है और उसे राष्ट्रीय राजधानी से गिरफ्तार किया गया। संघीय एजेंसी ने एक बयान में कहा कि उसने जांच के दौरान 10 नवंबर को लाल किला क्षेत्र में हुए आतंकवादी हमले के पीछे की साजिश में बिलाल की संलिप्तता पाई है, जिसमें 15 लोग मारे गए थे और कई अन्य घायल हो गए थे।एनआईए की जांच के अनुसार, बिलाल ने जानबूझकर मृत आरोपी उमर उन नबी को आश्रय दिया और उसे लॉजिस्टिक सहायता प्रदान की। उस पर आतंकवादी हमले से संबंधित सबूत नष्ट करने का भी आरोप है, एनआईए इस घातक विस्फोट के पीछे की साजिश की जांच कर रहा है।

### जुबिन गर्ग को मरणोपरांत डॉक्टर आफ लिटरेचर की मानद उपाधि

गुवाहाटी। गायक जुबिन गर्ग को कॉटन यूनिवर्सिटी ने मंगलवार को मरणोपरांत डॉक्टर ऑफ लिटरेचर की मानद उपाधि प्रदान की। राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने विवि के चौथे दीक्षांत समारोह के दौरान डॉक्टर ऑफ लिटरेचर की मानद उपाधि प्रदान की। जुबिन गर्ग की बहन डॉ. पाल्मे बड़ठाकुर ने यह मानद उपाधि प्राप्त की।

### घर से निकलते ही ग्रामीण को गुलदार ने मार डाला

चम्पावत। चम्पावत में मंगलवार तड़के घात लगाए बैठे गुलदार ने ग्रामीण को घर से निकलते ही मार डाला। बीते माह भी गुलदार ने एक ग्रामीण को शिकार बनाया था। बाराकोट विकासखंड में च्यूरानी ग्राम पंचायत के धरगड़ा तोक में जल संस्थान कर्मी देव सिंह अधिकारी (45) पुत्र कल्याण सिंह मंगलवार तड़के करीब 5:30 बजे शौच को निकला था। लेकिन लौटा नहीं। खोजबीन में घर से कुछ दूर देव का अधखाया शव मिलने पर सनसनी फैल गई। आक्रोशित ग्रामीणों ने तीखा रोष जताते हुए वन विभाग से गुलदार को नरभक्षी घोषित कर मारने की मांग की। संबंधित पेज-9

# व्यवस्था सुधारने के नाम पर लोगों को परेशान नहीं किया जाना चाहिए: मोदी

## प्रधानमंत्री का संदेश - तीसरे कार्यकाल की प्राथमिकता लोगों की जिंदगी को आसान बनाना

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि व्यवस्था सुधारने के नाम पर लोगों को अनावश्यक रूप से परेशान नहीं किया जाना चाहिये। मोदी ने संसद परिसर में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की संसदीय दल की बैठक में कहा कि नियम और कानून जरूरी है लेकिन व्यवस्था को सुधारने के नाम पर जनता को असुविधा देना उचित नहीं है। किसी भी हाल में लोगों को परेशान नहीं किया जाना चाहिए। किसी भी कानून या नियम में ऐसा प्रावधान नहीं होना चाहिए जिससे आम आदमी को परेशानी हो।


संसदीय दल की बैठक में प्रधानमंत्री मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह और जेपी नड्डा।

- **अनावश्यक पेपरवर्क और लंबे फार्म की व्यवस्था को समाप्त करना केंद्र सरकार का उद्देश्य**

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश अब पूरी तरह रिफॉर्म एक्सप्रेस के चरण में है, जहां सुधार तेज, स्पष्ट और नागरिक-केंद्रित हैं। उनका कहना था कि सरकार का लक्ष्य लोगों की रोजमर्रा की परेशानियों को दूर करना है, ताकि वे अपनी पूरी क्षमता के साथ आगे बढ़ सकें। उन्होंने कहा कि सरकार के सुधार सिर्फ अर्थव्यवस्था या राजस्व पर केंद्रित नहीं है, ये पूरी तरह से नागरिक-केंद्रित हैं। केंद्र सरकार का उद्देश्य अनावश्यक पेपरवर्क और लंबे फार्म की व्यवस्था को समाप्त करना है।

प्रधानमंत्री ने इस बात पर बल दिया कि सरकार का लक्ष्य लोगों की रोजमर्रा की परेशानियां दूर करना है, ताकि वे अपनी पूरी क्षमता से आगे बढ़ सकें। बैठक के बाद संवाददाताओं को जानकारी देते हुए केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि मैं इस बात पर बल देना चाहता हूं कि नरेन्द्र मोदी सरकार की रिफॉर्म एक्सप्रेस चल पड़ी है और अब यह रुकेगी नहीं। यह सुधार देश के हर नागरिक की जिंदगी बदलने के लिए है। सुधार का असली मतलब है-हर नागरिक के जीवन में बेहतरी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने इस पर बल दिया कि जो भी कानून बनाया जाए, उसमें ऐसा कोई प्रावधान नहीं होना चाहिए जो किसी नागरिक के लिए नुकसानदेह हो या उसे परेशान करे। नियम और कानून आम लोगों के लिए बोझ नहीं होने चाहिए।

### नागरिकों को सेवाएं उनके घर के द्वार पर मिलनी चाहिए

मोदी ने कहा कि वह 30-40 पन्नों वाले फॉर्म और बेवजह की कागजी कार्रवाई की संस्कृति खत्म करना चाहते हैं। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि नागरिकों को सेवाएं उनके घर के द्वार पर मिलनी चाहिए और बार-बार एक ही जानकारी जमा कराने की व्यवस्था को पूरी तरह खत्म करने की जरूरत है। प्रधानमंत्री ने याद दिलाया कि सरकार ने लोगों पर भरोसा दिखाते हुए स्व-प्रमाणन की सुविधा दी थी, और पिछले 10 वर्षों में इसका कोई दुरुपयोग नहीं हुआ है, यह व्यवस्था बिल्कुल सफल साबित हुई है। सूत्रों के मुताबिक, मोदी ने यह भी रेखांकित किया कि जीवन सुगमता और कारोबार सुगमता दोनों ही उनकी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताएं हैं।

# बनभूलपुरा पर सुप्रीम फैसला आज, 15 गिरफ्तार


बनभूलपुरा क्रॉसिंग के पास गौला पुल पर वाहन चेकिंग करते हुए पुलिसकर्मी।

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** बनभूलपुरा रेलवे अतिक्रमण मामले में सुप्रीम कोर्ट के आज संभावित फैसले को देखते हुए हल्द्वानी हाई अलर्ट पर है। कानून और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने एहतियातन 15 लोगों को गिरफ्तार किया है। वहीं, दो मौलानाओं समेत 15 लोगों को मुचलका पाबंद किया गया है। इनमें मौलाना आसिम कासमी पर पाबंद कार्यवाही चर्चा का विषय बनी है।

एसपी सिटी मनोज कत्याल ने बताया कि, सुरक्षा के मद्देनजर ऐसे लोगों को चिह्नित किया जा रहा था, जो माहौल बिगाड़ सकते हैं या लोगों को हिंसा के लिए उकसा सकते हैं। ऐसे 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिन्हें बुधवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा। वहीं, मौलाना असीम कासमी और एक अन्य मौलाना समेत 15 लोगों को नोटिस तामील कराते हुए मुचलका पाबंद किया गया है। बनभूलपुरा स्थित बिलाल मस्जिद के मौलाना कासमी से पिछले दिनों दिल्ली पुलिस ने दिल्ली बम धमाके के मामले में कई घंटे पूछताछ कर छोड़ दिया था। इससे पहले भी पुलिस ने 21 लोगों को गिरफ्तार और 121 लोगों को नोटिस तामील कराए थे। उधर, मंगलवार को पुलिस और पैरा मिलिट्री फोर्स ने बनभूलपुरा क्षेत्र में फुट मार्च निकाला। एंट्री प्वाइंटों पर सघन चेकिंग की गई। एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने कहा कि, क्षेत्र में एरिया डॉमिनेशन, व्यापक चेकिंग और संदिग्धों पर प्रीवेंटिव एक्शन की कार्यवाही जारी है। संबंधित पेज-3

# इंडिगो पर सरकार सख्त, रूट में 10 प्रतिशत कटौती का आदेश

नयी दिल्ली, एजेंसी



- **नागरिक उड्डयन मंत्री ने कहा कि विमानन कंपनी को यात्रियों को परेशानी में डालने की इजाज़त नहीं**
- **चालक दल के रोस्टर के सही न होने के कारण हुई अराजकता के लिए इंडिगो जिम्मेदार**

सरकार ने पिछले कुछ दिनों में बड़ी संख्या में उड़ानें रद्द करने वाली विमान सेवा कंपनी इंडिगो को उसके रूट में 10 प्रतिशत की कटौती का आदेश दिया है। नागरिक उड्डयन मंत्री के. राम मोहन नायडू ने मंगलवार को इंडिगो के सीईओ पीटर एलबर्स को तलब किया था। बैठक के बाद नायडू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मंत्रालय की राय में इंडिगो की कुल रूटों में कटौती अनिवार्य है, ताकि एयरलाइन के परिचालन में स्थिरता आ सके और कम उड़ानें रद्द हों। दस प्रतिशत की कटौती का आदेश दे दिया गया है। इस आदेश का पालन करते हुए इंडिगो पहले की तरह अपने सभी गंतव्यों पर उड़ानें जारी रखेगी।

इससे पहले नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने आठ दिसंबर को एक नोटिस जारी कर इंडिगो से उसकी उड़ानों की संख्या में पांच प्रतिशत की कटौती का निर्देश दिया था। श्री नायडू ने अपने पोस्ट में कहा है कि चालक दल के सदस्यों की ड्यूटी से संबंधित इंडिगो के आंतरिक कुप्रबंधन के कारण पिछले सप्ताह बड़ी संख्या में यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा है। जांच और अन्य जरूरी कार्यवाही जारी है। इंडिगो के शीर्ष प्रबंधन के साथ एक और बैठक हुई। आज फिर इंडिगो के सीईओ पीटर एलबर्स को अपडेट देने के लिए मंत्रालय में तलब किया गया था। बैठक में एलबर्स ने बताया कि छह दिसंबर तक रद्द उड़ानों के लिए शत-प्रतिशत रिफंड जारी कर दिया गया है। मंत्री ने छह दिसंबर के बाद की रद्द उड़ानों के लिए भी जल्द से जल्द रिफंड जारी करने और हवाई अड्डों पर अटके सामान यात्रियों तक पहुंचाने की हिदायत दी।

इस बीच नायडू ने लोकसभा में कहा कि किसी भी विमानन कंपनी को...चाहे वह कितनी भी बड़ी क्यों न हो, योजना की विफलताओं एवं नियमों का पालन न करने के कारण यात्रियों को परेशानी में डालने की इजाज़त नहीं दी जाएगी। नायडू ने कहा कि डीजीसीए ने इंडिगो को पहले ही नोटिस जारी कर दिया है और उसको चालक दल के रोस्टर के सही न होने के कारण उत्पन्न अराजकता के लिए पूरी तरह से जिम्मेदार ठहराया जा रहा है।

### मंगलवार को भी 422 उड़ानें रद्द रहीं

मुंबई। इंडिगो की उड़ानों में व्यवधान आठवें दिन भी जारी रहा और विमानन कंपनी ने मंगलवार को छह हवाई अड्डों से 422 उड़ानें रद्द कर दीं। कुल 422 उड़ानों में से दिल्ली हवाई अड्डे पर 152 और बेंगलुरु हवाई अड्डे पर 121 उड़ानें रद्द हुईं। हैदराबाद में इंडिगो की 58 उड़ानें रद्द हुईं, जबकि मुंबई में 41 उड़ानें रद्द की गईं। इसके अलावा चेन्नई हवाई अड्डे से 50 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी हैं।

### पटरी पर लौटा परिचालन : सीईओ का दावा

मुंबई। इंडिगो ने मंगलवार को दावा किया कि कंपनी का विमान परिचालन पटरी पर लौट आया है और वह ग्राहकों को रद्द एवं विलंबित उड़ानों के टिकट का शुल्क लौटाने सहित सभी मुद्दों का समाधान करने में जुटी है। इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने अपने नए वीडियो संदेश में कहा कि उन ग्राहकों को टिकट का पूरा शुल्क लौटाने की प्रक्रिया दैनिक आधार पर जारी है, जिनकी उड़ानें रद्द कर दी गई थीं या विलंबित थीं।

# वोटर लिस्ट मामले में सोनिया गांधी को अदालत का नोटिस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की एक अदालत ने कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी को भारत की नागरिकता हासिल करने से पहले 1980 में वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने के आरोप से संबंधित मामले में मंगलवार को नोटिस जारी किया। यह नोटिस मजिस्ट्रेट अदालत के फैसले को चुनौती देने वाली पुनरीक्षण याचिका पर जारी किया गया है। इस फैसले में मजिस्ट्रेट अदालत ने कथित जाली दस्तावेज़ों की मदद से वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने के लिये सोनिया गांधी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश देने से इनकार कर दिया गया था। राउज एवेन्यू अदालत में पुनरीक्षण याचिका दायर कर सोनिया गांधी के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही की मांग की गयी है।

- **नागरिकता हासिल करने से पहले 1980 में वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने का मामला**

# नैनीताल में ब्रिटिशकालीन भवन खाक

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचारः** मल्लीताल स्थित घनी आबादी में चीना बाबा मंदिर के पास स्थित ब्रिटिशकालीन पापुलर कंपाउंड इमारत में आग लग जाने से शिशु मंदिर और एक घर पूरी तरह जलकर खाक हो गया।

शाम करीब 19:15 बजे पापुलर कंपाउंड बिल्डिंग में स्थित शिशु मंदिर से यकायक धुआं उठने लगा। देखते ही देखते आग ने व्यापक रूप ले लिया। आग ने पूरे शिशु मंदिर को अपनी चपेट में ले लिया। स्कूल के अंदर प्रधानाचार्य और उनका परिवार था लेकिन समय रहते सभी को बाहर निकाल लिया गया। कुछ ही देर में आग ने इसी बिल्डिंग में स्थित अशोक साह ठुलघरिया के मकान को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना मिलते ही पुलिस और अग्निशमन बल मौके पर पहुंच गया। करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। हालांकि इस अग्निकांड में किसी प्रकार के जान-माल का नुकसान न होना बताया गया।



नैनीताल के चीना बाबा स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में लगी भीषण आग।

- **सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल की बिल्डिंग में हुआ हादसा**
- **प्रधानाचार्य समेत तीन को सुरक्षित बचाया गया**

**विकास की बात** | मुख्यमंत्री धामी ने केंद्रीय मंत्री से की भेंट, कृषि, ग्रामीण विकास एवं आपदा प्रभावित अवसंरचना से जुड़े मुद्दों पर की चर्चा

# राज्य की सड़कों के लिए केंद्र से 1700 करोड़ की मंजूरी

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से भेंट कर प्रदेश की कृषि व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, ग्रामीण विकास को गति देने तथा हाल ही में आई प्राकृतिक आपदा से प्रभावित अवसंरचना के पुनर्निर्माण से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की।

बैठक के दौरान राज्य की 184 ग्रामीण सड़कों के निर्माण के लिए 1700 करोड़ रुपये की मंजूरी प्रदान की गई, जिनकी कुल लंबाई 1228 किलोमीटर होगी। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री के साथ प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) से जुड़े विषयों पर भी विस्तृत चर्चा की। मुख्यमंत्री ने बताया कि हाल की प्राकृतिक आपदा में प्रदेश की 946 सड़कें और 15 पुल गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं, जिनके पुनर्निर्माण के लिए लगभग 650 करोड़ रुपये की आवश्यकता है। कहा कि सीमित संसाधनों वाले पर्वतीय राज्य के लिए यह क्षति अत्यंत चुनौतीपूर्ण है और ऐसी स्थिति में केंद्र से विशेष सहयोग अपेक्षित है, ताकि प्रभावित अवसंरचना का त्वरित पुनर्निर्माण किया जा सके। मुख्यमंत्री ने हाल की आपदा से क्षतिग्रस्त लगभग 5900 घरों की मरम्मत के लिए भी उत्तराखंड को आवश्यक धनराशि उपलब्ध कराने का भी आग्रह किया।

केंद्रीय मंत्री ने मुख्यमंत्री द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों पर सकारात्मक प्रतिक्रिया व्यक्त की। इस दौरान सांसद महेन्द्र भट्ट भी मौजूद रहे।


केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान से भेंट करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

### प्रतिवर्ष 200 करोड़ के बजट का आग्रह

सीएम ने बताया कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में उत्तराखंड में कृषि क्षेत्र को सुदृढ़ बनाने के लिए निरंतर प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। राज्य के करीब 90 प्रतिशत किसान लघु एवं सीमांत श्रेणी के हैं और फसलों को जंगली जानवरों से होने वाली क्षति एक गंभीर चुनौती है। इस संदर्भ में उन्होंने राष्ट्रीय कृषि विकास योजना-डीपीआर योजना के तहत घेराबंदी कार्यों को शामिल करने पर केंद्र सरकार का धन्यवाद किया। साथ ही, फसलों की सुरक्षा और उत्पादन वृद्धि के लिए अलग से बजट की आवश्यकता पर बल देते हुए आगामी पांच वर्षों तक प्रतिवर्ष 200 करोड़ रुपये के बजट की व्यवस्था करने का आग्रह किया। सीएम ने नमामि गंगे क्लीन अभियान हेतु वर्ष 2025-26 के लिए स्वीकृत 98 करोड़ रुपये शीघ्र जारी करने का भी आग्रह किया।

अमृत विचार

हल्द्वानी , बुधवार, 10 दिसंबर 2025



## स्टेट ब्रीफ

### राजा बहुगुणा की स्मृति में होगी स्मृति सभा

**हल्द्वानी :** भाकपा माले के केंद्रीय कंट्रोल कमीशन के चेयरमैन और उत्तराखंड के राज्य सचिव रहे कामरेड राजा बहुगुणा की याद में 14 दिसंबर को नगर निगम सभागार में स्मृति सभा की जाएगी। जिला सचिव डॉ. कैलाश पांडेय ने बताया कि कामरेड राजा बहुगुणा का 28 नवंबर को आकस्मिक निधन हुआ था। प्रदेश के विभिन्न जनसंघर्षों में नेतृत्व किया और जिन्होंने सारी मेहनतकशों की आवाज बनकर काम किया।

### नौकुचियाताल में सफाई अभियान चलाया

**भीमताल :** नौकुचियाताल में सुबह आठ बजे चनौती बोट स्टैंड से झील के किनारे पर सफाई अभियान चलाया गया। उसके बाद नगर पालिका भीमताल की कूड़ा गाड़ी द्वारा उक्त कूड़े को निस्तारण के लिए भेजा गया। सफाई अभियान में सहयोग देने द लेक रिजॉर्ट, नौकुचिया हाउस, गडानी स्टे, हैप्पी आउल, मुस्टैंग आदि होटलों के स्वामी और उनके सहयोगी मौजूद रहे। अनिल चनौतिया, प्रत्यूष चनौतिया, सानवी चनौतिया, अनुश्री जोशी, दिनेश चन्द्र, अंकित चौहान, कुंदन सिंह बिष्ट, कैलाशआर्य, संजीव कुमार, जीवन आर्य, विवेकशर्मा, मीना कोरंगा, सचिन विष्ट, वैभव शर्मा, अभिषेक पाण्डेय, गंगा विश्वकर्मा, राहुल ब्रजवासी, महेश ब्रजवासी, नवीन सिंह व सागर कुमार ने सहयोग किया ।

### बाढ़ नियंत्रण कक्ष को बचाने की कवायद में जुटा महकमा

**रामनगर :** बरसात में रामनगर क्षेत्र में आई बाढ़ से क्षेत्र में उफान पर आई नदियों ने कई इलाकों में तबाही मचाई। मोहान क्षेत्र में बड़े पैमाने पर क्षति हुई थी। कोसी नदी का लगातार कटाव रामनगर के कोसी बैराज क्षेत्र के लिए भी बड़ा खतरा बन गया था। प्रशासन के अनुसार, कोसी नदी लंबे समय से बैराज क्षेत्र में कटाव कर रही है जिसके चलते नदी किनारे स्थित सिंचाई विभाग का बाद नियंत्रण कक्ष भी खतरे की जद में आ चुका था। नदी के तेज बहाव और नीचे की ओर लगातार कटाव होने के कारण इसकी की नींव तक प्रभावित होने का खतरा बढ़ने लगा था। सिंचाई विभाग ने कोसी नदी के किनारे सुरक्षा को ब्लॉक निर्माण का कार्य शुरू कर दिया गया है। सिचाई विभाग के एई राजीव खनौलिया के अनुसार, ब्लॉक निर्माण के पूरा होने के बाद नदी के प्रवाह को स्थिर करने में मदद मिलेगी।

## नैनीताल के सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में भीषण आग, फायर फाइटर्स आग की लपटों की चपेट में आने से बाल-बाल बचे

# धमाके के साथ भड़की आग, भयावह हुई

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** मल्लीताल क्षेत्र में घनी आबादी और होटलों से घिरे चीना बाबा मंदिर के पास स्थित सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में भीषण आग भड़कने से हड़कंप मच गया। देखते ही देखते पूरे क्षेत्र में घना धुआं फैल गया। आग की भीषणता को देखते हुए हल्द्वानी, भीमताल और भवाली से भी फायर ब्रिगेड बुला ली गई।

पुलिसकर्मियों और फायर फाइटर्स ने स्कूल के आसपास सुरक्षा घेरा बनाते हुए आग को बुझाना शुरू किया। स्थानीय निवासियों ने बताया कि स्कूल के



सरस्वती शिशु मंदिर में लगी भीषण आग को बुझाते फायर फाइटर्स।

भीतर चीड़ की लकड़ियां रखी हुई थीं, जिससे आग तेजी से फैल गई और उस पर काबू पाना मुश्किल हो गया। एक बार को तो आग धमाके के साथ तेजी से भड़की, जिस दौरान आग बुझाने में जुटे फायर फाइटर्स इसकी लपटों की चपेट में आने से बाल-बाल बचे। हालांकि गनीमत यह रही कि स्कूल में उस समय मौजूद प्रधानाचार्य रमेश तिवारी, एक बच्चे और पालतू कुत्ते को समय रहते रेस्क्यू कर लिया गया। जैसे ही क्षेत्रीय लोगों को आग लगने की सूचना मिली, वह सभी आग बुझाने के लिए तत्परता से जुट गए। फायर फाइटर्स का पूरा जोर इस पर था कि चारों तरफ होटल होने के कारण आग को फैलने से किसी तरह रोका लाए। हालांकि देर रात तक आग के बड़े हिस्से को बुझा दिया गया जबकि भीतर चीड़ की लकड़ियों में लगी आग को पूरी तरह से नियंत्रित करने का प्रयास जारी रहा। अधिकारियों के अनुसार, नुकसान का पूरा आकलन करने के बाद ही स्पष्ट किया जा सकेगा।



नैनीताल के चीना बाबा स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में लगी भीषण आग के दौरान जमा हुई भीड़। ● अमृत विचार

# राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं का सुदृढ़ विस्तार

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 142 नवनियुक्त असिस्टेंट प्रोफेसर्स को प्रदान किए नियुक्ति पत्र

- आयुष्मान में 17 लाख से ज्यादा मरीजों का 3300 करोड़ से अधिक का कैशलेस उपचार

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार, प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और सुदृढ़ीकरण पर निरंतर कार्य कर रही है। प्रत्येक नागरिक को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सकीय सुविधाएं सस्ती दरों पर उपलब्ध कराई जा रही हैं।

मुख्यमंत्री ने मुख्य सेवक सदन में आयोजित कार्यक्रम में चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड के माध्यम से चयनित राजकीय मेडिकल कॉलेजों में 142 असिस्टेंट प्रोफेसर्स को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। उन्होंने आह्वान किया कि, सभी असिस्टेंट प्रोफेसर्स अपने छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और प्रशिक्षण प्रदान करने के साथ उनके भीतर संवेदनशीलता, सहानुभूति और सेवा की भावना भी विकसित करें जिससे वे कुशल और दक्ष चिकित्सक बनने के साथ समाज के प्रति अपने कर्तव्यों और मानवता के प्रति अपने उत्तरदायित्व को भी पूरी सत्यनिष्ठा से निभाएं।

सीएम ने कहा कि, आयुष्मान योजना में अब तक 61 लाख आयुष्मान कार्ड बांटे गए हैं, जिसके माध्यम से राज्य के 17 लाख से ज्यादा मरीजों का 3300 करोड़ रुपये से अधिक का कैशलेस उपचार किया गया है। सरकार प्रत्येक जिले में एक मेडिकल कॉलेज स्थापित कर रही है जिससे सुदूरवर्ती क्षेत्रों के लोगों को उनके जिले में ही आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। इनमें से पांच मेडिकल कॉलेज पहले से ही संचालित हैं, जबकि दो और का निर्माण प्रगति पर है। देहरादून, हल्द्वानी और श्रीनगर मेडिकल कॉलेजों में सुपर स्पेशियलिटी विभाग भी स्थापित किए गए हैं।



एक असिस्टेंट प्रोफेसर को नियुक्ति पत्र प्रदान करते सीएम पुष्कर सिंह धामी।

### अब न धांधली और ना ही भ्रष्टाचार

सीएम ने कहा कि, राज्य में पहले भर्तियों में भारी पक्षपात, धांधली और भ्रष्टाचार हुआ करता था। हमने राज्य में देश का सबसे सख्त नकल विरोधी कानून लागू किया। आज सभी चयन प्रक्रियाएं मेरिट के आधार पर सुनिश्चित की जा रही हैं, जिससे योग्य उम्मीदवारों को उनके कौशल और परिश्रम का पूरा लाभ मिल रहा है। अब तक प्रदेश के लगभग 27 हजार युवा सरकारी नौकरी पाने में सफल हुए हैं। जहां भी पद रिक्त हैं, उन्हें जल्द से जल्द आयोग के माध्यम से भरा जाएगा।

### अगले सत्र में दो मेडिकल कॉलेज

कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि वर्तमान में मेडिकल कॉलेज में 62 प्रतिशत स्थायी फैकल्टी हैं, ये संख्या और बढ़ने वाली है। पिथौरागढ़ और रुद्रपुर मेडिकल कॉलेज अगले सत्र से शुरू हो जाएंगे। राज्य के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में 625 छात्र एमबीबीएस और 256 छात्र पीजी के हैं। राज्य में करीब 100 कॉलेज हैं, जिसमें 14 हजार छात्र हर साल नर्सिंग की पढ़ाई कर रहे हैं। हाल ही में नियुक्त हुए 3000 नर्सिंग स्टाफ में 100 प्रतिशत लोग उत्तराखंड के हैं। राज्य में 32 लाख लोगों की नि :शुल्क जांच, 350 लोगों को एयर एम्बुलेंस से हायर सेंटर रेफर किया गया है। इस दौरान स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार, निदेशक चिकित्सा शिक्षा डॉ. अजय आर्य एवं मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य मौजूद रहे।

### हेल्थ सेक्टर में जल्द 956 नियुक्तियां



सीएम ने कहा कि, सभी सरकारी अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में स्टाफ की कमी को दूर किया जा रहा है। 142 असिस्टेंट प्रोफेसरों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए हैं। 356 असिस्टेंट प्रोफेसरों की नियुक्ति की प्रक्रिया भी गतिमान है। 1248 नर्सिंग अधिकारियों और 170 टैक्निशियनों को भी नियुक्तियां प्रदान की गई हैं और करीब 600 नर्सिंग अधिकारियों की चयन प्रक्रिया भी गतिमान है।

### हल्द्वानी में पहला आधुनिक कैंसर संस्थान

मुख्यमंत्री ने कहा कि, हल्द्वानी में राज्य के प्रथम आधुनिक कैंसर संस्थान का निर्माण कार्य प्रगति पर है। हेली एंबुलेंस, आपातकालीन परिस्थितियों में सुदूरवर्ती क्षेत्रों के लोगों के लिए जीवन रक्षक साबित हो रही है। राज्य में मरीजों को पैथोलॉजिकल जांचों की नि :शुल्क सुविधा के साथ टेलीमेडिसिन सेवाओं के माध्यम से दूरदराज के गांवों में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा परामर्श सुविधा प्रदान की जा रही है।

# दून महानगर को सीएम ने दी 46 करोड़ की सौगात

- दून महानगर को सीएम ने दी 46 करोड़ की सौगात
- नगर निगम के 27वें स्थापना दिवस समारोह को किया संबोधित

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून नगर निगम के 27वें स्थापना दिवस समारोह में देहरादून महानगर को 46 करोड़ रुपये से अधिक की सौगात देते हुए विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार देहरादून को एक आधुनिक और विकसित शहर बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। देहरादून में जहां स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शहर में ठोस कचरा प्रबंधन और सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा रहा है। वहीं, स्मार्ट सिटी मिशन, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, अमृत मिशन, खुले में शौच मुक्त अभियान और लीगेसी वेस्ट प्रबंधन जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से नागरिकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है। देहरादून को एक आधुनिक शहर के रूप में स्थापित करने के लिए सरकार 14 सौ करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं पर कार्य कर रही है। शहर में कचरा प्रबंधन के लिए आधुनिक मैकेनाइज्ड ट्रांसफर स्टेशन का निर्माण किया गया है, वहीं, कूड़ा वाहनों की रियल-टाइम मॉनिटरिंग के लिए इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर की स्थापना भी की है। हरित और स्वस्थ देहरादून बनाने के लिए शहर में विभिन्न स्थानों पर 35 पार्कों का निर्माण भी कराया गया है। राज्य सरकार के प्रयासों से केंद्र सरकार द्वारा नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के अंतर्गत किए गए स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में देहरादून ने देशभर में 19वां स्थान हासिल किया है। सर्वोच्च स्वच्छ शहरों की राष्ट्रीय स्वच्छता रैंकिंग में भी देहरादून ने उल्लेखनीय सुधार कर इस वर्ष 62वां स्थान प्राप्त किया है। मेयर सौरभ थपलियाल, कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, विधायक खजान दास, विनोद चमोली, उमेश शर्मा काऊ, नगरायुक्त नमामि बंसल यहां मौजूद रहे।

# महिला कांग्रेस का मुख्यालय कूच

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** नर्सिंग बेरोजगारों के प्रदर्शन के दौरान महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिला नर्सिंग अभ्यर्थी को कथित तौर पर थप्पड़ मारने की घटना के विरोध में मंगलवार को महिला कांग्रेस की कार्यकर्ताओं ने देहरादून पुलिस मुख्यालय कूच किया।

प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्योति रौतेला के नेतृत्व में किए प्रदर्शन में बेरोजगार नर्सिंग अभ्यर्थियों की भी मौजूदगी रही। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस मुख्यालय से पहले सुभाष रोड पर बैरिकेडिंग लगाकर रोक दिया गया, जहां उन्होंने बैरिकेडिंग पर चढ़कर सरकार का पुतला दहन करते हुए नारेबाजी की। पुलिस ने नर्सिंग बेरोजगारों, कांग्रेस कार्यकर्ताओं को बसों से एकता विहार स्थित धरना स्थल छोड़ दिया। ज्योति रौतेला ने आरोप लगाया कि सरकार युवाओं की आवाज सुनने के बजाय उन पर शक्ति प्रदर्शन कर रही है। कांग्रेस ने दोषी पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई करने, घटना की निष्पक्ष जांच कराने, नर्सिंग की वर्षवार भर्ती निकालने, नर्सिंग के लंबित रिक्त पदों पर पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया तुरंत शुरू करने की मांग उठाई है।



प्रदर्शन करतीं महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं को हटातीं महिला पुलिसकर्मी।

### कांग्रेस का प्रदर्शन राजनैतिक नौटंकी

भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष रुचि भट्ट ने महिला कांग्रेस के प्रदर्शन को राजनीतिक नौटंकी करार दिया। स्पष्ट किया कि जो दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम नर्सिंग आंदोलनकारी और महिला कांस्टेबल के बीच हुआ, उसकी जांच की जा रही है। सभी पक्षों से पुलिस प्रशासन जानकारी ले रहा है। जो भी दोषी पाया जाएगा या जहां भी त्रुटि पाई जाएगी, उस पर उचित कार्रवाई होना निश्चित है। इस पूरे मसले पर किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने की इजाजत नहीं दी का सकती है।

## सोपान प्रशिक्षण व जांच शिविर में निकाली रैली

**हल्द्वानी :** लक्ष्मी शिशु मंदिर में भारत स्काउट्स व गाइड्स की जिला संस्था की ओर से चार दिवसीय तृतीय सोपान प्रशिक्षण व जांच शिविर आयोजित हो रहा है।

मंगलवार को प्रथम सत्र में स्काउट एवं गाइड्स कैडेट्स बुलबुल, रोवर रेंजर की जन चेतना रैली का आयोजन किया गया। जिसमें करीब 400 कैडेट्स ने हिस्सा लिया। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ एसएसपी नैनीताल मंजूनाथ टीसी ने किया। उन्होंने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। एसएसपी ने कहा कि संस्था जिला मुख्यायुक्त के नेतृत्व में उत्कृष्ट कार्य कर रही है। उन्होंने प्रतिभागियों को समाज हित में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित किया। द्वितीय सत्र में विभिन्न प्रकार के कैंपियर आर्ट एंड क्राफ्ट, फर्स्ट एड, गांठ बंधन और टेंट पिचिंग से जुड़ी दक्षताएं सिखाई गईं।

# अध्यक्ष पर 4, महासचिव के लिए 3 के नामांकन

- हाईकोर्ट बार एसोसिएशन चुनाव: आज जांच और नाम वापसी

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की चुनावी प्रक्रिया में मंगलवार को अध्यक्ष पद के लिए 4 व महासचिव के लिए 3 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। आज नामांकन पत्रों की जांच और नाम वापसी होगी जबकि गुरुवार को उम्मीदवारों की सूची जारी होगी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी कुर्बान अली व मुख्य सलाहकार रविन्द्र बिष्ट की मौजूदगी में अध्यक्ष पद के लिए मनीषा भंडारी, डीसीएस रावत, अंजली भार्गव एवं डीके जोशी ने नामांकन किया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए सुशील वशिष्ठ व प्रेम कौशल, कनिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए गौरव कांडपाल, उपाध्यक्ष पद के लिए मीना बिष्ट व चेतना लटवाल, महासचिव के लिए अक्षय लटवाल, भूपेन्द्र सिंह कोरंगा एवं सौरव अधिकारी, उपसचिव (प्रशासन) के लिए विश्वस्त कांडपाल, उपसचिव (प्रेस) के लिए प्रसन्ना कर्नाटक, पुस्तकालय अध्यक्ष के लिए अविदित नौलियाल, कोषाध्यक्ष के लिए शुभ्र रस्तोगी व गुरबानी सिंह द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किए गए। वरिष्ठ कार्यकारिणी के पांच

सदस्यों के लिए मनोज शर्मा, भुवनेश जोशी, शिवांगी गंगवार, सौरभ पांडे, किशन सिंह, निरंजन भट्ट, विश्व प्रकाश बहुगुणा ने व वरिष्ठ कार्यकारिणी के लिए श्रुति जोशी ने नामांकन किया। कनिष्ठ कार्यकारिणी के चार सामान्य सदस्य हेतु विक्रम धपोला, गौरव पंवार, पंकज सेमवाल, रूचित तिवारी, स्वलेहा हुसैन, देवेन्द्र सिंह, नीलम गोदियाल व सिद्धार्थ सिंह नेगी ने तथा कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य हेतु उन्नति पंत ने नामांकन भरा।



नामांकन पत्र जमा करती अध्यक्ष पद की उम्मदीवार अजंली भार्गव। ● अमृत विचार



मैथ्स विजार्ड एवं स्पेलिंग जीनियस प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले विद्यार्थी।

### मैथ्स विजार्ड प्रतियोगिता में वैदेही पंत ने मारी बाजी

**भीमताल :** ओखलकण्डा विकासखण्ड में डालकन्या न्याय पंचायत में न्याय पंचायत स्तरीय मैथ्स विजार्ड एवं स्पेलिंग जीनियस प्रतियोगिता राजकीय प्राथमिक विद्यालय पतलोट में आयोजित हुआ । कार्यक्रम में न्याय पंचायत के राजकीय प्राथमिक विद्यालयों के कक्षा पांच के विद्यार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। मैथ्स विजार्ड प्रतियोगिता में राजकीय प्राथमिक विद्यालय मटेला की छात्रा वैदेही पंत प्रथम एवं कनिष्का परगांई ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इंग्लिश स्पेलिंग जीनियस प्रतियोगिता में राजकीय प्राथमिक विद्यालय मटेला के छात्र करन सिंह बर्गली ने प्रथम एवं राजकीय प्राथमिक विद्यालय मल्ली पोखरी के छात्र गौरव परगांई ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर संकुल संदर्भ व्यक्ति मयंक पनेरु, भवदेव त्रिपाठी, जीवन सिंह चौहान, लता जंगपांगी, लता पांडेय, पुष्पा राणा आदि अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।


# हाईकोर्ट ने महालेखाकार से जवाब मांगा

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र एवं न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने छात्रवृत्ति घोटाले की विशेष जांच (ऑडिट) महालेखाकार से कराने की मांग को लेकर दायर याचिका की सुनवाई करते हुए महालेखाकार और सरकार से दस दिन में स्थिति स्पष्ट करने को कहा है।

याचिकाकर्ता इंटरनेशनल पब्लिक वेलफेयर सोसायटी की ओर से कहा गया कि प्रदेश में वर्ष 2011 से 20214 के मध्य निजी महाविद्यालयों द्वारा अनुसूचित जाति-जनजाति के छात्रों के फर्जी नामांकन के माध्यम से छात्रवृत्ति की धनराशि हड़पने का मामला सामने आया था।

हाईकोर्ट के निर्देश पर इस मामले की जांच एसआईटी की दो टीमें कर रही हैं। अभी जांच पूरी नहीं हो पायी है। इस मामले में अभी तक 156 मामले दर्ज हो चुके हैं और एसआईटी 100 से अधिक लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। वर्ष 2018 से अभियोजन लंबित होने के चलते एससी-एसटी के छात्र उच्च शिक्षा में प्रवेश प्राप्त नहीं कर पा रहे हैं। आपराधिक मुकदमों के समाप्त होने की भी कोई संभावना नजर नहीं आ रही है।



- हाईकोर्ट में याचिका पर सुनवाई, 10 दिन में स्थिति स्पष्ट करने को कहा

## यूपीएससी व केंद्र सरकार को नोटिस

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** हाईकोर्ट ने सिविल सेवा परीक्षा 2024 में अखिल भारतीय स्तर पर 189 वीं रैंक हासिल करने वालीं अनुप्रिया राय को आईपीएस कैडर न देने के खिलाफ दायर याचिका की सुनवाई के बाद संघ लोक सेवा आयोग व सरकार से फिलहाल आईपीएस का एक पद रिक्त रखने को कहा है। साथ ही, यूपीएससी व केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

याचिकाकर्ता का दावा है कि उन्हें उनकी पहली पसंद, भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) से केवल कम ऊंचाई के आधार पर वंचित कर दिया गया। उनके अनुसार, अधिकारियों ने सिविल सेवा परीक्षा, 2024 के लिए उम्मीदवारों की चिकित्सा परीक्षा से संबंधित विनियमों (विनियम) के नियम 8 (3) की गलत व्याख्या की है।

याचिकाकर्ता के वकील ने न्यायालय से अनुरोध किया कि मामले के अंतिम निपटारे तक सिविल सेवा परीक्षा 2024 के आईपीएस कैडर की एक सीट को रिक्त रखा जाए, जैसा कि पहले केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण (कैट) द्वारा निर्देशित किया गया था। न्यायमूर्ति रवींद्र मैठाणी और न्यायमूर्ति आलोक महरा की खंडपीठ ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद अंतरिम राहत प्रार्थना पत्र पर उक्त अंतरिम आदेश पारित किया है। मामले की अगली सुनवाई 11 फरवरी 2026 को होगी।

# सात साल बाद 50 हजारी अनिल तिवारी गिरफ्तार

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** लाखों रुपये की धोखाधड़ी में हरिद्वार से सात साल से वांछित 50 हजार के इनामी धेनु एग्रो लिमिटेड के एमडी अनिल तिवारी को उत्तराखंड सीआईडी ने मुंबई से गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, धेनु एग्रो प्रोड्यूसर लिमिटेड, ज्वालापुर, हरिद्वार के संचालक मूल रूप से आवास विकास कॉलोनी, हंसपुरम, नौबस्ता, कानपुर निवासी अनिल तिवारी पुत्र जागेश्वर तिवारी और देवेंद्र प्रकाश तिवारी पर धोखाधड़ी के आरोप थे। इसकी जांच ईओडब्ल्यू सीआईडी सेक्टर देहरादून द्वारा की जा रही थी। विवेचना में दोनों आरोपियों की हरिद्वार के स्थानीय नागरिकों से आरडी और एफडी कराने के नाम पर विभिन्न बॉन्ड/सर्टिफिकेट जारी कर 12 लाख रुपये से ज्यादा की धोखाधड़ी करने का खुलासा हुआ था। जिसके बाद दोनों के खिलाफ वर्ष 2018 में संबंधित धाराओं में अभियोग दर्ज हुआ था। एडीजी उत्तराखंड की ओर से दोनों वांछितों पर 50-50 हजार का इनाम घोषित किया गया था।

सीआईडी के डिविजनल ऑफिसर मनोज ठाकुर के निर्देशन में गठित टीम ने अनिल तिवारी को कल्याण, मुम्बई से गिरफ्तार किया है, जिसे ट्रांजिट रिमांड पर देहरादून लाया जा रहा है। अनिल के खिलाफ उत्तर प्रदेश के कानपुर जालौन, बरेली, खीरी और रमाबाईनगर में धोखाधड़ी से संबंधित अभियोग दर्ज हैं।

## सिटी ब्रीफ

### फैसला खामोशी से स्वीकार करें: मतीन

**हल्द्वानी :** समाजवादी पार्टी के प्रदेश प्रभारी हाजी अब्दुल मतीन सिद्दीकी ने लोगों से अपील करते हुए कहा है कि 10 दिसंबर को सुप्रीम कोर्ट में हल्द्वानी रेलवे बनाम बस्ती की फाइनल सुनवाई है। बस्ती में रहने वाले लोगों में जो भी आपके या आपके मिलने वालों के सम्पर्क में हों तो उन्हें यहीं समझाएं कि सुप्रीम कोर्ट का जो भी आदेश आए उसे खामोशी से स्वीकार करें। न किसी तरह की खुशी का इजहार करें और न ही किसी तरह की नाराजगी का।

### वन विभाग ने खैर से लदी डीसीएम पकड़ी

**कालाढूंगी :** कालाढूंगी-बाजपुर हाईवे में दोराहे के पास वन विभाग की टीम ने डीसीएम ट्रक में खैर की लकड़ी के 50 नग बरामद किए। डीएफओ उमेश तिवारी ने बताया कि पकड़ी गई खैर की कीमत तीन लाख रुपये के आसपास है। वन कर्मियों ने वाहन को कब्जे में ले लिया। वन अधिनियम के तहत चालक व वाहन स्वामी पर कार्यवाही की जा रही है। मामले जांच कर आरोपियों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

### यूओयू आठ गांवों को लेगा गोद

**हल्द्वानी :** यूओयू में कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी की अध्यक्षता में मंगलवार को निदेशक मंडल की बैठक में निर्णय लिया गया कि विवि के 8 क्षेत्रीय कार्यालय राज्य के अलग-अलग हिस्सों में स्थित 8 गांव गोद लेंगे। बैठक में तय हुआ कि प्रत्येक क्षेत्रीय कार्यालय अपने क्षेत्र के शैक्षिक, आर्थिक और सामाजिक रूप से पिछड़े तीन-तीन गांवों की सूची विवि को भेजेगा। इसके बाद विवि स्तर पर प्राथमिकता के अनुसार प्रत्येक कार्यालय से एक गांव का चयन किया जाएगा।

# फिर आई फैसले की घड़ी, हर गली-नुक्कड़ पर चौकसी कड़ी

## हल्द्वानी में हाई अलर्ट, सुप्रीम कोर्ट के फैसले का विरोध करने वाले होंगे सलाखों के पीछे, फैसले से एक दिन पहले बनभूलपुरा में पुलिस ने दिखाया दम

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बनभूलपुरा रेलवे भूमि अतिक्रमण मामले में आज फैसले की तारीख है।

असलहाबंद पुलिस हर गली, नुक्कड़, चौक और चौराहे पर एक दिन पहले ही तैनात कर दी गई है। बनभूलपुरा की ओर जाने वाले हर रास्ते पर न सिर्फ पुलिस का पहरा है, बल्कि इन रास्ते से गुजरने वालों की कड़ी चेकिंग की जा रही है।

जमीन पर खाकी तो आसमान पर पुलिस के ड्रोन लगातार निगरानी कर रहे हैं। एसएसपी की साफ चेतावनी है कि सुप्रीम कोर्ट से आने वाले फैसले का सम्मान करें और जो विरोध की जुर्रत करेगा वो सलाखों के पीछे होगा। हल्द्वानी को हाई अलर्ट पर रखा गया है।

इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने 2 दिसंबर को फैसला सुनाने की तारीख तय की थी, लेकिन किन्हीं कारणों से तारीख आगे बढ़ गई। पुलिस के आलाधिकारियों ने सैकड़ों पुलिस कर्मियों के साथ मंगलवार को एक बड़ी मीटिंग की। मीटिंग में मौजूद पुलिस कर्मियों को बताया गया कि उनका पूरा फोकस सिर्फ अपनी ड्यूटी पर होना चाहिए। वह किसी से प्रभावित होकर या दबाव में आकर काम नहीं करेंगे।

हल्द्वानी रेलवे स्टेशन में पुलिस फोर्स को भली-भांति ब्रीफ करने के बाद यहीं से फुट मार्च निकाला गया। मार्च सबसे पहले ढोलक बस्ती की उस विवादित गली में दाखिल हुआ, जहां से अतिक्रमण का विवाद शुरू हुआ था।

ढोलक बस्ती के बाद पुलिस और प्रशासन के आलाधिकारी व पुलिस बल गफूर बस्ती, लाइन नंबर 17, इन्द्रानगर बड़ी रोड, मुजाहिद चौक, गोपाल मंदिर, ठोकर, शनि बाजार रोड, छोटी रोड इन्द्रानगर, ठोकर, ताज मस्जिद, 16 नंबर तिराहा, गांधी नगर, बिलाली मस्जिद, लाइन नंबर 8, चोरगलिया रोड, ताज चौराहा, भारद्वाज चौराहा, रेलवे स्टेशन गेट, फर्नीचर लाइन से चोरगलिया रोड आदि क्षेत्रों से फुट मार्च करता हुआ थाना बनभूलपुरा पर पहुंचा।

मार्च के दौरान एसपी नैनीताल डॉ. जगदीश चन्द्रा, अपर जिलाधिकारी विवेक राय, अपर क्षेत्राधिकारी लालकुआं दीपशिखा अग्रवाल, सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल सिंह चौहान, एसडीएम हल्द्वानी राहुल शाह, क्षेत्राधिकारी हल्द्वानी अमित कुमार, क्षेत्राधिकारी रामनगर सुमित कुमार, सीएफओ गौरव किरार, प्रभारी निरीक्षक बनभूलपुरा दिनेश सिंह फर्त्याल सहित रेलवे पुलिस बल के इंस्पेक्टर सुखवंत सिंह, इंस्पेक्टर अब्दुल सलाम खान, इंस्पेक्टर तरुण वर्मा सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।


पुलिस बल के साथ बनभूलपुरा की तंग गलियों में फुट मार्च करते पुलिस व प्रशासन के अधिकारी। ● अमृत विचार



डॉग स्क्वाड के साथ हल्द्वानी बस अड्डे पर पड़ताल करती पुलिस। ● अमृत विचार

### एसएसपी ने की जनमानस से अपील

एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी ने क्षेत्रवासियों से अपील है कि सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का सम्मान करें और अग्रिम कार्यवाही में शासन-प्रशासन का सहयोग करें। शांति व्यवस्था बनाए रखें, अफवाह न फैलाएं, किसी भी तरह की गलत बयानबाजी और किसी प्रकार का व्यवधान करने या कानून व्यवस्था की स्थिति को बिगाड़ने का प्रयास न करें। जनपद पुलिस फील्ड के साथ-साथ सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर भी सतर्क दृष्टि बनाए हुए है, किसी भी तरह से गलत हरकत करने से बचें।

### 3 एएसपी और 4 सीओ की निगरानी में बनभूलपुरा

सुरक्षा और शांति के मद्देनजर बनभूलपुरा क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। सुरक्षा की जिम्मेदारी तीन एएसपी और चार सीओ के कंधों पर होगी। इनके अलावा बनभूलपुरा क्षेत्र में 12 इंस्पेक्टर और थानाध्यक्ष, 45 एसआई और एएसआई, 40 हेड कांस्टेबल और कांस्टेबल, 4 यूनिट फायर, 4 यूनिट टियर गैस और 3 कंपनी पीएसी हर मोर्चे पर मुस्तैद रहेगा। इसके अलावा चार ड्रोन आसमान से लगातार बनभूलपुरा की निगरानी करेंगे।

### पत्थर है सबसे बड़ा हथियार और खूब मौजूद है आसपास

बनभूलपुरा में जब भी हिंसा या छोटे-मोटे विवाद भी सामने आए तो पत्थर सबसे बड़े हथियार के तौर पर इस्तेमाल किया गया। तकरीब डेढ़ साल पहले भी जब बनभूलपुरा में कंपनी बाग (मलिक का बगीचा) से हिंसा से शुरू हुई तो शुरुआत पथराव से हुई। उस वक्त ऐसी पत्थरबाजी हुई कि पुलिस के भी पसीने छूट गए थे। तकरीब दो घंटे तक हिंसाइयों ने पुलिस, प्रशासन, नगर निगम और पत्रकारों पर पत्थर फेंके थे। खास बात तो यह है कि पत्थरबाजों में महिलाएं भी शामिल थीं। अब पुलिस का दावा है कि छतों से पत्थर हटवा दिए गए हैं, लेकिन रेलवे लाइन किनारे बसे इस इलाके में काफी पत्थर हैं। यहां ही मकान भी रोखड़ पर बसे हैं। ऐसे में यहां पत्थरों की कोई कमी नहीं है।


हल्द्वानी मुख्य बाजार में जांच करता बम निरोधक दस्ता। ● अमृत विचार

### आज न जाएं बनभूलपुरा की ओर

पुलिस ने बनभूलपुरा को जीरो जोन में तब्दील करने का फैसला किया है और यह व्यवस्था 10 दिसंबर की सुबह से ही लागू हो जाएगी। पूरे बनभूलपुरा क्षेत्र को पुलिस ने एक तरह से बेरीकेडिंग और पुलिस बल की मदद से घेर लिया है। जीरो जोन के दौरान बनभूलपुरा क्षेत्र में किसी भी तरह के परिवहन पर पाबंदी होगी। सिर्फ परिवहन ही नहीं बल्कि पैदल भी आने-जाने पर मनाही होगी। ऐसे अच्छा यही होगा कि 10 दिसंबर को बनभूलपुरा की ओर न जाएं। बनभूलपुरा में उन्हें दाखिल होने की अनुमति होगी, जिनके पास बनभूलपुरा की लोकल आईडी होगी।

# रेलवे स्टेशन पर चौकसी पर यात्रियों की अनदेखी

संवाददाता, हल्द्वानी

- बनभूलपुरा अतिक्रमण मामले में आज होगी सुनवाई, किसी तरह के बवाल से बचने के लिए ट्रेनों में नहीं हैं इंतजाम

**अमृत विचार :** बनभूलपुरा में रेलवे भूमि पर अतिक्रमण मामले की आज बुधवार को होने वाली महत्वपूर्ण सुनवाई से पहले प्रशासन और पुलिस सतर्क दिखाई दे रही है। रेलवे की ओर से स्टेशन और आसपास के इलाकों में आरपीएफ व जीआरपी की तैनाती बढ़ाई जा रही है, लेकिन इस पूरी कवायद में ट्रेनों में यात्रियों की सुरक्षा नजरअंदाज की गई है।

रेलवे अधिकारियों का दावा है कि हल्द्वानी स्टेशन पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं, लेकिन हल्द्वानी–काठगोदाम मार्ग पर चलने वाली प्रमुख ट्रेनों में किसी अतिरिक्त सुरक्षा बल की तैनाती नहीं की गई। इससे रोजाना सफर करने वाले यात्रियों की सुरक्षा राम भरोसे नजर आ रही है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में भी 23 अप्रैल 2021 को हल्द्वानी स्टेशन के पास अज्ञात लोगों ने रानीखेत एक्सप्रेस पर पथराव किया था, जिसमें बी-श्रेणी कोच का शीशा टूट गया था और यात्रियों ने स्वयं अपना बचाव किया था। इससे पहले भी कई बार ट्रेनों पर पथराव की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। बनभूलपुरा हल्द्वानी रेलवे स्टेशन से सटा क्षेत्र है, जहां करीब चार हजार से अधिक अतिक्रमण चिन्हित हैं, जिसे संवेदनशील माना जा रहा है। ऐसे में स्टेशन पर सुरक्षा बढ़ाना तो जरूरी है ही, लेकिन चलती ट्रेनों में अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था न होना रेलवे की सुरक्षा प्रणाली पर सवाल खड़े करता है।

प्रशासन और पुलिस क्षेत्र में सख्ती दिखा रहे हैं, पर यात्रियों की सुरक्षा चलती ट्रेनों में जरूरी है। यात्रियों की सुरक्षा को लेकर रेलवे के ये आधे-अधूरे इंतजाम चिंताजनक हैं। इधर, इज्जतनगर मंडल के एसी एमएस खान ने बताया कि हल्द्वानी रेलवे स्टेशन में आरपीएफ, जीआरपी सहित सिविल पुलिस की पर्याप्त तैनाती की गई है। साथ ही लालकुआं में भी पर्याप्त स्टाफ तैनात किया गया है।

# आज सील रहेगा बनभूलपुरा क्षेत्र, 13 घंटे के लिए जीरो जोन घोषित

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**10** दिसंबर को यातायात पर कड़ा नियंत्रण, भारी वाहनों की एंट्री पूरी तरह रहेगी बंद

**अमृत विचार :** बनभूलपुरा क्षेत्र में रेलवे भूमि पर अतिक्रमण से जुड़े मामले में सर्वोच्च न्यायालय में निर्णय की तिथि को लेकर प्रशासन ने जिलेभर में कड़े सुरक्षा और यातायात नियंत्रण के निर्देश जारी किए हैं। 10 दिसंबर 2025 को प्रातः 8:00 बजे से रात 9:00 बजे तक बनभूलपुरा क्षेत्र को जीरो जोन घोषित किया गया है। एक तरह से बनभूलपुरा बुधवार को सील रहेगा।

इसी अवधि में सुबह 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक जिला नैनीताल में सभी प्रकार के भारी मालवाहक वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। अति आवश्यक सेवाओं से जुड़े वाहनों को छोड़कर शेष सभी वाहनों को जिले की सीमाओं पर ही रोक दिया जाएगा। जनपद में प्रवेश करने वाले वाहनों के लिए विशेष डायवर्जन प्लान लागू किया गया है। जिसके तहत रामपुर और रुद्रपुर की ओर से आने वाले वाहन पंतनगर तिराहा (दिनेशपुर मोड़) से एनएच-109 (नया बाईपास) होते हुए पंतनगर, नगला तिराहा, किच्छा, सितारगंज, खटीमा होकर अपने गंतव्य की ओर जाएंगे। जबकि बरेली और किच्छा रोड से आने वाले वाहन किच्छा से सितारगंज और खटीमा होकर आगे बढ़ेंगे, जबकि नगला तिराहा से नैनीताल जिले में प्रवेश पूरी तरह वर्जित रहेगा।

इसी प्रकार, सितारगंज और चोरगलिया रोड से आने वाले वाहन खटीमा की ओर डायवर्ट किए जाएंगे और चोरगलिया से जिले सीमा में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। काशीपुर और बाजपुर से आने वाले वाहन रुद्रपुर, किच्छा, सितारगंज, खटीमा होकर अपने गंतव्य तक पहुंचेंगे। पर्वतीय जिलों से मैदानी क्षेत्र की ओर आने वाले सभी वाहन चंपावत मार्ग से टनकपुर रोड का प्रयोग करेंगे। पुलिस के मुताबिक, हल्द्वानी के भीतर भी व्यापक स्तर पर यातायात डायवर्जन लागू किया गया है। रामपुर रोड से नैनीताल, भीमताल, भवाली और कैंचीधाम जाने वाले वाहन गन्ना सेंटर, शीतल होटल तिराहा से तीनपानी फ्लाईओवर होकर गौलापार रोड और नारीमन तिराहा से भेजे जाएंगे। अन्य वाहनों को देवलचौड़, छड़ायल चौक, सेंट्रल हॉस्पिटल, लालडांठ और पंचक्की रोड होते हुए डायवर्ट किया जाएगा।

बरेली रोड से आने वाले वाहन तीनपानी फ्लाईओवर, गौलापार रोड से नारीमन तिराहा तक जाएंगे, जबकि अन्य वाहन गांधी इंटर कॉलेज, एफटीआई, आईटीआई और मुखानी होते हुए पंचक्की रोड से आगे बढ़ेंगे। रामनगर और बाजपुर की ओर से आने वाले वाहन कालाढूंगी तिराहा से मंगोली की ओर भेजे जाएंगे। नैनीताल, भवाली, भीमताल, मुक्तेश्वर और कैंचीधाम से हल्द्वानी की ओर आने वाले वाहनों को भी विभिन्न स्थानों से रूसी बाईपास, ज्योलिकोट और कालाढूंगी मार्ग से डायवर्ट किया जाएगा।


सुप्रीम फैसले से एक दिन पहले हल्द्वानी रेलवे स्टेशन परिसर में सुरक्षा की आखिरी रणनीति पुलिस कर्मियों से साझा करते पुलिस व प्रशासन के अधिकारी। ● अमृत विचार

### बनभूलपुरा क्षेत्र में नहीं आ-जा सकेंगे वाहन

- गौलापुल बनभूलपुरा से ताज चौराहा की ओर आने वाले समस्त प्रकार के वाहनों का आवागमन वर्जित रहेगा।
- रेलवे स्टेशन तिराहा/ताज चौराहा से बनभूलपुरा की ओर जाने वाले समस्त प्रकार के वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा।
- मंगलपड़ाव से घास मंडी होते हुए बनभूलपुरा की ओर जाने वाले समस्त प्रकार के वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा।
- तिकोनिया चौराहा/एसडीएम कोर्ट तिराहा/प्रेम टाकीज से रोडवेज पूर्वी गेट होते हुए ताज चौराहा की ओर जाने वाले समस्त प्रकार के वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा।
- इन्द्रानगर फाटक से मंडी गेट की ओर व मंडी गेट से इन्द्रानगर फाटक की ओर समस्त प्रकार के वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा।
- उक्त रूट से आवागमन करने वाले वाहन वाया तीनपानी फ्लाईओवर होते हुए अपना आवागमन करेंगे।

# कलेक्शन एजेंट को पीटा, हाथ तोड़ा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** टीपी नगर चौकी के पीछे सोमवार रात कुछ लोगों ने एक बड़ी घटना को अंजाम दे डाला। एक गुटखा कारोबारी ने पीड़ित को फोन कर अपने ट्रांसपोर्ट बुलाया और फिर साथियों की मदद से उसे लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से इतनी बेरहमी से पीटा की उसकी हड्डी टूट कर हाथ से बाहर निकल गई। आरोपियों पर पीटकर 25 हजार लूटने का भी आरोप है। युवक की तीन जगह से हड्डी टूटी है और वो अस्पताल में भर्ती है।

शिवाजी कालोनी हिमालय फार्म निवासी हरेंद्र सिंह बिष्ट ने पुलिस को बताया कि वह नैनीताल ट्रांसपोर्ट में कलेक्शन एजेंट के तौर पर काम करता है। बीते सोमवार की रात वह ड्यूटी से घर पहुंचा और तभी एक गुटखा कारोबारी ने फोन कर उसे अपने ट्रांसपोर्ट बुला लिया। ट्रांसपोर्ट में चार लोग पहले से मौजूद थे। हरेंद्र कुछ समझ पाता, इससे पहले ही उक्त लोग हरेंद्र को ट्रांसपोर्ट के गोदाम में खींच ले गए। उसे एक टायर के बीच डाला और लाठी-डंडों व लोहे की राड से बेरहमी से पीटा। हरेंद्र लहूलुहान हो गया। उसके बाएं हाथ की हड्डी टूट कर बाहर गई। गंभीर अवस्था में उसे निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां पता चला कि तीन जगह से उसकी हड्डी टूटी है। टीपीनगर चौकी प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है।


मारपीट के बाद निजी अस्पताल में भर्ती पीड़ित। ● अमृत विचार

### सीजेएम के चालक से मारपीट में मुकदमा दर्ज

**नैनीताल :** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट को आवंटित बोलेरो वाहन के चालक ने एक टैक्सी चालक और उसके साथियों पर मारपीट, गाली-गलौज और सरकारी कार्य में बाधा डालने का आरोप लगाते हुए तल्लीताल थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मारपीट का वीडियो सोशल साइट्स पर वायरल भी हो रहा है। राजकीय चालक राजेंद्र सिंह के अनुसार, मंगलवार को किशोर न्याय बोर्ड हल्द्वानी से निरीक्षण कर लौटते समय दोगांव डोलमार के पास सामने से आ रही रोडवेज बस ने गलत ओवरटेक किया। इससे आगे चल रही टैक्सी ने अचानक ब्रेक लगा दिया और सरकारी वाहन भी इमरजेंसी ब्रेक लगाने से बचा। किसी वाहन को नुकसान नहीं हुआ। आरोप है कि करीब 2 किमी आगे बढ़ने पर टैक्सी चालक ने अपने साथिओं के साथ सरकारी बोलेरो को रोककर बदसलूकी करते हुए पैसों की मांग की तथा मारपीट व अभद्रता की।

## कपड़े में लिपटा मिला नवजात का शव

**हल्द्वानी :** हल्द्वानी रोडवेज स्टेशन परिसर में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब कूड़ा बीनने खंडहर में गई लड़की चीखती हुई बाहर आई। लोग मौके पर पहुंचे तो वहां लाल कपड़े में लिपटा नवजात का शव पड़ा था। आनन-फानन में पुलिस व फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और साक्ष्य लिए। पुलिस सीसीटीवी खंगाल रही है।

रोडवेज स्टेशन हल्द्वानी के पास एक खंडहर में शाम सात बजे के आस-पास नवजात के मिलने की सूचना पुलिस को मिली। बताया कि रोडवेज स्टेशन के आस-पास कूड़ा बीनने वाली एक लड़की को कपड़े से लिपटा नवजात दिखा। लड़की की चीख सुनकर लोग खंडहर की ओर दौड़े। नवजात अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। माना जा रहा है कि पैदा होने के बाद लोकलाज के डर से नवजात को फेंका गया। यह भी आशंका है कि लड़की पैदा होने के बाद किसी ने यह कृत्य किया है। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। घटना स्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आने से पैदल जा रहे ट्रक चालक की मौत

- टीपीनगर पुलिस चौकी के पास हुआ दर्दनाक हादसा
- घटना को अंजाम देने के बाद चालक वाहन समेत हो गया फरार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** टीपीनगर चौकी पुलिस के पास एक बार फिर रफ्तार का कहर देखने को मिला। मंगलवार की सुबह पुलिस चौकी के पास ही एक तेज रफ्तार वाहन सवार ने सड़क पर पैदल जा रहे ट्रक चालक को अपनी चपेट में ले लिया। घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गया और अस्पताल पहुंचाने पर उसकी मौत हो गई। पुलिस का दावा है कि वह घटना अंजाम देने वाले वाहन चालक को जल्द गिरफ्तार कर लेंगे।

पुलिस के मुताबिक, मूलरूप से कपकोट बागेश्वर के रहने वाले 43 वर्षीय राजेंद्र सिंह पेशे से ट्रक ड्राइवर थे। बागेश्वर वह पत्नी व दो बच्चों के साथ रहते थे। वह टीपीनगर हल्द्वानी से बागेश्वर रूट पर चलते थे। मंगलवार पूर्वाह्न करीब साढ़े 11 बजे वह ट्रांसपोर्ट नगर के बाहर पुलिस चौकी के करीब बने धर्मकांटे के पास पैदल चल रहे थे। तभी एक तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। जोरदार टक्कर से वह गंभीर रूप से घायल हुए और घटना को अंजाम देने वाला फरार हो गया। आनन-फानन में राजेंद्र को डॉ.सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां उनकी मौत हो गई।

कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि घटना स्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज की मदद से घटना को अंजाम देने वाले वाहन और उसके चालक की शिनाख्त की जा रही है। फिलहाल, पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

### अल्मोड़ा के हेड कांस्टेबल की खाई में गिरने से मौत

**नैनीताल, अमृत विचार :** भवाली-अल्मोड़ा नेशनल हाईवे पर भवाली के डाकारोली के पास खाई में गिरने से अल्मोड़ा में तैनात एक हेड कांस्टेबल की मौत हो गई। खटीमा के खेतलसनड़ा निवासी हेड कांस्टेबल छुट्टी बिताने के बाद अपनी बाइक से बीते सोमवार की रात वापस ड्यूटी पर जा रहे थे। जानकारी के अनुसार, मंगलवार सुबह स्थानीय लोगों ने सड़क पर बाइक गिरी देखकर पुलिस को सूचित किया। बाइक सवार खाई में गिरा मिला। पुलिस और स्थानीय लोगों ने मिलकर बाइक सवार को खाई से रेस्क्यू कर सीएचसी भवाली भेजा। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक का की शिनाख्त 46 वर्षीय उमेश सिंह कुंवर पुत्र पुष्कर सिंह कुंवर निवासी खेतलसनड़ा खटीमा के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि वह देर रात अल्मोड़ा जा रहे थे। इसी दौरान बाइक पर नियंत्रण खोकर खाई में जा गिरे। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. रमेश कुमार ने बताया कि अस्पताल पहुंचने से पहले ही उमेश सिंह की मौत हो गई थी। एसएसआई आसिफ खान ने बताया कि उमेश सिंह अल्मोड़ा पुलिस में हेड कांस्टेबल पद पर तैनात थे, छुट्टी में अपने घर खटीमा गए थे। बताया कि शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## बरहैनी रेंज में भूख से हुई नर हाथी की मौत

**कालाढूंगी:** तराई केन्द्रीय वन प्रभाग रुद्रपुर के बरहैंनी रेंज के जंगल में बीते दिन वनकर्मियों को नर हाथी का शव मिला था। मंगलवार को दो डॉक्टरों के पैनल ने विभागीय मानकों के अनुरूप हाथी के शव का पोस्टमार्टम कर बिसरा जांच के बरेली लैब में भेज दिया है।

बीते सोमवार को कमोला बीट में वन रक्षक विवेक गोस्वामी बीट वाचर प्रमोद सामंत को गश्त के दौरान मृत हाथी मिला। हाथी के गले में ट्यूमर होने से घाव हो गया था। जिससे कारण वह खाना नहीं खा पा रहा था। प्रथम दृष्टया भूख से हाथी की मौत होने का अंदेशा लगाया जा रहा है। बीते 4 नवबंर को कालाढूंगी रेंज से सटे गुलजापुरबंकी गांव में ग्रामीणों के गन्ने के खेत में बीमार हाथी ने दिन भर डेरा डाला हुआ था। यह भी अंदेशा लगाया जा रहा है यह वही बीमार हाथी भी हो सकता है। डीएफओ उमेश तिवारी ने बताया कि हाथी के शव को दफना दिया गया है।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी। इस दौरान रेंजर लक्ष्मण सिंह बिष्ट व वनकर्मी मौजूद रहे।

सिटी ब्रीफ

### डीएसबी परिसर में 782 छात्रों ने दी परीक्षा

**नैनीताल :** कुमाऊं विवि की विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं के क्रम में मंगलवार को कुल 782 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 14 छात्र–छात्राएं अनुपस्थित रहे। परीक्षा प्रभारी डॉ. दीपक कुमार ने बताया कि पहली पाली में कुल 321 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। जबकि 5 अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में 470 में से 461 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। दूसरी पाली में कुल 9 छात्र अनुपस्थित पाए गए।

### जंगलिया गांव बस का समय बदलने की मांग

**भीमताल :** ग्राम पंचायत जंगलिया गांव की प्रधान राधा कुल्याल ने स्टेशन प्रभारी रोडवेज हल्द्वानी से भेंट कर हल्द्वानी से जंगलिया गांव के लिए शाम चार बजे से चलने वाली बस का समय बदलने की मांग की है। इस बस में भीमताल सहित पांडे गांव, हरीनगर, जंगलिया गांव, मलुवाताल बानना सहित अन्य ग्राम के लोग यात्रा करते हैं। इस बस का स्टॉपेज जंगलिया गांव है यहां से यात्रियों को दूर–दूर तक पैदल चलना पड़ता है जिससे यात्रियों को अत्यंत दिक्कत होती है। स्टेशन प्रभारी नवीन चंद्र कोठारी ने बताया कि वह क्षेत्रीय प्रबंधक से इस बावत वार्ता कर समस्या का हल निकालने का प्रयास करेंगे।

# पूछड़ी में बैठक की अनुमति न मिलने से लोगों में आक्रोश

## 16 दिसंबर को वन परिसर में विशाल धरने का ऐलान, पुलिस पर लगाया डराने और धमकाने का आरोप

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** रामनगर के पूछड़ी क्षेत्र में वन भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के बाद स्थानीय लोगों का गुस्सा थमने का नाम नहीं ले रहा है। बता दें कि रविवार को पुलिस, प्रशासन और वन विभाग की संयुक्त टीम ने क्षेत्र में अवैध निर्माणों को ध्वस्त किया था। इसके बाद से ही प्रभावित परिवारों और कई सामाजिक संगठनों द्वारा लगातार विरोध किया जा रहा है।

इसी मुद्दे पर मंगलवार को ग्राम पूछड़ी के एकता चौक में एक बैठक बुलाई गई थी, लेकिन बैठक शुरू होने से पहले ही पुलिस टीम मौके पर पहुँच गई और लोगों को वहाँ से हटाकर सभा को रोक दिया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस ने ग्रामीणों को डराया–धमकाया और कहा कि अनुमति के बिना कोई बैठक नहीं होगी। बैठक रुकवाए जाने से लोगों में आक्रोश और बढ़ गया। इसके बाद आयोजकों ने बैठक स्थल बदलकर रामनगर के नागा बाबा मंदिर रोड स्थित व्यापार मंडल कार्यालय में सभा की। यहा मौजूद वक्ताओं ने पुलिस और प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए। संयुक्त संघर्ष समिति ने कहा कि भाजपा सरकार ने उत्तराखंड को "पुलिस स्टेट" में बदल दिया है और लोगों की अभिव्यक्ति की आज़ादी को छीना जा रहा है। वक्ताओं ने कहा कि अतिक्रमण हटाने के बाद अब बैठकों पर रोक लगाकर ग्रामीणों को डराने-धमकाने की कोशिश की जा रही है। पीड़ित महिला सीमा तिवारी ने कहा कि हम अपने छोटे बच्चों के साथ कड़ाके की ठंड में खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं। प्रशासन ने पहले हमारे घर तोड़े और अब कोई मदद भी नहीं दे रहा। वहीं ललित उप्रेती ने दावा किया कि पुलिस ने साफ कहा कि अगर सभा की गई तो जेल भेज दिया जाएगा। उनके अनुसार, गांव में ऐसा माहौल बना दिया गया है कि लोग डरकर अपनी बात तक नहीं कह पा रहे हैं। वक्ताओं ने यह भी आरोप लगाया कि प्रशासन ने गांव में बिजली और पानी के कनेक्शन भी काट दिए हैं, जिससे प्रभावित परिवारों को एक-एक बूंद पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है। उनका कहना है कि यह कार्रवाई पूरी तरह गरीब परिवारों के उत्पीड़न जैसा है। बैठक में सर्वसम्मति से मांग की गई कि पीड़ित परिवारों के पुनर्वास की व्यवस्था की जाए।

ग्राम पूछड़ी समेत गोठ और खत्तों को राजस्व ग्राम घोषित किया जाए। न्यायालय की अवमानना के लिए उत्तरदायी डीएफओ प्रकाश चंद्र आर्य एवं अन्य अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। बैठक में यह निर्णय भी लिया गया कि 16 दिसंबर को वन विभाग परिसर में विशाल धरना आयोजित किया जाएगा। बैठक के दौरान रमेश आर्य, साहिस्ता, उपपा नेता प्रभात ध्यानी, ठेका मजदूर कल्याण समिति के अध्यक्ष किशन शर्मा, इंकलाबी मजदूर केंद्र के भुवन चंद्र, महिला एकता मंच की सरस्वती जोशी, रेनु सैनी, समाजवादी लोक मंच के मुनीष कुमार, प्रगतिशील महिला एकता केंद्र की तुलसी छीम्वाल, मोहन सिंह, बालादत्त कांडपाल, अंजलि रावत, गणेश, नरेंद्र सिंह समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



कनेक्शन काटे जाने पर बिजली दफ्तर में हंगामा करतीं पूछड़ी की महिलाएं। ● अमृत विचार

### कनेक्शन काटने पर बिजली दफ्तर में हंगामा

ग्राम पूछड़ी में प्रशासन द्वारा अतिक्रमण ध्वस्त किए जाने के बाद विद्युत विभाग ने बिजली और जल संस्थान ने पानी के कनेक्शन भी काट दिए। इससे लोगों का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया। व्यापार मंडल कार्यालय में हुई बैठक के बाद मौजूद महिलाएं जुलूस की शक्ल में नारेबाज़ी करती हुई बिजली दफ्तर पहुंच गईं। विद्युत विभाग और प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाज़ी करते हुए महिलाओं ने आरोप लगाया कि बिजली और पानी के कनेक्शन काटना उनका सीधा उत्पीड़न है। महिलाओं का कहना था कि सरकार गरीबी नहीं, बल्कि गरीब को मारकर गरीबी हटाने का षड्यंत्र रच रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि पहले कनेक्शन क्यों दिया गया और दिया गया तो अब इसे क्यों काटा गया। बिजली कार्यालय के बाहर जोरदार नारेबाज़ी के बीच विद्युत विभाग के अधिकारियों ने जल्द कनेक्शन जोड़ने का आश्वासन दिया। इसके बाद ही महिलाएं और ग्रामीण वापस लौटे।

### कुमाऊं विश्वविद्यालय के शिक्षक होंगे नियमित

**नैनीताल:** उत्तराखंड राज्य विवि शिक्षक संघ (यूटा) तथा कूटा के अध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी ने विश्वविद्यालय शिक्षकों के नियमितीकरण संबंधी शासनादेश जारी होने पर मुख्यमंत्री एवं राज्य सरकार का धन्यवाद किया है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से लंबित इस मांग पर सरकार द्वारा लिया गया रचनात्मक निर्णय शिक्षकों के हित में महत्वपूर्ण कदम है। प्रो.ललित तिवारी ने शासनादेश की कट ऑफ डेट 2024-25 निर्धारित करने का आग्रह भी किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर कट ऑफ डेट बढ़ाने की मांग दोहराई है। तिवारी ने कहा कि इस विषय पर गठित समिति जल्द ही उचित निर्णय लेगी। उन्होंने बताया कि कई संविदा शिक्षक 15 से 16 वर्ष से सेवाएं दे रहे हैं, जिनके हितों का ध्यान रखा जाना आवश्यक है।यूटा अध्यक्ष प्रो. तिवारी ने संविदा शिक्षकों का वेतन 57,770 रुपये किए जाने की मांग पुनः उठाई। कूटा एवं यूटा ने भवाली स्थित सेनेटोरियम में मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल तथा गेठिया अस्पताल को एडवांस सेंटर के रूप में विकसित करने के सरकार के निर्णय पर भी सीएम का आभार व्यक्त किया।



कालाढूंगी में आयोजित शिविर में रक्तदान करता युवा। ● अमृत विचार

### रक्तदान शिविर में 40 यूनिट रक्त किया संग्रह

**कालाढूंगी:** सामाजिक कार्यकर्ता मंयक गुप्ता ने अपने जन्म दिवस पर मंगलवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में 40 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। रामलीला मैदान में आयोजित रक्तदान शिविर में बेस हल्द्वानी के डॉक्टरों की टीम ने रक्तदाताओं का मेडिकल परीक्षण कर रक्त एकत्र किया। शिविर में युवाओं के साथ 7 महिलाओं ने भी रक्तदान किया। बेस की डॉक्टर स्मिता ने मयंक गुप्ता की पहल को सराहनीय बताया। मयंक गुप्ता ने कहा जन्मदिन पर हमें मानवता के लिए कार्य करना चाहिए। आयोजन का मकसद रक्त की कमी से जूझ रहे जरूरतमंद को रक्त उपलब्ध कराना है ताकि किसी मरीज को अपनी जान न गंवानी पड़े। इस दौरान पूर्व सभासद रेखा गुप्ता, अली हुसैनी, गोविन्द पांडे, गीता कुंवर, सागर जोशी, हिमाशं सांगरी आदि मौजूद रहे।

# मांग: ग्रामीण क्षेत्रों से प्राधिकरण को करें बाहर

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचार:** ग्रामीण क्षेत्र में विकास प्राधिकरण लागू किए जाने का विरोध लगातार जोर पकड़ता जा रहा है। मंगलवार को कोटाबाग, कालाढूंगी और बैलपड़ाव क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों का एक प्रतिनिधिमंडल विधायक बंशीधर भगत के आवास पहुंचा और प्राधिकरण को ग्रामीण क्षेत्रों में लागू न करने की मांग करते हुए उन्हें ज्ञापन सौंपा।

जनप्रतिनिधियों ने ज्ञापन में कहा कि विकास प्राधिकरण की नीतियों से गरीब और आम आदमी दोनों प्रभावित हो रहे हैं। गरीब परिवारों के लिए छोटे-छोटे मकान बनाना भी मुश्किल होता जा रहा है। निर्माण कार्यों पर अत्यधिक प्रतिबंध और प्रक्रियाओं की जटिलता के कारण ग्रामीणों को बार-बार परेशानी झेलनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की भौगोलिक और आर्थिक स्थितियां शहरों से भिन्न हैं, इसलिए पूरे ग्रामीण क्षेत्र को विकास प्राधिकरण से बाहर रखा जाना चाहिए। प्रतिनिधिमंडल ने विधायक भगत से मांग की कि वे इस मुद्दे को सरकार के संज्ञान में लाकर ग्रामीणों को राहत दिलाने में हस्तक्षेप करें। इस पर विधायक बंशीधर भगत ने ग्रामीणों को हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाया जाएगा, ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो। बैठक के दौरान जनप्रतिनिधियों ने यह भी कहा कि यदि समय रहते प्राधिकरण संबंधी नियमों में ढील नहीं दी गई तो ग्रामीणों में असंतोष और बढ़ेगा तथा आंदोलन की स्थिति भी उत्पन्न हो सकती है। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख पति विक्रम जंतवाल, भाजपा नेता कुंदन बसेड़ा, ग्राम प्रधान संअ सुरेन्द्र बोहरा, कनिष्ठ प्रमुख पति अनूप बिष्ट, पत्तापानी ग्राम प्रधान पति अजय रौतेला, गैबुआ ग्राम प्रधान बिष्ट, खेमपुर गैबुआ ग्राम प्रधान निर्मला कांडपाल, पूर्व प्रधान हेम पाठक आदि जनप्रतिनिधि रहे।



मांग को लेकर कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत को ज्ञापन देते जनप्रतिनिधि। ● अमृत विचार

● ग्रामीण क्षेत्र में विकास प्राधिकरण का विरोध तेज, जनप्रतिनिधियों ने विधायक भगत को सौंपा ज्ञापन

# पूछड़ी घटना के बाद पुलिस के रडार पर अब भू-माफिया

संवाददाता, रामनगर



**अमृत विचार:** पूछड़ी क्षेत्र में वन विभाग की रिज़र्व फॉरेस्ट भूमि पर कुछ अतिक्रमण हटाए जाने के बाद यह बात खुलकर सामने आई कि कुछ भू माफियाओं ने गरीब व भोले-भाले लोगों को झांसा देकर, पैसों के लालच में फर्जी स्टांप व नकली दस्तावेज़ बनाकर बसाने का काम किया है। मामले में पुलिस प्रशासन की नजरे अब भूमाफियों पर हैं।

एसएसपी डॉ. मंजुनाथ टीसी ने मामले का संज्ञान लेते हुए प्रभारी निरीक्षक सुशील कुमार को निर्देशित किया है कि सभी प्रभावित, पीड़ित लोगों से बात कर उनकी शिकायतें दर्ज की जाएं। सभी दस्तावेज़, स्टांप, रसीदें व संबंधित जानकारी एकत्र कर सत्यापन किया जाए। उन्होंने दो टूक कहा है कि ऐसे भूमाफिया जिन्होंने सरकारी भूमि के फर्जी दस्तावेज बनाकर खुर्द बुर्द किया है ऐसे भूमाफियाओं की पहचान कर तुरंत कठोर कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि जनता की खून पसीने की कमाई को भूमाफियों द्वारा फर्जी तौर सरकारी जमीनें दिलाकर ठगी करने वालों पर अब नकेल कसी जाएगी। उन्होंने कहा कि पुलिस का सीधा और साफ संदेश है कि सरकारी भूमि को नुकसान पहुंचाने वाले, फर्जी दस्तावेज बनाकर सरकारी भूमि को खुर्द-बुर्द करने वाले किसी भी कीमत पर बख्शे नहीं जाएंगे। ऐसे तत्वों पर नियमानुसार कठोर धाराओं में कड़ी कार्यवाही की जाएगी। पुलिस का संदेश जारी होते ही पूछड़ी के साथ ही अन्य भू माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है।

# विहिप व बजरंग दल ने निकाली शौर्य जागरण यात्रा

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल की ओर से मंगलवार को डीएसए मैदान में शौर्य जागरण यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने संगठन के विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के उपरांत शौर्य जागरण यात्रा निकाली गई, जो डीएसए मैदान से मल्लीताल बाजार, माल रोड होते हुए पुनः मैदान में संपन्न हुई। इस दौरान कार्यकर्ता पूर्ण गणवेश में शामिल दिखे। कार्यक्रम का समापन हनुमान चालीसा पाठ के साथ हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विहिप के प्रदेश सह संयोजक पूरन जोशी ने कहा कि संगठन का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, योजनाबद्ध तरीके से धर्मांतरण रोकने और समाज सेवा के कार्यों को आगे बढ़ाना है। उन्होंने बताया कि संगठन युवाओं को आपदा प्रबंधन, नशा मुक्ति, साफ-सफाई और पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर जागरूक कर रहा है।उन्होंने कहा कि वनाग्नि की घटनाओं में कार्यकर्ता वन विभाग के साथ मिलकर सहयोग करेंगे। जोशी ने यह भी बताया कि संगठन की दुर्गा वाहिनी महिलाओं को आत्मरक्षा सहित विभिन्न प्रशिक्षण प्रदान कर रही है। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना संगठन को दें, आगे की विधिवत कार्रवाई संगठन द्वारा की जाएगी। कार्यक्रम अध्यक्ष एवं पूर्व आईपीएस अधिकारी गिरिजा शंकर पांडे ने धार्मिक व सामाजिक मुद्दों पर चिंता व्यक्त करते हुए लोगों से सतर्क रहने और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत देने की अपील की। ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता बढ़ाने और भूमि खरीद-फरोख्त में सावधानी बरतने पर भी जोर दिया गया।

इस मौके पर प्रांत संयोजक बजरंग दल अनुज बाल्या, जिलाध्यक्ष विहिप नैनीताल खजान भट्ट, विधायक सरिता आर्या, अमरप्रीत सिंह, सह प्रांत संयोजक विहिप पूरन जोशी, सह संयोजक विहिप विवेक वर्मा, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष भूपेंद्र बिष्ट, कविता गंगोला, रमेश कुमार, विनोद सिंह, तरुण लूथरा, कुणाल बेदी, राजीव सहित कई कार्यकर्ता रहे।



नैनीताल में शौर्य जागरण यात्रा निकालते हिन्दूवादी संगठन के सदस्य। ● अमृत विचार

### कृष्णापुर में सड़क न होने से ग्रामीण परेशान

**नैनीताल :** कृष्णापुर क्षेत्र में सड़क सुविधा न होने से नाराज स्थानीय निवासियों ने मंगलवार को जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल को ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र में सड़क निर्माण, विद्युत, जल समेत कई अन्य जन समस्याओ के निस्तारण की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि बलिया नाला क्षेत्र के ऊपरी हिस्से में कार्य पूरा हो चुका है, इसलिए उन्हें पैदल और दोपहिया आवागमन की अनुमति दी जानी चाहिए। डीएम ने नैनीताल एसडीएम की अध्यक्षता में एक समिति गठित करने के निर्देश दिए। समिति में सिंचाई विभाग और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को शामिल किया गया है, जो मौके का निरीक्षण कर यह स्पष्ट करेगी कि क्षेत्र में दोपहिया वाहन चलाने की अनुमति दी जा सकती है या नहीं। लोनिवि के ईई रत्नेश सक्सेना, जिला उपाध्यक्ष भाजपा दयाकिशन पोखरिया, पूर्व सभासद कैलाश रौतेला, पूर्व सभासद डीएन भट्ट, सभासद सुरेंद्र कुमार, दीवान रौतेला, नीमा रौतेला, मुन्नी रौतेला रहे।

# डीएसबी परिसर में पेयजल समस्या से छात्रों में आक्रोश

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** डीएसबी परिसर में लंबे समय से बनी पेयजल समस्या को लेकर छात्र संगठनों का आक्रोश मंगलवार को फिर उभरकर सामने आया। छात्र महासंघ के पदाधिकारियों ने बताया कि बीते कई सप्ताहों से परिसर में पानी की आपूर्ति बाधित है, जिसके चलते छात्र-छात्राओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। छात्रों का कहना है कि परिसर निदेशक को अब तक 20 से अधिक बार ज्ञापन सौंपे जा चुके हैं, इसके बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है। मंगलवार को छात्र महासंघ अध्यक्ष आशीष कबड़वाल और सचिव आयुष आर्या ने परिसर के सभी वाटर टैंक, वाटर कूलर और एआरओ प्लांट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी टैंक खाली मिले तथा अधिकांश वाटर कुलर खराब अवस्था में पाए गए।

अध्यक्ष कबड़वाल ने कहा कि छात्रों ने सोमवार तक समस्या समाधान की मांग रखी थी, लेकिन समय सीमा बीत जाने के बावजूद स्थिति में सुधार नहीं हुआ।छात्रों का आरोप है कि पेयजल की कमी के कारण परीक्षा व कक्षाओं के दौरान भी विद्यार्थियों को इधर-उधर पानी तलाशना पड़ रहा है, जिससे शैक्षणिक वातावरण प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन की राह अपनाई जाएगी। इधर, परिसर निदेशक नीता बोरा शर्मा ने बताया कि मंगलवार को परिसर के जेई अतुल कुमार को सभी टैंकों और वाटर कुलरों की जांच करने के निर्देश दिए गए थे। जांच के बाद तत्काल सभी खराब कुलरों की मरम्मत कराकर पेयजल आपूर्ति बहाल कर दी गई है। निदेशक ने कहा कि छात्र नेताओं को भी निरीक्षण कर आवश्यक सुधार कार्य तुरंत बताने को कहा गया है। छात्र नेताओं ने उम्मीद जताई कि इस बार समस्या स्थायी तौर पर हल होगी, ताकि छात्रों को पीने के पानी के लिए परेशान न होना पड़े।



कांग्रेस नेता हरक सिंह रावत का पुतला दहन करते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### कांग्रेस नेता हरक सिंह रावत का पुतला फूंका

**कालाढूंगी :** मंगलवार को बाजार बस अड्डे पर सिख समुदाय के लोगों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नेता हरक सिंह रावत द्वारा सिख समुदाय को लेकर दिए गए कथित बयान का विरोध जताते हुए उनका पुतला फूंका। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विकास भगत के नेतृत्व में कार्यकर्ता बस स्टेशन पहुंचे और कांग्रेस तथा हरक सिंह रावत के खिलाफ नारेबाजी की। विकास भगत ने कहा कि हरक सिंह रावत का बयान सिख समुदाय का अपमान करने वाला है, जिसे किसी भी तरह स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने मांग की कि कांग्रेस पार्टी इस पर स्पष्ट रुख पेश करे और समुदाय से माफी मांगे। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष विक्रम जंतवाल, भाजपा नेता कुंदन बसेड़ा, विनोद बुढ़लाकोटी, हरीश मेहरा, सुच्चा सिंह, रमन सिंह पन्नू, कृपाल सिंह, गोपाल बुढ़लाकोटी, तारा चंद्र पांडे, तारा दत्त, मेहमूद हसन बंजारा, गोपाल बिष्ट, भगवान कुमटिया, सोनू शर्मा, जसविंदर कोहली सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पूछड़ी में घर बेशक टूट गए पर बच्चों की पढ़ाई रही जारी

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** पूछड़ी के जिस वन आरक्षित क्षेत्र में प्रशासन ने बीते रविवार भारी अतिक्रमण हटाया, उसी क्षेत्र में पिछले चार वर्षों से गरीब और कूड़ा बीनने वाले बच्चों की उम्मीद बनकर चल रहे ज्योतिबा-सावित्रीबाई सायंकालीन स्कूल पर भी संकट के बादल मंडरा गए। प्रशासन द्वारा टचिंग ग्राउंड के लिए लगाई गई तारबाड़ के भीतर स्कूल का पूरा परिसर आ गया लेकिन स्कूल चलाने वाली टीम ने हिम्मत नहीं हारी।

मंगलवार की शाम का दृश्य किसी प्रेरक कहानी से कम नहीं था। बच्चे रोज की तरह पढ़ने पहुंचे तो देखा कि उनका छोटा-सा स्कूल अब तारबाड़ के भीतर कैद हो गया है। पर सुजल और पिंकी जो रोज इन बच्चों को पढ़ाते हैं उन्होंने तुरंत ही निर्णय लिया कि पढ़ाई रुकेगी नहीं। उन्होंने बच्चों को तारबाड़ के बाहर की जमीन पर बैठाकर पढ़ाया। शिक्षक नेता नवेंदु मठपाल, नंदराम आर्य, सुभाष गोला और बालकृष्ण भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने बच्चों के साथ रोचक गतिविधियां कराईं और पढ़ाई का सिलसिला जारी रखा। रचनात्मक शिक्षक मंडल के राज्य संयोजक नवेंदु मठपाल ने बताया कि उनकी स्थानीय विधायक दीवान सिंह बिष्ट से फोन पर बात हुई है। उन्होंने आश्वासन दिया है कि बच्चों की शिक्षा किसी भी कीमत पर बाधित नहीं होने दी जाएगी। टीम ने स्थानीय प्रशासन से भी अपील की है कि इस स्कूल में पढ़ने वाले 200 से अधिक बेहद गरीब परिवारों के बच्चों की शिक्षा को नियमित रखने के लिए तुरंत ठोस व्यवस्था की जाए।



पूछड़ी स्कूल में अध्ययन के लिए पहुंचे बच्चे। ● अमृत विचार

### सरकार पर जमीनों को खुर्द बुर्द करने का आरोप

**रामनगर :** उत्तराखंड कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता धीरेन्द्र प्रताप ने राज्य सरकार पर राज्य की कीमती जमीनों को खुर्द–बुर्द करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि बीते 20–30 वर्षों से राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में रह रहे लोगों को बेदखल किया जा रहा है, ताकि यह भूमि पूंजीपतियों को सौंपी जा सके। धीरेन्द्र प्रताप ने कहा कि पूछड़ी क्षेत्र में जिस तरह से लोगों को बेदखल किया गया, वह सरकार की तानाशाही का जीता–जागता उदाहरण है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस तोड़फोड़ का विरोध कर रहे स्थानीय राजनीतिक दलों और सामाजिक कार्यकर्ताओं को घंटों तक थाने में बंद रखा गया, जो राजनीतिक उत्पीड़न का मामला है। उन्होंने कहा कि प्रभात ध्यानी और अन्य लोगों द्वारा किया गया प्रदर्शन पूरी तरह गांधीवादी संघर्ष का उदाहरण था। धीरेन्द्र प्रताप ने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस संघर्ष में जनता के साथ खड़ी है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि उत्तराखंड की किसी भी जमीन को खुर्द–बुर्द नहीं होने दिया जाएगा।





एसडीएम को ज्ञापन देते भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### अवैध अतिक्रमण व धार्मिक संरचना हटाने की मांग

**कालाढूंगी :** नगर के वार्ड नंबर 6 में कथित रूप से अवैध अतिक्रमण कर बनाई गई धार्मिक संरचना को हटाने की मांग को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विकास भगत के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने एसडीएम बिपिन चंद्र पंत को ज्ञापन सौंप कार्रवाई की मांग की। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विकास भगत ने बताया कि संबंधित भूमि सरकारी (बंजर) श्रेणी में दर्ज है, जिस पर अवैध रूप से धार्मिक संरचना का निर्माण किया गया है। उन्होंने कहा कि सीएम पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों के क्रम में प्रदेश भर में सरकारी और वन भूमि को अतिक्रमण से मुक्त करने का अभियान चल रहा है, ऐसे में इस अतिक्रमण को भी तत्काल हटाया जाना चाहिए। एसडीएम बिपिन चंद्र पंत ने बताया कि तहसीलदार और नगर पालिका ईओ को संयुक्त रूप से जांच करने के आदेश दे दिए हैं। जांच में अतिक्रमण की पुष्टि होने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। मंडल अध्यक्ष विक्रम जंतवाल, कोटाबाग मंडल अध्यक्ष कमलेश पांडे, विनोद बुढ़लाकोटी, टीडी रखोलिया, सुच्चा सिंह, कुंदन बसेड़ा, हरीश मेहरा, कृपाल सिंह, रमन पन्नू, सोनू सिंह, मनोज पेठशाली, मोहन खोलिया, मनराज सिंह, आनंद खानायत, जसविंदर सिंह, भगवान कुमटिया, हर्ष रहे।

## सिटी ब्रीफ

### भानु चिलवाल मुख्यमंत्री छात्रवृत्ति के लिए चयनित

**भीमताल :** राउमावि बड़ौन की कक्षा 6 की छात्रा भानु चिलवाल का चयन मुख्यमंत्री मेधावी छात्रवृत्ति के लिए होने पर मंगलवार को विद्यालय में आयोजित प्रार्थना सभा में सम्मानित किया गया। प्रभारी प्रधानाचार्य धर्मेंद्र सिंह बसेड़ा व एसएमसी अध्यक्ष कुंवर सिंह चिलवाल ने छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर उमा जोशी, प्रियंका सिंह, कमल कुमार, रघुवर सिंह चुलगांई आदि मौजूद रहे।

### पर्वतीय उत्थान मंच की आम बैठक आज

**हल्द्वानी :** पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच की आम बैठक आज सुबह 11 बजे से होगी। यह जानकारी देते हुए मंच के अध्यक्ष खड़क सिंह बगड़वाल ने बताया कि बैठक में उत्तरायणी मेले को लेकर समीक्षा की जाएगी। साथ ही मेले को भव्य व आकर्षक बनाने के लिए विचार किया जाएगा। मंच के अध्यक्ष ने आमजन से अपील की है कि बैठक को सफल बनाएं।

### ल्वाड डोबा में शिविर में बने 50 आधार कार्ड

**हल्द्वानी :** ओखलकांडा ब्लॉक के ग्राम सभा ल्वाड डोबा में मंगलवार को क्षेत्र पंचायत सदस्य हेमा आर्या की ओर से आधार कार्ड शिविर लगाया गया। जिस दौरान ग्रामीणों ने नए आधार कार्ड बनवाए। शिविर में करीब 50 आधार कार्ड बनाए गए। इस दौरान स्थानीय राजस्व उपनिरीक्षक की ओर से भी सहयोग दिया गया। हेमा आर्या ने बताया कि शिविर का आयोजन आज (बुधवार) भी किया जाएगा।

### एफटीआई व बटरफ्लाई पार्क का किया भ्रमण

**हल्द्वानी :** सिंथिया स्कूल में कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों को बीते दिनों एफटीआई परिसर और बटरफ्लाई पार्क का शैक्षिक भ्रमण कराया गया। इस दौरान बच्चों ने तितलियों की विभिन्न प्रजातियों, उनके जीवन चक्र, जैव विविधता, पर्यावरण संरक्षण और पारिस्थितिकी तंत्र के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। वन रक्षक कृष्णा पांडे ने बताया कि बटरफ्लाई पार्क में रंग–बिरंगी तितलियां और एफटीआई में अलग–अलग तरह के पौधों को देखकर बच्चे उत्साहित हुए। भ्रमण विद्यार्थियों के लिए रोचक, और प्रेरक साबित हुआ। यात्रा में शिक्षकों ने बच्चों का मार्गदर्शन किया। इस दौरान सुरेश चंद्र मिश्रा, मोहन चंद्र जोशी, अनुराधा साह, जगत सिंह नेगी, पुष्कर सिंह राजपूत, सुनीता तिवारी आदि उपस्थित रहे।

### कोसी नदी का किनारा सर्दियों के मौसम में पक्षी प्रेमियों के लिए किसी स्वर्ग से कम नहीं, दुर्लभ पक्षियों को देख लोग उत्साहित

# रामनगर स्थित गर्जिया नदी का तट बना दुर्लभ मेहमान पक्षियों का रैन बसेरा

संवाददाता, रामनगर





**अमृत विचार:** कार्बेट से सटे गर्जिया के नदी तट पर जैव-विविधता का जीवंत उदाहरण देखने को मिलने लगा है। गर्जिया का नदी किनारा सर्दियों के मौसम में पक्षी–प्रेमियों के लिए किसी स्वर्ग से कम नहीं। प्रवासी पक्षियों के आगमन के साथ यह क्षेत्र जल परिस्थितिकी, साफ विशाल तट, खुले कंकरीले मैदान और सुरक्षित आवास के कारण दुर्लभ एवं संवेदनशील प्रजातियों को आकर्षित करता है।

इसी प्राकृतिक धरोहर को अनुभव कराने के उद्देश्य से मैगपाई कॉर्बेट द्वारा गर्जिया क्षेत्र में एक विशेष पक्षी-वॉक का आयोजन किया गया, जिसमें कई महत्वपूर्ण व दुर्लभ पक्षियों का अवलोकन हुआ।

इस वॉक के दौरान दर्ज की गई कुछ उल्लेखनीय प्रजातियों में आईबिस बिल, ग्रेट थिक-नी और हिमालयन ग्रिफ़ॉन शामिल हैं, जो आईयूसीएन रेड लिस्ट में नियर थ्रीटेंड की श्रेणी में आते हैं। वहीं गर्जिया की कोसी नदी के आस-पास ऊनी-गर्दन वाला सारस यानि वूली नेक स्ट्रोक भी दिखाई दिया जो स्वयं एक वल्नरेबल प्रजाति है और स्वच्छ एवं अनुकूल आवास का आदी है। इन संवेदनशील प्रजातियों के साथ ही कॉमन मरगेन्सर, रुड्डी शेलडक, कॉमन ग्रीनशैंक, लिटिल रिंग्ड प्लोवर और चट्टानों पर कलाबाज़ी करते वॉलक्रीपर जैसी आकर्षक एवं पर्यावरण-संकेतक प्रजातियाँ भी देखी गईं, जो नदी-तंत्र के स्वस्थ होने की पुष्टि करती हैं।

पक्षी-वॉक का नेतृत्व वन्यजीव फोटोग्राफर एवं मैगपाई कॉर्बेट के संस्थापक दीपांकर खुल्बे ने किया। इस दौरान विशेषज्ञ बर्डिंग गाइड एवं संगठन से जुड़े वन्यजीव फोटोग्राफर जेसन कोटिन्हो, राहुल रौतेला और शिखा पांडे भी उपस्थित रहे। वॉक के दौरान अनुभवी बर्डर्स ने दूरबीनों और कैमरों के माध्यम से प्राकृतिक पक्षी–जीवन का अवलोकन किया।

इस पहल का मुख्य उद्देश्य लोगों को नदी-आधारित पारिस्थितिकी की महत्ता से जोड़ना और वैज्ञानिक व सामुदायिक स्तर पर पक्षियों के दस्तावेजीकरण को बढ़ावा देना है। बता दें कि मैगपाई कॉर्बेट लंबे समय से कॉर्बेट क्षेत्र में बर्डवॉचिंग एवं वन्यजीव शिक्षा को प्रोत्साहित करता आ रहा है और भविष्य में भी पर्यावरण जागरूकता व सुरक्षा के पथ पर कार्यरत रहेगा। गर्जिया का यह शांत और रमणीय नदी तट, हर आगंतुक को ऐसी यादें देता है जो न केवल सुन्दर होती हैं बल्कि प्रकृति के संरक्षण की भावना को भी मजबूत करती हैं, यही इस प्रयास की सबसे बड़ी सफलता है।

# विधायक निधि खर्चने में सुमित अव्वल, दीवान पीछे

### सूचना के अधिकार से मिली जानकारी में हुआ खुलासा, भाजपा के पांच विधायकों में डॉ. मोहन बिष्ट अव्वल



कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी


**वर्षवार सारणी (लाख रुपये में)**

विधायक सुमित हृदयेश (हल्द्वानी)



| वर्ष | आवंटन | खर्च | शेष |
|---|---|---|---|
| 2022-23 | 375.00 | 367.47 | 7.53 |
| 2023-24 | 500.00 | 467.66 | 32.34 |
| 2024-25 | 500.00 | 488.78 | 11.22 |
| 2025-26 | 500.00 | 455.28 | 44.72 |
| कुल | 1875.00 | 1779.19 | 95.81 |

विधायक बंशीधर भगत (कालाढूंगी)



| वर्ष | आवंटन | खर्च | शेष |
|---|---|---|---|
| 2022-23 | 375.00 | 367.46 | 7.54 |
| 2023-24 | 500.00 | 459.61 | 40.39 |
| 2024-25 | 500.00 | 466.43 | 33.57 |
| 2025-26 | 500.00 | 455.28 | 44.72 |
| कुल | 1875.00 | 1748.78 | 126.22 |

विधायक डॉ. मोहन सिंह बिष्ट (लालकुआँ)



| वर्ष | आवंटन | खर्च | शेष |
|---|---|---|---|
| 2022-23 | 375.00 | 367.44 | 7.56 |
| 2023-24 | 500.00 | 489.88 | 10.12 |
| 2024-25 | 500.00 | 462.15 | 37.85 |
| 2025-26 | 500.00 | 327.92 | 172.08 |
| कुल | 1875.00 | 1647.39 | 227.61 |

विधायक राम सिंह कैड़ा (भीमताल)



| वर्ष | आवंटन | खर्च | शेष |
|---|---|---|---|
| 2022-23 | 375.00 | 367.50 | 7.50 |
| 2023-24 | 500.00 | 489.98 | 10.02 |
| 2024-25 | 500.00 | 470.73 | 29.27 |
| 2025-26 | 500.00 | 28.18 | 471.82 |
| कुल | 1875.00 | 1356.39 | 518.61 |

विधायक सरिता आर्य (नैनीताल)



| वर्ष | आवंटन | खर्च | शेष |
|---|---|---|---|
| 2022-23 | 375.00 | 367.44 | 7.56 |
| 2023-24 | 500.00 | 482.32 | 17.68 |
| 2024-25 | 500.00 | 378.92 | 121.08 |
| 2025-26 | 500.00 | 165.67 | 334.33 |
| कुल | 1875.00 | 1394.35 | 480.65 |

विधायक दीवान सिंह बिष्ट (रामनगर)



| वर्ष | आवंटन | खर्च | शेष |
|---|---|---|---|
| 2022-23 | 375.00 | 367.44 | 7.56 |
| 2023-24 | 500.00 | 485.00 | 15.00 |
| 2024-25 | 500.00 | 450.94 | 49.06 |
| 2025-26 | 500.00 | 0.00 | 500.00 |
| कुल | 1875.00 | 1303.38 | 571.62 |

**अमृत विचार :** जनपद नैनीताल के सभी छह विधायकों में विधायक निधि खर्च करने में विपक्ष कांग्रेस के एकमात्र विधायक सुमित हृदयेश अव्वल हैं जबकि विधायक निधि खर्च करने में विधायक दीवान सिंह बिष्ट कतार में सबसे पीछे हैं। हालांकि सत्ताधारी भाजपा में विधायक डॉ. मोहन सिंह बिष्ट दूसरे नंबर पर हैं, जबकि भाजपा के पांच विधायकों में पहले नंबर पर हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रत्येक विधायक को वर्ष 2022-23 से 2025-26 तक चार वर्षों में कुल 1875 लाख रुपये की विधायक निधि प्राप्त हुई। इसमें हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश ने सबसे ज्यादा 1779.19 लाख खर्च किए। जबकि रामनगर विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने सबसे कम 1303.38 लाख रुपये खर्चे हैं। इन्हीं पर सबसे ज्यादा 571.62 लाख रुपये विधायक निधि में बचे हैं, इस रकम में भी 500 लाख वित्तीय वर्ष 2025-26 की है। विधायक निधि में सबसे कम बकाया डॉ. मोहन सिंह बिष्ट है।

**जनपद नैनीताल में हैं छह विधानसभा सीटें :** जनपद नैनीताल में भीमताल, नैनीताल, रामनगर, कालाढूंगी, लालकुआं और हल्द्वानी विस सीटें हैं। इनमें हल्द्वानी को छोड़ दें तो पिछली दो विधानसभा चुनाव से पांचों सीटों पर भाजपा का ही कब्जा है। हां, वर्ष 2017 में प्रचंड मोदी लहर में भीमताल से राम सिंह कैड़ा निर्दलीय विधायक चुने गए थे, जो बाद में भाजपा में शामिल हो गए थे।

# हादसे रोकने को छतरी चौराहा बनाने की मांग



डीएम ललित मोहन रयाल को ज्ञापन सौंपते हुए हल्दूचौड़ की ग्राम प्रधान रुक्मणी नेगी।

संवाददाता, हल्दूचौड़

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 109 पर हल्दूचौड़ क्षेत्र में लगातार बढ़ रही दुर्घटनाओं और आम जनता को हो रही परेशानियों को देखते हुए ग्राम प्रधान रुक्मणी नेगी ने गंभीर पहल की है। उन्होंने जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल को ज्ञापन सौंपकर हाईवे पर आवागमन के लिए तत्काल समाधान निकालने की मांग रखी।

ग्राम प्रधान नेगी ने ज्ञापन में बताया कि हल्दूचौड़ क्षेत्र में हाईवे के दोनों ओर बैंक, कोचिंग सेंटर, कई स्कूल, सामुदायिक भवन, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, महाविद्यालय एवं कोऑपरेटिव समिति जैसी महत्वपूर्ण संस्थाएं स्थित हैं। यहां रोजाना हजारों लोग गुजरते हैं, लेकिन उचित कट न होने और सुरक्षित क्रॉसिंग व्यवस्था के अभाव में आम जनता को भारी परेशानियों और दुर्घटनाओं का खतरा झेलना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि हल्दूचौड़ पुलिस चौकी से लेकर सोयाबीन फैक्ट्री के बीच का क्षेत्र सबसे अधिक दुर्घटना संभावित बन चुका है।

ऐसे में सुरक्षा और सुचारू आवागमन सुनिश्चित करने के लिए इस स्थान पर छतरी चौराहा बनाए जाने की आवश्यकता है। ग्राम प्रधान नेगी ने प्रशासन से आग्रह किया है कि स्थानीय जनता की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए शीघ्र निर्णय लेकर स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए।

# बार काउंसिल चुनाव : अधिवक्ताओं के नाम वोटर लिस्ट से हटाने पर रोष

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** उत्तराखंड में लंबे अंतराल के बाद होने जा रहे स्टेट बार काउंसिल चुनावों को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। आगामी 4 फरवरी, 2026 को प्रस्तावित इन चुनावों से पहले बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं के नाम वोटर लिस्ट से हटाने के प्रस्ताव पर सवाल उठाए जा रहे हैं।

हाई-पावर्ड इलेक्शन कमेटी उत्तराखंड के सेक्रेटरी को भेजे गए पत्र में हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष चंद्रशेखर जोशी ने इस फैसले पर कड़ा एतराज जताया है। उन्होंने कहा कि राज्य बार काउंसिल में विधिवत रूप से पंजीकृत और दस्तावेज सत्यापन करा चुके कई प्रैक्टिसिंग वकीलों को सिर्फ इस आधार पर वोटर लिस्ट से हटाने का प्रस्ताव है कि उन्होंने डिक्लेरेशन फॉर्म जमा नहीं किया है। उन्होंने इसे चौंकाने वाला और लोकतांत्रिक अधिकारों का सीधा उल्लंघन बताया है।



सेक्रेट्री को ज्ञापन सौंपते हुए हाई कोर्ट बार एसो. के पूर्व उपाध्यक्ष चंद्रशेखर जोशी।

- हाई-पावर्ड इलेक्शन कमेटी के सेक्रेट्री को सौंपा पत्र

पत्र में बताया गया है कि नए लॉ ग्रेजुएट्स के एनरोलमेंट या रजिस्ट्रेशन के समय स्टेट बार काउंसिल की ओर से डिक्लेरेशन फॉर्म को लेकर न तो कोई शर्त रखी गई थी और न ही पूर्व में कोई सार्वजनिक सूचना जारी की गई थी। जिससे हजारों योग्य मतदाता इस नियम से अनजान रह गए। साथ ही, 4 फरवरी, 2026 को हाईकोर्ट और राज्य के 13 में से 10 जिलों में जनवरी व फरवरी में शीतकालीन अवकाश होने के कारण बार काउंसिल ऑफ उत्तराखंड की चुनाव की तिथि आगे बढ़ाने की मांग भी की गई है।

# कांग्रेसी सोच को दिखाता है हरक का बयान : भगत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



**अमृत विचार :** भाजपा विधायक बंशीधर भगत ने कांग्रेस नेता हरक सिंह रावत की ओर से सिख समाज पर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को कांग्रेस की सिख समाज के प्रति भावना का खुला प्रदर्शन बताया है। उन्होंने कहा कि धर्म की रक्षा करने वाली बहादुर कौम के मान-सम्मान को चोट पहुंचाने वाले ऐसे कांग्रेस नेता को सिख समाज कभी माफ नहीं करेगा।

विधायक भगत ने कहा कि हरक सिंह रावत ने सिख समाज पर जो अभद्र और अपमानजनक टिप्पणी की है, यह कांग्रेस की असल सोच को उजागर करती है। कांग्रेस हमेशा अल्पसंख्यकों के वोट बैंक की राजनीति करती है लेकिन उनके सम्मान की परवाह नहीं करती। सिख समाज देश की सबसे बहादुर कौम है, जिसने अनगिनत कुर्बानियां दी हैं। ऐसे में इस तरह की टिप्पणी न केवल शर्मनाक है बल्कि कांग्रेस की घटिया मानसिकता को दर्शाती है।

उन्होंने हरक सिंह रावत से तुरंत सार्वजनिक माफी मांगने की मांग की अन्यथा पूरे देश का सिख समाज इसका जवाब देगा। विधायक भगत ने बालवीर जोरावर सिंह एवं फतेह सिंह की कुर्बानी को भूलने का आरोप लगाते हुए कहा 2027 में कांग्रेस इस भूल का खामियाजा भुगतने के लिए तैयार रहे।

# चाइल्ड हेल्पलाइन, घरेलू हिंसा व पॉक्सो एक्ट की जानकारी दी

संवाददाता, हल्द्वानी



भीड़ापानी में आयोजित कार्यशाला के दौरान मौजूद छात्राएं, शिक्षक व अन्य।

**अमृत विचार :** बाल विकास परियोजना, ओखलकांडा की ओर से मंगलवार को राजकीय इंटर कालेज भीड़ापानी में यूसीसी से संबंधित कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में यूसीसी समान नागरिक संहिता से जुड़ी जानकारियां देते हुए लोगों को इसके प्रति जागरूक किया गया।

इस दौरान बालिकाओं से असुरक्षित स्थान चिन्हित कराए गए और बाल विवाह, पॉक्सो एक्ट, चाइल्ड हेल्पलाइन, घरेलू हिंसा और 'तेरे मेरे सपने' केंद्र के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान एसडीएम अंशुल भट्ट और ब्लॉक प्रमुख केडी रुवाली की उपस्थिति में यूसीसी पर नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया, जिसमें कार्यकर्ताओं ने समान नागरिक संहिता से जुड़े विभिन्न पहलुओं जैसे विवाह, तलाक, संपत्ति, गोद लेना आदि के बारे में बताया कि किसी भी धर्म या जाति के व्यक्ति पर सभी उक्त मामलों में समान नियम लागू होंगे। बताया गया कि 27 मार्च 2010 के बाद विवाह करने वाले लोगों को पंजीकरण कराना अनिवार्य है। कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना अधिकारी तुलसी बोरा, विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार वर्मा, मिशन शक्ति से चंद्रा आर्या रहे।

# रंगदारी मांगने के मामले में रिपोर्ट दर्ज, जांच शुरू

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** छोई क्षेत्र के खुशालपुर-लामपुर लच्छी स्थित बलवीर गार्डन फार्महाउस मालिक से रंगदारी मांगने के मामले में कोतवाली पुलिस ने बीएनएस की धारा 308(4) और 351(3) के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक, 3 नवंबर को 15–16 हथियारबंद लोग चार गाड़ियों में फार्महाउस में घुसे। आरोप है कि फार्महाउस मालिक के न मिलने पर उन्होंने बंटाईदार रंजीत सिंह को धमकाते हुए कहा कि यदि चंद्रशेखर ने रंगदारी का पैसा नहीं दिया तो उसे जान से मार देंगे और फिर आएंगे। बताया गया कि हमलावर काली डिफेंडर और अन्य गाड़ियों से पहुंचे थे। फार्महाउस स्वामी चंद्रशेखर, पुत्र स्वर्गीय केशव राम, निवासी लच्छीपुर नयाबाद (कालाढूंगी), ने बताया कि घटना का वीडियो भी उनके पास मौजूद है। उन्होंने कहा कि इस मामले में स्थानीय एक दबंग के शामिल होने की बात कही है।

चंद्रशेखर ने बताया कि पूर्व में भी इसी काली डिफेंडर से उनका और उनके बेटे का कोर्ट जाते समय पीछा किया गया था। उन्होंने कहा कि 2 अक्टूबर 2019 को उन पर प्रोफेशनल शूटर्स से जानलेवा हमला कराया गया था, जिसका मुकदमा अब भी कोर्ट में विचाराधीन है।

### महेंद्र बने बेतालघाट के ब्लॉक अध्यक्ष

**हल्द्वानी :** उत्तराखंड क्रांति दल ने संगठन विस्तार करते हुए जनपद नैनीताल में नई नियुक्तियां की हैं। विकासखंड बेतालघाट से महेंद्र सिंह रावत को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देते हुए जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान ने उन्हें ब्लॉक अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है। इसके साथ ही दीपक भारती को लालकुआं विधानसभा अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

उत्तराखंड क्रांति दल ने दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों से अपेक्षा जताई है कि वे संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे और उक्रांद की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएंगे। दोनों पदाधिकारियों को उक्रांद नेताओं नारायण सिंह जंतवाल, भुवन सिंह बिष्ट, प्रमोद सती, श्याम सिंह नेगी, हरीश कौटिल्य, मदन सिंह मेर, एसडी साहिल ने बधाई दी है।

# मुख्यमंत्री से मारकण्डेय तप कुंड को संरक्षित करने की मांग उठाई

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार:** भीमताल विकासखंड की रानीबाग ग्रामसभा से पश्चिम–उत्तर दिशा में लगभग 5 किलोमीटर दूर स्थित मार्कण्डेय ऋषि के तप कुंड को संरक्षित करने की मांग स्थानीय लोगों ने की है। मान्यता है कि घने जंगल के बीच स्थित इसी स्थान पर महामुनि मार्कण्डेय ने नर-नारायण की कठोर साधना कर उनके प्रलय रूपी माया के दर्शन किए थे।

शिक्षक दीपक नौगाई के अनुसार मरकंडू मुनि के पुत्र मार्कण्डेय ने ब्रह्मचर्य व्रत लेकर हिमालय की गोद में पुष्पभद्रा नदी (गौला) के समीप स्थित इस पहाड़ी पर घोर तप किया था। पद्म पुराण में भी इसका वर्णन मिलता है। लेकिन यह स्थान उपेक्षित है और प्रचार-प्रसार से दूर है। यही कारण है कि लोगों को इस पवित्र धार्मिक स्थल की जानकारी बहुत कम है। इस स्थल को संरक्षित और विकसित करने को मुख्यमंत्री को पत्र भेजा गया है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य संजय साह ने बताया कि तप कुंड तक एक मार्ग रानीबाग से जाता है, जबकि दूसरा रास्ता भुजियाघाट से मोरा गांव होते हुए पहुंचता है। दोनों ही रास्तों में घना जंगल पड़ता है। लगभग 5 किलोमीटर दूर चीड़ के जंगलों के बीच स्थित यह कुंड सदैव स्वच्छ जल से भरा रहता है। इसे ही मार्कण्डेय तप कुंड कहा जाता है।



# श्रीराम अस्पताल में बच्ची के पेट से निकाली चाबियां

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** श्रीराम अस्पताल में एन्डोस्कोपी कर तीन वर्ष की बच्ची के पेट में फंसी चाबियां निकाल कर उसकी जान बचाई है।

श्रीराम अस्पताल के वरिष्ठ गैस्ट्रोइन्ट्रोलॉजिस्ट डॉ. अमरपाल आनंद ने बताया कि बीती 8 दिसंबर को भगवानपुर रोड निवासी एक दंपत्ति अपनी तीन वर्षीय बच्ची के साथ पहुंचे। उन्होंने बताया कि बच्ची चाबियों के साथ खेल रही थी, तभी बच्ची ने चाबियां मुंह में डाल ली और निगल गई। उन्होंने बताया कि चाबियां निगलने से बच्ची और माता पिता घबराए हुए थे। उन्होंने बताया कि बच्ची की एन्डोस्कोपी करके बच्ची के मुंह से चाबियां निकाल दीं। डॉ. अमरपाल ने बताया कि अब वह बच्ची पूरी तरह से स्वस्थ्य है। बच्ची का ऑपरेशन करने की भी जरूरत नहीं पड़ी। माता पिता को आर्थिक बोझ भी सहन नहीं करना पड़ा। उन्होंने अभिभावकों से अपील की है कि वे छोटे बच्चों को सिक्के, पिन, छोटे सेल वगैरह न दें। अक्सर बच्चे खेलते समय उन्हें निगल लेते हैं जिससे बड़ा नुकसान हो सकता है।



पेट से निकाली गई चाबी। ● अमृत विचार

सिटी ब्रीफ

## आवेदनों पर अनुमोदन और स्वीकृति के लिए बैठक आज

**रुद्रपुर** : जिला पर्यटन अधिकारी लता बिष्ट ने बताया कि वीर चंद्र सिंह गढ़वाली पर्यटन स्वरोजगार योजना और पं. दीनदयाल उपाध्याय गृह आवास (होम स्टे) विकास योजना के तहत प्राप्त आवेदनों पर अनुमोदन एवं स्वीकृति के लिए मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक बुधवार को आयोजित होगी। बैठक 11:30 बजे विकास भवन सभागार में आयोजित होगी। जिला पर्यटन अधिकारी ने बताया कि दोनों योजनाओं के तहत जिन आवेदकों ने अपनी पूर्ण पत्रावलियां कार्यालय में जमा की हैं, उन्हें सूचित किया जाता है कि निर्धारित बैठक में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहें। किसी भी कारणवश आवेदक की अनुपस्थिति की स्थिति में उसके आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जाएगा। उन्होंने सभी संबंधित आवेदकों से अनुरोध किया है कि वे अपने आवेदन पत्र एवं योजना से संबंधित सभी मूल अभिलेखों सहित समय से बैठक में उपस्थित हों।

## छात्रों को दी कानूनी प्रावधानों, और उपायों की जानकारी

**रुद्रपुर** : उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के निर्देश पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण योगेंद्र कुमार सागर ने अटल उत्कृष्ट एएनझा स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय भ्रष्टाचार विरोधी दिवस के अवसर पर एक विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया। मंगलवार को शिविर में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने उपस्थित छात्रों को भ्रष्टाचार के विरुद्ध सजग रहने की प्रतिज्ञा दिलाई गई। साथ ही भ्रष्टाचार विरोधी, पारदर्शिता और लोक प्रशासन में जवाबदेही से संबंधित कानूनी प्रावधानों, नियमों, निवारक उपायों और संस्थागत तंत्रों के बारे में जागरूक किया। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य, अध्यापक, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल मो. मिराज आदि उपस्थित रहे।

# फिर दिखी गुटबाजी, पार्षद-महानगर अध्यक्ष में बहस

## कांग्रेस की 'वोट चोर गद्दी छोड़' रैली की तैयारी को लेकर बैठक में हुआ हंगामा, विधायक बेहड़ ने बुलाई थी कार्यकर्ताओं की बैठक

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार** : जहां कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता लगातार पार्टी को मजबूती प्रदान करने का प्रयास कर रहे हैं, वहीं रुद्रपुर कांग्रेस में आपसी गुटबाजी समाप्त होने का नाम ही नहीं ले रही है। किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़ द्वारा सिटी क्लब सभागार में दिल्ली चलो एवं वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान को लेकर एक बैठक बुलाई गई थी। बैठक शुरू होने से पहले कांग्रेस महानगर अध्यक्ष और पार्षद में बहसबाजी शुरू हो गई। इतना ही नहीं पार्षद ने कांग्रेस छोड़ने तक की धमकी दे डाली। थोड़ी देर चले हंगामे के बाद विधायक बेहड़ ने हंगामे का पटाक्षेप किया।

हुआ यूं कि मंगलवार को किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ ने 14 दिसंबर को वोट चोर गद्दी छोड़ दिल्ली चलो महारैली के लिए कार्यकर्ताओं की एक बैठक बुलाई थी। जिसमें पार्षदों के अलावा नेता भी आए और बैठक में गाबा गुट की माने जाने वाली कांग्रेस महानगर अध्यक्ष ममता रानी भी पहुंचीं। अभी विधायक बेहड़ पहुंचे भी नहीं थे कि भूत बंगला पार्षद परवेज कुरैशी खड़े हुए और माइक पकड़कर बोलने लगे- ''जिस कांग्रेस के लिए वह मुस्लिम समुदाय में जाकर वोट मांगते हैं और जब समुदाय के धार्मिक स्थल पर प्रशासन तोड़फोड़ कर कब्जा करता है तो जिला एवं महानगर कांग्रेस चुप्पी साध लेती है। ऐसे में कांग्रेस पार्टी में रहने का कोई फायदा नहीं।''

बस क्या था पार्षद का संबोधन सुनकर मंच पर बैठी महानगर अध्यक्ष ममता रानी खड़ी हुईं और पार्षद के इस बयान पर अपनी प्रतिक्रिया करते हुए कांग्रेस को तोड़ने का आरोप मढ़ दिया। दोनों के बीच बहस बाजी शुरू हो गई। इस पर विधायक बेहड़ के आने के बाद मामला शांत हुआ। महानगर अध्यक्ष व पार्षद के बीच हुई बहसबाजी के बाद चर्चाओं का बाजार गर्म है कि आखिर कब रुद्रपुर कांग्रेस में गुटबाजी चलती रहेगी और कैसे कांग्रेस मिशन 2027 फतेह करेगी। जब कुनबे में ही मतभेद है। इस मौके पर पार्षद जितेश शर्मा, गौरव खुराना, सर्वेश कुमार, संजय जुनेजा, मोनिका ढाली, परिमल राय, मोहन खेड़ा, मोनिका ढाली, प्रीति साना आदि मौजूद रहे।



बैठक को संबोधित करते किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़।


बैठक में मौजूद कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### परिवार का है मामला, कांग्रेस है एकजुट : बेहड़

**रुद्रपुर** : बैठक को संबोधित करते हुए किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ ने कहा कि बहसबाजी का मुद्दा कांग्रेस परिवार का है और परिवार में अक्सर छोटे-छोटे झगडे होते रहते हैं, लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ता एकजुट है और संगठित रहेगा। कहा कि जिस प्रकार हरियाणा और बिहार में वोट चोरी कर पीएम मोदी लोकतंत्र की हत्या कर रहे हैं और जनभावनाओं पर कुठाराघात कर भाजपा की सरकार बन रही है। यही कारण है कि राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी के तूफानी आंदोलन ने देशवासियों को वोट चोरी की हकीकत को सामने ला कर रख दिया है। वोट चोर गद्दी छोड़ आंदोलन के तहत ही 14 दिसंबर को राहुल गांधी की मौजूदगी में दिल्ली में महारैली होगी और प्रदेश से हजारों की तादाद में कार्यकर्ता पहुंचे, क्योंकि यह महारैली भाजपा को उखाड़ फेकेगी।

### लगाया आरोप -चुप्पी साधे रहते हैं कांग्रेस के नेता

**रुद्रपुर** : भूतबंगला पार्षद परवेज कुरैशी ने कहा कि विधायक हो या फिर मेयर। संविधान की शपथ लेकर जनता की रक्षा का संकल्प लेते हैं और जब किसी भी धर्म या समुदाय के आशियाने को तोड़ा जाता है तो यही जनप्रतिनिधि मौके पर जाकर एक समुदाय को खुश करने की कोशिश करते हैं। वहीं विपक्ष की भूमिका निभाने वाली कांग्रेस के स्थानीय नेता चुप्पी साधे रहते हैं, जबकि वह हर चुनाव में समुदाय के बीच जाते हैं और अपने बूथ से जिता कर भेजते हैं। ऐसे में जिला एवं नगर कांग्रेस नेताओं को संघर्ष करना पडे़गा। वरना चुनाव में वह कांग्रेस का प्रचार नहीं करेंगे और पार्टी को अलविदा कह देंगे। क्योंकि रुद्रपुर कांग्रेस नेता एसी में बैठक कर ही जिले या नगर की राजनीति करते हैं। धरातल पर कोई भी नेता कार्यकर्ता का साथ नहीं देता।

### पार्षद की नाराजगी परिवार का मामला

महानगर अध्यक्ष ममता रानी ने कहा कि पार्षद की नाराजगी कांग्रेस परिवार का मामला है। जब से उन्हें महानगर अध्यक्ष का दायित्व मिला है। उनका प्रयास है कि सभी पार्षदों से सामंजस्य बनाकर संगठन को मजबूती प्रदान करें। उनके बयान पर कोई ऐतराज नहीं है और जिस वक्त प्राधिकरण या प्रशासन खेड़ा बस्ती में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई कर रहा था, उस कार्रवाई की कोई जानकारी नहीं है। कोई भी कार्यकर्ता जानकारी देगा। तो वह स्वयं अकेले ही संघर्ष करने को तैयार हैं। फिलहाल 14 दिसंबर की महारैली की तैयारी जोरों पर है और कांग्रेस कार्यकर्ता भी एकजुट है।

## पेपर्स मिल के कर्मचारियों ने वेतन न मिलने पर दी तहरीर

**बाजपुर:** एक पेपर्स मिल के कर्मचारियों ने वेतन न मिलने, अभद्र व्यवहार और मारपीट के आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस चौकी दोराहा क्षेकत्रांतर्गत संचालित एक पेपर्स मिल के चार कर्मचारियों ग्राम निर्मलपुर ठाकुरद्वारा निवासी अनिल कुमार, ग्राम बबनिया पट्टी ठाकुरद्वारा निवासी कपिल कुमार, ग्राम कनौरा बाजपुर निवासी इमरान व ग्राम शौकानगला केलाखेड़ा निवासी विशाल ने पुलिस को बताया कि वह लोग पिछले 2 से 4 माह से मिल में कार्यरत हैं, लेकिन अब तक उन्हें वेतन नहीं दिया गया है। कर्मचारियों का कहना है कि जब भी वेतन के लिए मिल के मैनेजर से बात की जाती है, तो वह अभद्रता पर उतर आता है और स्पष्ट रूप से कह देता है कि मेरे हाथ में कुछ नहीं है, ऊपर से सैलरी आएगी तभी मिलेगी, वरना कुछ नहीं मिलेगा। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि जब कर्मचारियों ने वेतन के विषय में मिल के मालिक से वार्ता की, तो गाली-गलौज करते हुए धमकी दी गई कि दोबारा वेतन की बात की तो अंजाम ठीक नहीं होगा। कर्मचारियों के अनुसार मालिक और मैनेजर दोनों ने वेतन देने से साफ इन्कार कर दिया है, जिससे वह मानसिक रूप से परेशान हैं।

### अस्थायी दुकानों को रामलीला ग्राउंड में मिलेगा स्थान

**बाजपुर** : नगर की यातायात समस्या को देखते हुए श्रीरामलीला कमेटी ने अस्थायी दुकानदारों (फास्ट फूड ठेला संचालकों) को व्यवस्थित करने की पहल की है। कमेटी के पदाधिकारियों ने कोतवाल नरेश चौहान से मिलकर श्रीरामलीला ग्राउंड में प्रत्येक व्यापारी को लगभग 8 गुणा 10 फीट का स्थान देने का प्रस्ताव रखा। कमेटी ने बताया कि वे आवंटन का संपूर्ण खर्च स्वयं वहन करेंगे और निर्धारित शुल्क लेंगे, जिससे बाजार में यातायात सुचारू हो सके। कोतवाल चौहान ने इस प्रस्ताव का स्वागत करते हुए नगरपालिका के सहयोग से सर्वमान्य समाधान निकालने का आश्वासन दिया।

# हॉटमिक्स मार्ग का लोकार्पण किया

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** विधायक शिव अरोरा ने एनएच 87 से अटरिया मंदिर मोड़ होते हुए परशुराम चौक सिडकुल ढाल तक जाने वाली 4 किलोमीटर लम्बे हॉटमिक्स मार्ग का फीता काटकर लोकार्पण किया और आम जनता को समर्पित किया। यह मार्ग 1.94 करोड़ लागत से बनाया जा रहा है जो पिछले 16 वर्षों से जर्जर हाल में था।

मंगलवार को कार्यक्रम के दौरान विधायक ने कहा कि यह मार्ग जर्जर हालत में था। बरसात के दिनों में इन गड्ढों में पानी भरने से आये दिन टुकटुक पलटने और लोगों के चोटिल होने की घटना प्रकाश में आती थी। सड़क के निर्माण के लिए कई बार लोगों ने धरने दिए। उन्होंने कहा कि इस मार्ग से प्रतिदिन 50 हजार से अधिक लोग सिडकुल आते-जाते हैं।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की सरकार में विकास कार्यों को नई रफ्तार मिली है। देवभूमि उत्तराखंड को एक नई पहचान मिली है। विकास के पथ पर भी उत्तराखंड तेज गति से आगे बढ़ा है।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता, तरुण दत्ता, राजकुमार साह, पार्षद निमित्त शर्मा, राधेश शर्मा, सांसद अनुभव चौधरी, डॉ.अशोक निराला, सुंदर लाल, पंकज, दिनेश राणा, नवीन साह, एमपी मौर्य आदि मौजूद रहे।


हॉटमिक्स मार्ग का फीता काटकर लोकार्पण करते विधायक शिव अरोरा। ● अमृत विचार

# गन्ना फसल की बुवाई की जानकारी दी गई

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** गन्ना किसान संस्थान एवं प्रशिक्षण केंद्र काशीपुर द्वारा गन्ना विकास परिषद काशीपुर परिक्षेत्र के ग्राम किलावली में मंगलवार को एक दिवसीय कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया।

गोष्ठी को संबोधित करते हुए गन्ना विभाग के प्रचार एवं जनसंपर्क अधिकारी नीलेश कुमार ने गन्ने की बुवाई जैसे विषय में किसानों को अवगत कराया। निलेश कुमार ने बताया कि गन्ने की कृषि में गहराई तथा दूरी का बहुत महत्व है। किसान इसका पालन करें। गहराई में गूल खोदकर गन्ने की बुवाई करें तथा दूरी बनाए रखें। जिससे कि गन्ने को फैलाव में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि शरद कालीन गन्ना बुवाई का समय है। गन्ना किसान अपनी खेत की अच्छी सी तैयारी कर के ही गन्ने की बुवाई प्रारंभ करें। जिन गन्ना किसानों को शरद कालीन गन्ना की बुवाई करनी है वह उत्तम बीज का चुनाव करें। प्रत्येक गन्ना कृषक अपने खेत का निरीक्षण करें तथा जो भी बीमारी के लक्षण उसमें पाए जाए उसका फोटो लेकर गन्ना शोध केंद्र के वैज्ञानिकों को प्रेषित करें, जिससे कि उसे फोन पर ही तत्काल सहायता उपलब्ध करा दी जाएगी। यहां गन्ना अनुसंधान केंद्र के वैज्ञानिक संजय कुमार, प्रमोद कुमार आदि मौजूद रहे।

### 50 क्विंटल खैर प्रकाष्ठ से भरा कैंटर पकड़ा

**बाजपुर** : तराई केंद्रीय वन प्रभाग में अवैध पातन (खैर कटान) की रोकथाम को लेकर मंगलवार को वन टीम ने दोराहा क्षेत्र में वन दारोगा ठाकुर दत्त के नेतृत्व में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान बरहैनी रेंज की टीम द्वारा एक कैंटर को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें भारी मात्रा में खैर प्रकाष्ठ लदा हुआ मिला। पूछताछ के दौरान चालक कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। दो लाख की वन संपदा जब्त वन विभाग ने कैंटर सहित 50 क्विंटल खैर प्रकाष्ठ को कब्जे में ले लिया।

# नवोदय में कक्षा 6 की प्रवेश परीक्षा 13 को

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** 13 दिसंबर को 2026-27 सत्र में छठी कक्षा में प्रवेश के लिए परीक्षा संबंधी तैयारियों को लेकर जवाहर नवोदय विद्यालय रुद्रपुर में जनपद के सभी परीक्षा केंद्रों के अधीक्षकों की एक बैठक आयोजित हुई। परीक्षा के लिए जिले के 10 केंद्र बनाए गए हैं। इसमें 2349 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।

मंगलवार को आयोजित बैठक में मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत ने परीक्षा को निष्पक्ष कराने के लिए सभी केंद्र के अध्यक्षों को निर्देश दिए कि वे परीक्षा प्रारंभ होने से पूर्व केंद्र की समुचित तैयारी, बैठने की व्यवस्था, सुरक्षा एवं स्वच्छता की जांच अवश्य करें। सभी प्रश्नपत्रों एवं गोपनीय सामग्री को निर्धारित समय पर ही खोलें और उनकी प्राप्ति-सुपुर्दगी का सही रिकॉर्ड रखें। कक्ष निरीक्षकों को उनके कर्तव्यों की स्पष्ट जानकारी दें और परीक्षा अवधि में लगातार निरीक्षण करते हुए अनुचित साधनों की रोकथाम को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र एवं पहचान पत्र की अनिवार्य जांच कर उन्हें समय पर कक्षों में बैठाया जाए। परीक्षा समाप्ति के बाद उत्तर पुस्तिकाएं क्रमवार एकत्रित कर उनकी गिनती करें। निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार सुरक्षित रूप से सील करें। परीक्षा प्रभारी डॉ.अनुराग शर्मा ने पीपीटी के माध्यम से परीक्षा से संबंधित दिशा-निर्देशों से सभी केंद्र अधीक्षकों को अवगत कराया।

विद्यालय की प्राचार्य कंचन जोशी ने केंद्र अधीक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि इस परीक्षा के माध्यम से पूरे जिले से छठी कक्षा के लिए 80 विद्यार्थियों का चयन होना है। कुल 2349 आवेदन प्राप्त हुए हैं। सभी अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र जारी किए जा चुके हैं। इस अवसर पर बीडी शर्मा, संजीव सिंह, केएस पांगती, आरएस गौर आदि मौजूद रहे।


बैठक में उपस्थित परीक्षा केंद्रों के अधीक्षक। ● अमृत विचार



छात्राओं को प्रमाण पत्र देते अतिथि। ● अमृत विचार

### 183 विद्यार्थियों को दिए प्रमाण पत्र व ऑफर लेटर

**रुद्रपुर** : महिंद्रा एंड महिंद्रा और सेंटम फाउंडेशन द्वारा प्रशिक्षण देने के बाद प्रशिक्षणार्थियों के लिए प्रमाण पत्र एवं ऑफर लेटर समारोह का आयोजन किया। जिसमें प्रशिक्षण प्राप्त छात्राओं को प्रमाण पत्रों का वितरण किया और ऑफर लेटर भी मुहैया कराया। महिंद्रा एंड महिंद्रा कंपनी के प्लांट हेड धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि कंपनी व सेंटम फाउंडेशन मिलकर सीएसआर के तहत विद्यार्थियों को स्वावलंबी बनाने की दिशा में कार्य करते हैं। छात्राओं को प्रशिक्षण देकर नामी गिरामी कंपनियों में जॉब दिलाना भी एक उद्देश्य है। जिसके तहत 183 विद्यार्थियों को प्रशिक्षण देने के बाद प्रमाण पत्र और ऑफर लेटर समारोह का आयोजन हुआ। आने वाले समय में भी संस्था युवाओं के बेहतर भविष्य के प्रति कार्य करती रहेगी। इस मौके पर ईआरडी हेड रमन कुमार, सीएसआर चैंपियन दिवाकर पाठक, लीडर जगपाल सिंह, जनरल सेक्रेटरी कुलविंदर सिंह गिल के अलावा सेंटम से आई गोपिका, विपिन, आदित्य, शगुन, प्रिया, हरमन कौर आदि मौजूद रहे।


**उत्तराखण्ड पावर कार्पोरेशन लि०**
**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता**
**विद्युत वितरण खण्ड सितारगंज, ऊधमसिंह नगर**

पत्रांक : 3742/वि०वि०ख०(सि०) निविदा दिनांक : 09-12-2025

**बिलों जमा, बिलो में संशोधन, आई०डी०एफ० मापक बदलने एवं विद्युत बिल जमा करने हेतु शिविर सूचना**

विद्युत वितरण खण्ड सितारगंज के अन्तर्गत सभी सम्मानित उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि विद्युत बिलों को जमा करने, नये संयोजन निर्गत करना, त्रुटिपूर्ण बिलों को सही कराना, मीटर की शिकायतों के निवारण हेतु निम्न तिथियों को शिविरों का आयोजन किया जायेगा।

शिविर के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु उपभोक्ता उल्लिखित क्षेत्रों के सम्मुख सम्बन्धित प्रतिभागी अधिकारी से दूरभाष पर भी सम्पर्क कर सकते है।

अतः सभी सम्मनित उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुँचकर अपनी समस्याओं का निवारण कर शिविर का लाभ उठाये एवं समय पर अपना विद्युत बिल जमा कर विच्छेदन की कार्यवाही से बचें।

| दिनांक | उपखण्ड अधिकारी विद्युत वितरण उपखण्ड प्रथम सितारगंज (9412091264) अवर अभियन्ता सितारगंज (9917210395) एवं बरा (9412091273) | उपखण्ड अधिकारी विद्युत वितरण उपखण्ड द्वितीय (9411108050) अवर अभियन्ता चोरगलिया 8279662502, जेलकैम्प व सिडकुल 9411108060 व नानकमता (9411108298) |
|---|---|---|
| 10-12-2025 | कौधा अशरफ, बरा | तपेड़ा, सिसौना |
| 11-12-2025 | सिसैंया, बरी | चोरगलिया मैन बाजार |
| 12-12-2025 | नकटपुरा, बरी फार्म | मटिहा, बमनपुरी |
| 13-12-2025 | | - |
| 14-12-2025 | | - |
| 15-12-2025 | पण्डरी, गुरूनानक फार्म | लामाखेडा, नकुलिया |
| 16-12-2025 | बिज्टी, अम्बेडकर नगर | कांठवास |
| 17-12-2025 | नयागांव, अजीतपुर | तुर्का तिसौर, मोहम्मद पुर भुडिया |
| 18-12-2025 | मैनाझुण्डी, अलीनगर | - |
| 19-12-2025 | खुनसरा, शहदौरा | - |
| 20-12-2025 | गोठा, फिरोजपुर | गोविन्द नगर, सिसई खेड़ा |
| 21-12-2025 | - | - |
| 22-12-2025 | मलपुरी, गऊघाट | वैकुण्ठपुर, बलखेडा, चोरगलिया मैन बाजार |
| 23-12-2025 | गौरीखेडा, नजीमाबाद | भक्ति नगर, कैथुलिया, कांठवास |
| 24-12-2025 | गोबिन्दपुर, सुर्यनगर | - |
| 25-12-2025 | भिटौरा, माता फार्म | सुरेन्द्र नगर, बिडौरा मझोला |
| 26-12-2025 | भिटौरा, माता फार्म, दडा, हसनपुर | टैगोर नगर, प्रतापपुर नं० 04 |
| 27-12-2025 | दडा, हसनपुर | - |
| 28-12-2025 | - | - |
| 29-12-2025 | कठंगरी, भगवानपुर | नगला, शक्ति फार्म बाजार |
| 30-12-2025 | मैनाझुण्डी, शहदौरा, | नानकमत्ता, गुरूग्राम |
| 31-12-2025 | सितारगंज टॉऊन | - |

उपभोक्ता टोल फ्री नं० 18004190405 एवं 1912 पर भी अपनी शिकायतों को भी दर्ज करा सकते हैं।
"विद्युत बिलों के 24x7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org"
"राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें"

**अधिशासी अभियन्ता**
**विद्युत वितरण खण्ड उपाकालि सितारगंज**



**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०**
**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड (ग्रामीण)**
33/11 केवी उपसंस्थान परिसर, कमलुवागांजा रोड, कमलुवागांजा, हल्द्वानी (नैनीताल)
E-mail: erddh@yahoo.co.in फोन: (05946) 292040 फैक्स : (05946) 298318

पत्रांक : 4147/वि०वि० ख०ग्रा० (ह०)/ दिनांक : 09-12-2025

**ई निविदा समय विस्तार सूचना**

विद्युत वितरण खण्ड (ग्रामीण), हल्द्वानी के अन्तर्गत इस खण्ड से प्रकाशित ई-निविदा संख्या 53/2025-26, जो कि दिनांक 12.12.2025 को खोली जानी थी, अपरिहार्य कारणवश निविदा खुलने की तिथि 19.12.2025 की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 18.12.2025 तक कार्यालय अवधि में प्राप्त किये जा सकते हैं।
निविदा की अन्य शर्तें यथावत् रहेंगी।

(ई० एस०के० गुप्ता)
अधिशासी अभियन्ता



**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०**
**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड (ग्रामीण)**
33/11 केवी उपसंस्थान परिसर, कमलुवागांजा रोड, कमलुवागांजा, हल्द्वानी (नैनीताल)
E-mail: erddh@yahoo.co.in फोन: (05946) 292040 फैक्स : (05946) 298318

पत्रांक : 4147/वि०वि० ख०ग्रा० (ह०)/ दिनांक : 09-12-2025

**निविदा समय विस्तार सूचना**

विद्युत वितरण खण्ड (ग्रामीण), हल्द्वानी के अन्तर्गत इस खण्ड से प्रकाशित निविदा संख्या क्रमशः 54, 55, 56, 57 एवं 58/2025-26, जो दिनांक 16.12.2025 को खोली जानी थी, अपरिहार्य कारणवश निविदा खुलने की तिथि 19.12.2025 की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 18.12.2025 तक कार्यालय अवधि में प्राप्त किये जा सकते हैं।
निविदा की अन्य शर्तें यथावत् रहेंगी।

(ई० एस०के० गुप्ता)
अधिशासी अभियन्ता



अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9532374039 8077909468



**सूचना**

यह की शपथकर्ता निशु ओली (NISHU OLI) पुत्री बी.सी. ओली (पूरा नाम भास्कर चन्द्र ओली) व स्वाति भट्ट पत्नी गौरव भट्ट एक ही व्यक्ति के नाम हैं। पता स्वाति भट्ट पत्नी श्री गौरव भट्ट एसएम पब्लिक स्कूल सितारगंज।

**सूचना**

सैन्य अभिलेखों मै भूलवश मेरी पत्नी का नाम मालती (MALTI) गलत दर्ज हो गया है सही नाम मालती देवी (MALTI DEVI) है। **आर्मी नं 4071463EX . HAV अनूप सिंह (ANUP SINGH) पी.पी.ओ.नं. 216200800666**

ब्रीफ न्यूज

## घर में अकेली नाबालिग से छेड़छाड़ और मारपीट

**किच्छा :** कोतवाली क्षेत्र में परिजनों की अनुपस्थिति में एक युवक द्वारा नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ और मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़िता की मां ने बताया कि 7 दिसंबर को उनकी नाबालिग बेटी को घर पर अकेला देखकर वार्ड नंबर 12 किच्छा निवासी सोहेल जबरन घर में घुस आया। आरोप है कि सोहेल ने नाबालिग के साथ छेड़छाड़ और अश्लील हरकतें कीं। जब नाबालिग ने विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट की, जिससे वह घायल हो गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी सोहेल के खिलाफ पॉक्सो एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत अभियोग पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

## आठ के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज

**खटीमा :** कोतवाली पुलिस ने हल्दी गांव में एक परिवार के लोगों के साथ गाली गलौज और मारपीट करने के मामले में आठ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। ग्राम हल्दी निवासी कमलेश ने पुलिस को सौंपी तहरीर में गांव के ही कई लोगों के खिलाफ उसके भाई, पोती, पत्नी और बच्चों के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर सोहन कुमार, अजय कुमार, यशपाल, स्वामीनाथ, संदीप कुमार, जोगेंद्र और सुरेश के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

## यूपी सीमा पर वाहन चेकिंग में 14 चालान, दो बाइक सीज

**खटीमा :** पुलिस ने उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश सीमा पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस ने चेकिंग के दौरान 14 वाहनों में का एमबी एक्ट में चालान किया गया। अपर पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था उत्तराखण्ड और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देशन में पुलिस क्षेत्राधिकारी विमल रावत के देखरेख में यूपी सीमा से सत्रहमील चौकी पुलिस टीम ने सघन चेकिंग अभियान चलाकर पांच बस, 18 बड़े और करीब 60 छोटे वाहनों की गहन चेकिंग की गई। पुलिस टीम ने 14 वाहनों का एमबी एक्ट में चालान और दो बाइकों को रैट्रो साइलेंसर में सीज किया गया। टीम में कोतवाल विजेन्द्र शाह, एसएसआई ललित मोहन रावल, सत्रहमील चौकी प्रभारी ललित बिष्ट, एएसआई प्रकाश सिंह नेगी, मनोज देव, पंकज कुमार, किशोर कुमार, झिगुरी राम, विजय राना, संतोष कुमार आदि रहे।

# किस्त जमा न करने पर कर्मियों ने उठाया वाहन

संवाददाता सितारगंज

**अमृत विचार :** किस्त जमा न करने पर फाइनेंस कंपनी के कर्मचारियों को बीच सड़क से वाहन को उठाना महंगा पड़ गया। मामले में पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर फाइनेंस कंपनी दो कर्मचारियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

गांव दड़हा निवासी सुनील यादव ने बताया कि वह कबाड़ अथवा स्क्रैप का काम करता है। 7 दिसंबर को उसका चालक नदीम खां गोदाम से स्क्रैप को वाहन में भरकर फुलसुंगा, रुद्रपुर ले जा रहा था। तभी रास्ते में इंडोस्टार कैपिटल फाइनेंस लिमिटेड कंपनी के दो कर्मचारियों ने उसे रोक लिया। दोनों कर्मचारियों ने किस्त जमा न करने की बात कहते हुए जबरन चालक को सीट से नीचे उतरा और वाहन लेकर निकल गए। सुनील ने बताया कि वाहन में करीब 3.38 लाख रुपये की कीमत का 87 क्विंटल स्क्रैप (लोहा) भरा था।आरोप लगाया कि फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी प्रकाश पांडे और हरीश रावत ने बिना कोई नोटिस या सुनवाई का अवसर दिए वाहन लेकर चले गए। साथ ही, वाहन लौटाने से भी मना कर दिया। बताया कि कोतवाली सितारगंज और एसएसपी से मामले की शिकायत की थी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिसके बाद उसने न्यायालय की शरण ली है। सीओ बीएस धौनी ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर केस दर्ज किया है। मामले की जांच की जा रही है।

### सोमवार देर रात साढ़े दस बजे की है घटना, छात्र को प्राइवेट अस्पताल में कराया भर्ती, लगातार दूसरी घटना

# बीटेक फाइनल ईयर के छात्र ने किया सुसाइड का प्रयास

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय में बीटेक के छात्र नीरज कुमार और अक्षत सैनी की मौत का मामला ठंडा भी नहीं हुआ था कि सोमवार की देर रात्रि बीटेक फाइनल ईयर के छात्र ने भी फंदा लगाकर सुसाइड करने का प्रयास किया। गनीमत यह रही है कि दोस्तों ने फांसी लगाते हुए देख लिया और दरवाजा तोड़कर छात्र को नीचे उतारा। आनन-फानन में छात्र को रुद्रपुर के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार ब्यासी गरमपानी कोश्यां कुटोली नैनीताल निवासी विवेक कुमार आर्या पंतनगर विवि में इलेक्ट्रिकल इंजीनियर फाइनल ईयर बीटेक की शिक्षा ग्रहण कर रहा है। सोमवार की देर शाम छात्र ने दोस्तों के साथ खाना खाया और विश्वेश्वराय छात्रावास स्थित अपने कमरे में सोने चला गया। सवा दस बजे जैसे ही दोस्तों ने देखा कि विवेक कुमार फंदा लगाकर खुदकुशी कर रहा था। वैसे ही छात्रावास के छात्र कमरे की ओर दौड़े और दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया, लेकिन तब तक छात्र फंदे पर लटक चुका था। दोस्तों ने फौरन नीचे उतारकर प्रारंभिक सीपीआर दिया और विवि के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां प्रारंभिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।

देर रात्रि को ही छात्र को रुद्रपुर के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां फिलहाल उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। सूचना मिलते ही थाना पंतनगर के दरोगा एवं रात्रि अधिकारी अशोक कुमार व दिनेश रावत ने अस्पताल पहुंचकर सुसाइड प्रयास प्रकरण की जानकारी ली और जांच शुरू कर दी है।

### अभिभावकों का सपना या पढ़ाई का है दबाव

**रुद्रपुर :** वर्ष 2025 के महज तीन माह में ही बीटेक के छात्रों द्वारा सुसाइड और सुसाइड के प्रयास का चौथा मामला सामने आया है। अब सवाल यह उठता है कि क्या बेटे को इंजीनियर बनाने का सपना संजोये अभिभावक या फिर जटिल पढ़ाई छात्रों को आत्महत्या जैसा कदम उठाने पर विवश कर रही है, क्योंकि 12 सितंबर को जहां किच्छा दरऊ के रहने वाले बीटेक छात्र नीरज कुमार ने सुसाइड कर लिया था। उसके सामने अंग्रेजी की जटिलता की चर्चा सामने आई थी और उसी रात को भी एक छात्र द्वारा सुसाइड किए जाने का मामला सामने आया था, लेकिन मामला दबा दिया गया। अब आठ नवंबर को रुड़की निवासी 21 वर्षीय छात्र अक्षत सैनी द्वारा आत्महत्या की और ठीक दूसरे दिन यानी सोमवार की रात्रि को बीटेक के ही छात्र विवेक कुमार आर्या ने सुसाइड जैसा घातक उठाने का प्रयास किया, जो कि सोचनीय विषय है।

### तो क्या बीटेक छात्रों की नहीं होती काउंसलिंग

**रुद्रपुर :** नीरज कुमार और अक्षत सैनी द्वारा सुसाइड किए जाने और दो छात्रों द्वारा सुसाइड के प्रयास के बाद अब यह सवाल उठ रहे हैं कि क्या बीटेक छात्रों की कोई काउंसलिंग होती है या नहीं। जानकारों का यह मानना है कि अभिभावकों के दबाव या फिर बीटेक के प्रति छात्र की इच्छा शक्ति है या नहीं। बावजूद इसके छात्र बीटेक में एडमिशन ले लेते हैं और पढ़ाई की जटिलता का सामना करना पड़ता है। बताया यह भी जा रहा है कि पंतनगर विवि बीटेक विभाग में छात्रों को महज किताबी ज्ञान के अलावा कभी भी काउंसिलिग जैसा कोई भी कदम नहीं उठाया जाता है। यदि काउंसलिंग कर छात्रों की हिम्मत बढ़ाई जाएं तो शायद सुसाइड या प्रयास जैसे घातक कदम की रोकथाम हो सकती है।

# प्राग फार्म की 400 एकड़ पर खड़ी फसल काटने की गुहार

### जुलूस की शक्ल में कलेक्ट्रेट पहुंचे किसान, किच्छा के प्राग फार्म अधिग्रहण का है मामला

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** किच्छा के प्राग फार्म के 400 एकड़ भूमि पर खड़ी फसल की कटाई नहीं होने से परेशान किसानों ने जुलूस निकाला और डीएम कार्यालय जाकर सांकेतिक प्रदर्शन भी किया। उन्होंने डीएम को संबोधित खत डीएम को सौंपा। कहा कि प्रशासन को भूमि का अधिग्रहण करने से पहले फसल कटाई की अनुमति देनी चाहिए। उन्होंने आगाह किया कि यदि शासन-प्रशासन ने कोई ध्यान नहीं दिया तो आंदोलन किया जाएगा।

मंगलवार को बड़ी संख्या में किच्छा प्राग फार्म के किसान डीएम कार्यालय के समीप इकठ्ठा हुए और जुलूस की शक्ल में कलेक्ट्रेट पहुंचे। उनका कहना था कि प्राग फार्म की 1900 एकड़ भूमि है। कई दशकों से किसान सहकारिता के आधार पर खेती करते है। फसल का एक निर्धारित हिस्सा फार्म लीजधारक को भी जाता है। बताया कि जून माह में 700 एकड़ पर धान की फसल लगाई थी। अगस्त माह में सरकार ने प्राग फार्म की भूमि को अधिग्रहण करने की कार्रवाई शुरू की। वर्तमान में 400 एकड़ पर धान की फसल खड़ी है और प्रशासन फसल काटने की अनुमति नहीं दे रहा है। जिस कारण दर्जनों किसान मानसिक अवसाद से गुजर रहे है और खेतीबाड़ी छिन जाने की वजह से आर्थिक तंगी का दंश भी झेल रहे हैं। अधिग्रहण की कार्रवाई के चलते दो किसानों की मौत भी हो चुकी है। उन्होंने डीएम से फसल काटने की अनुमति देने का मुद्दा उठाया। साथ ही आगाह किया कि यदि प्रशासन ने कोई राहत नहीं दी तो किसानों को आंदोलन का रास्ता अख्तियार करना पडेग़ा। इस मौके पर बलवीर सिंह, साहब सिंह, राजू यादव, अमर सिंह, संजय कुमार, विपिन कुमार, फुरकान अहमद, सरताज सिंह आदि मौजूद रहे।



डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन करते किसान। ● अमृत विचार


किच्छा में पीड़ित किसानों के साथ कांग्रेसी नेता डॉ. गणेश उपाध्याय। ● अमृत विचार

### कांग्रेस नेता ने राज्य सरकार से हस्तक्षेप करने की उठाई मांग

**किच्छा :** प्राग फार्म की लीज़ पर दी गई भूमि के सरकारी अधिग्रहण के कारण किसान संकट में हैं। पूर्व दर्जा राज्य मंत्री एवं कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता डॉ. गणेश उपाध्याय ने धरने पर बैठे किसानों से मुलाकात की और सरकार से हस्तक्षेप की मांग की। उच्च न्यायालय के माध्यम से भूमि अधिग्रहण के बाद, करीब 32 किसानों द्वारा 400 एकड़ पर बोई गई धान की फसल खेत में खड़ी है। डॉ. उपाध्याय ने बताया कि अगस्त 2025 में अधिग्रहण के बावजूद किसानों को फसल काटने की अनुमति नहीं मिली है, जिससे 30-40% फसल बर्बाद हो चुकी है। उन्होंने कर्ज लेकर खेती करने वाले किसानों के लिए जनहित में तुरंत फसल काटने की अनुमति देने की मांग की है।

# ट्रेड लाइसेंस के विरोध में दिया धरना



सितारगंज नगरपालिका में ट्रेड लाइसेंस के विरोध में धरना देते व्यापारी। ● अमृत विचार

संवाददाता सितारगंज

**अमृत विचार :** नगरपालिका की ओर से ट्रेड लाइसेंस बनाने का व्यापारियों ने विरोध किया है। मंगलवार को व्यापारियों के सभी संगठनों ने एकजुट होकर नगरपालिका कार्यालय में धरना दिया। उन्होंने ट्रेड लाइसेंस के नाम वसूली को अवैध करार दिया।

मंगलवार को नगर पालिका परिसर में धरने पर बैठे व्यापारियों ने कहा कि नगरपालिका ने ट्रेड लाइसेंस के नाम दरों में अप्रत्याशित वृद्धि की है। ट्रेड लाइसेंस नहीं बनवाने पर व्यापारियों को धमकाया जा रहा है। दुकानदारों को ईओ की मुहर लगाया कागज पकड़ाया जा रहा है। ट्रेड लाइसेंस बनाने के लिए लगाई गई समूह की महिलाएं व्यापारियों से अभद्रता कर रही हैं। उन्होंने कहा कि नगरपालिका नियमावली के अनुसार ट्रेड लाइसेंस के बनाने के लिए निरीक्षक स्तर के कर्मचारी जांच के उपरांत ट्रेड लाइसेंस बनाने के लिए आख्या देता आया है। इसके बाद व्यापारी की स्थिति को देखते हुए लाइसेंस जारी किए जाने की संस्तुति की जाती थी। आरोप लगाया कि व्यापारियों को विश्वास में लिए बगैर मनमाने तरीके से लाइसेंस फीस वसूलने का अभियान चलाया गया। पहले ही व्यापारियों से तमाम तरह के टैक्स वसूलें जा रहे हैं। नगरपालिका को ही यूजर चार्ज सहित कई तरह के टैक्स अदा कर रहें हैं। व्यापारियों ने कहा कि यदि उत्पीड़न बंद नही किया तो दुकान की चाबियां पालिका प्रशासन को सौंपने को मजबूर होंगे। बाद में व्यापारियों ने ईओ नगरपालिका को ज्ञापन सौंपा। वहां प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष उमेश गर्ग, कोषाध्यक्ष दीपेंद्र सिंघल, संदीप गुप्ता सोनू, संजय गोयल, फरियाद मियां, बसी वारसी, नरेंद्र गुप्ता, अटल अरोरा, ललित जोशी, संदीप बावा, राजू रस्तोगी, हरिओम, निशु जोशी, अंकुर गर्ग, जतिन, प्रदीप गर्ग आदि मौजूद रहे।

# लाल जोड़े में ब्याही, कफन में लिपटी मायके लौटी विवाहिता

संवाददाता, रुद्रपुर

- 26 नवंबर को मुरादाबाद में हुई थी शादी, हत्या की आशंका, शव का हुआ पोस्टमार्टम

**अमृत विचार :** एक बेबस पिता ने यह कभी नहीं सोचा था कि जो लाल जोड़े में उसकी लाडली ब्याह के ससुराल जाएगी, वह बेटी सफेद कफन में वापस लौटेगी। मामला कोतवाली इलाके की रंपुरा बस्ती का है। जहां शादी के 12 दिन बाद ही विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिवार ने ससुराल पक्ष पर हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने घटना की जानकारी लेने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

वार्ड-24 रंपुरा बस्ती निवासी मंगलसेन ने 26 नवंबर को अपनी 26 वर्षीय बेटी सोनी की शादी मुरादाबाद शिव विहार कॉलोनी लाइन पर निवासी महेश गुप्ता उर्फ गौतम के साथ की थी। हैसियत के अनुसार दहेज भी दिया। रविवार की सुबह अचानक विवाहिता के बड़े भाई मनोज कुमार को सूचना मिली कि उसकी बहन की हालत खराब है। आनन-फानन में भाई बहन के ससुराल पहुंचा तो बहन की हालत बेहद नाजुक थी और बेसुध बिस्तर पर पड़ी हुई थी। विवाहिता को मुरादाबाद के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया। जहां सोमवार की रात्रि विवाहिता सोनी की मौत हो गई।

मंगलवार की सुबह जैसे ही सफेद कपड़े में लिपटा विवाहिता का शव मायके पहुंचा तो परिवार में कोहराम मच गया। परिवार ने ससुराल पक्ष पर दहेज की खातिर हत्या करने की आशंका जताते हुए कोतवाली पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घटना की जानकारी लेने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


सोनी (फाइल फोटो)।

## कार की टक्कर से श्रमिक की मौत

**काशीपुर:** कार की टक्कर से एक श्रमिक की मौत हो गई। आईटीआई थाना क्षेत्र के ग्राम शिवलालपुर अमरझंडा निवासी विजय यादव (45) दिहाड़ी मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करते थे। बीते सोमवार की शाम लगभग 6 बजे रामनगर रोड पर सूरज मेडिकल के पास डिवाइडर पर विजयपाल यादव मजदूरी पर एक निजी अस्पताल के रोड सेफ्टी के बोर्ड लगा रहे थे। इसी दौरान शाम लगभग 6:45 बजे आरओबी से एक तेज रफ्तार कार उतर रही थी। कार चालक ने डिवाइडर के पास खड़े विजयपाल को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर लगने से विजयपाल गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें सरकारी अस्पताल ले गए जहां डॉक्टर ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। इसके बाद मौत हो गई।

# प्राधिकरण के फरमान के खिलाफ भड़के लोग

संवाददाता, रुद्रपुर/दिनेशपुर

**अमृत विचार :** बिना मानचित्र के विद्युत कनेक्शन नहीं देने सहित कई मुद्दों को उठाते हुए पूर्व दर्जा राज्य मंत्री एवं राज्य आंदोलनकारी हरीश पनेरू एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता जिला पंचायत पूर्व उपाध्यक्ष त्रिनाथ विश्वास के साथ बड़ी संख्या में लोग जिला विकास प्राधिकरण कार्यालय पहुंचे और धरना प्रदर्शन कर प्राधिकरण सचिव का घेराव किया। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण के फरमान के बाद लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है और मानचित्र के नाम पर भ्रष्टाचार हो रहा है। उन्होंने आगाह किया कि यदि जल्द ही आदेश निरस्त नहीं हुआ और भ्रष्ट अधिकारियों को चिह्नित नहीं किया तो ऐसे अधिकारियों को बेनकाब कर उग्र आंदोलन किया जाएगा।


प्राधिकरण कार्यालय पर प्रदर्शन करते पूर्व दर्जा राज्यमंत्री हरीश पनेरू व अन्य लोग। ● अमृत विचार

मंगलवार को ज्ञापन देते हुए पनेरु ने बताया कि तमाम राज्य आंदोलनकारियों ने शहादत देकर राज्य का गठन किया और राज्य गठन के बाद प्रदेश में अफसरशाही हावी हो चुकी है। आरोप था कि प्राधिकरण शहरी क्षेत्रों को छोड़कर ग्रामीण इलाकों में अपना हस्तक्षेप कर रहा है। नोटिस व सीलिंग की कार्रवाई कर रहा है और मानचित्र के नाम पर दो-दो लाख की रिश्वतखोरी का धंधा संचालित है।

उन्होंने प्राधिकरण सचिव पंकज उपाध्याय से छोटी-छोटी कॉलोनियों को वैध घोषित करने, ग्रामीण इलाकों में हस्तक्षेप समाप्त करते हुए नोटिस व सीलिंग की कार्रवाई पर रोक लगाने, प्राधिकरण का भय समाप्त करने, विद्युत कनेक्शन लगाने सहित कई मुद्दों का सरलीकरण करने का आदेश जारी करने का मुद्दा उठाया। आगाह किया कि मांगें पूर्ण होने पर उग्र आंदोलन होगा। इस मौके पर किशोर हल्दार, महेंद्र शर्मा,विशाल कुमार,नवीन कुमार आदि मौजूद रहे।


कार्रवाई | राजस्व विभाग ने आरंभ की जुर्माने की कार्रवाई

# मिट्टी खनन पर चला प्रशासनिक अधिकारियों का चाबुक

संवाददाता शक्तिफार्म

**अमृत विचार :** निर्मल नगर में लंबे समय से जारी अवैध मिट्टी खनन पर आखिर प्रशासनिक चाबुक चल पड़ा। राजस्व विभाग ने पैमाइश कर खेत स्वामी पर जुर्माने की कार्रवाई आरंभ कर दी है।

ग्राम सभा निर्मल नगर एवं 20 क्वार्टर क्षेत्र में लंबे समय से, मिट्टी खनन का अवैध कारोबार बदस्तूर जारी है। कई बार तहसीलदार एवं राजस्व विभाग की टीम द्वारा कार्यवाही किए जाने के बावजूद भी खुलेआम अवैध मिट्टी खनन किया जा रहा है। खनन माफिया इतने बेखौफ हैं कि सरकारी भूमि के साथ-साथ, कृषि भूमि से भी बड़े पैमाने पर अवैध मिट्टी खनन करने में जुटे रहे। शिकायत पर राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच एवं पैमाइश की। जांच में स्पष्ट हुआ कि मिट्टी खनन माफियाओं द्वारा सरकारी भूमि के साथ-साथ, वर्ग 8 की कृषि भूमि से भी, बड़े पैमाने पर मिट्टी का अवैध खनन किया गया। राजस्व उप निरीक्षक मोहम्मद इस्माइल एवं टीम द्वारा जांच एवं पैमाइश के पश्चात पाया कि खेत स्वामी सुखलाल समेत कई लोगों द्वारा, खेतों से मिट्टी की अवैध खुदाई कर ट्रैक्टर ट्रालियों से बेचा जा रहा था। जिस पर राजस्व विभाग टीम ने खेत स्वामी के खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई आरंभ कर दी है।


निर्मल नगर में बड़े पैमाने पर किया गया मिट्टी खनन। ● अमृत विचार

### उच्च अधिकारियों को प्रेषित की रिपोर्ट

**शक्तिफार्म :** राजस्व उप निरीक्षक मोहम्मद इस्माइल ने कहा कि, निर्मल नगर में वर्ग 8 की भूमि पर अवैध मिट्टी खनन की पुष्टि हुई है। राजस्व विभाग की टीम द्वारा भू स्वामियों के खिलाफ, जुर्माने की रिपोर्ट तैयार कर, कार्रवाई के लिए उच्च अधिकारियों को प्रेषित किया गया है।

### स्कूली बच्चों का चलना हुआ दूभर

**शक्तिफार्म :** प्रात: काल स्कूल समय में सड़कों पर बच्चों की आवाजाही लगी रहती है ठीक उसी समय अवैध मिट्टी खनन में जुटे दर्जन भर से अधिक, ट्रैक्टर ट्रालियां ओवर स्पीड यमदूत बनकर सड़क पर दौड़ने लगती हैं। इन अवैध खनन में जुटे ट्रैक्टर ट्रालियों के कारण स्कूली बच्चों में दुर्घटना का भय बना रहता है। मिट्टी से भरे ओवरलोड ट्रैक्टर ट्रालियों में न तो डाला लगी होती है और न ही उसके ऊपर त्रिपाल होता है। सड़कों पर मिट्टी बिछ जाने के कारण, धूल के गुबार से राहगीरों एवं व्यापारियों का जीना मुहाल हो गया है।

### ट्रैक्टर चालकों के पास ड्राइविंग लाइसेंस तक नहीं

**शक्तिफार्म :** अवैध मिट्टी खनन में जुटे ट्रैक्टर ट्रालियों के चालको के पास, ड्राइविंग लाइसेंस तक नहीं है, बावजूद भी यह ओवरलोड मिट्टी से भरे ट्रैक्टर ट्रालियों को भीड़भाड़ वाले क्षेत्र से ओवर स्पीड दौड़ाने लगते हैं। जो कभी भी हादसे का सबब बन सकता है।

## भाकपा माले के वरिष्ठ नेता के निधन पर शोक

**रुद्रपुर:** भाकपा (माले) के पदाधिकारियों ने वरिष्ठ नेता अखिलेश सिंह ठाकुर के निधन पर शोक जताया है। पदाधिकारियों ने उनके पार्थिव शरीर पर पार्टी का झंडा चढ़ाते हुए श्रद्धांजलि दी और अंतिम विदाई दी। पार्टी के राज्य कमेटी सदस्य व ट्रेड यूनियन ऐक्टू के राष्ट्रीय सचिव केके बोरा ने बताया कि खेड़ा निवासी अखिलेश ठाकुर 83 वर्ष के थे। वे अपनी युवावस्था में पूर्वांचल बलिया से रुद्रपुर आ बसे।


अखिलेश सिंह (फाइल।

# पॉक्सो एक्ट के तीन आरोपी हुए दोषमुक्त

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** पॉक्सो एक्ट के तीन आरोपियों को अदालत ने साक्ष्यों के अभाव में दोषमुक्त कर दिया।

बीती 6 मई 2023 को बाजपुर क्षेत्र के एक होटल में अनैतिक धंधा चलने की सूचना पर एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट ऊधमसिंह नगर की टीम ने पुलिस के साथ छापा मारा था। जहां पर एक किशोरी के साथ थाना बाजपुर के ग्राम मुड़िया पिस्तौर निकट ईदगाह निवासी मोनिश, काशीपुर के जसपुर खुर्द निवासी प्रीतपाल सिंह व यूपी के मुजफ्फरनगर के थाना मंसूरपुर ग्राम गोविंदपुरी व हाल बाजपुर निवासी परमिंदर को पुलिस ने गिरफ्तार किया था।

इन आरोपियों को पॉक्सो एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में चालान कर जेल भेज दिया था। उक्त मामला एफटीसी/अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) रूद्रपुर अश्वनी गौड़ की अदालत में चला। अदालत में बचाव पक्ष के काशीपुर निवासी अधिवक्ता ने दलीलों व पत्रावलियों को अदालत के समक्ष प्रस्तुत किया। अदालत ने प्रस्तुत पत्रावलियों का अवलोकन करने व दलीलों के सुनने के बाद मोनिश, प्रीतपाल सिंह व परमिंदर सिंह को साक्ष्यों के अभाव में दोषमुक्त कर दिया।

सिटी ब्रीफ

### आधार कार्ड अपडेट को लेकर हो रही परेशानी पर चिंता जताई

**बाजपुर :** नगरपालिका अध्यक्ष गुरजीत सिंह 'गित्ते' ने क्षेत्र में आधार कार्ड अपडेट को लेकर आमजन को हो रही भारी असुविधाओं पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। इस संबंध में उन्होंने एसडीएम डा.अमृता शर्मा को पत्र लिखकर तत्काल समस्या समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की है। चेयरमैन ने कहा कि राशन कार्ड व रसोई गैस कनेक्शन में ई-केवाईसी अनिवार्य कर दिए जाने के कारण आधार कार्ड अपडेट कराना लोगों के लिए जरूरी हो गया है, लेकिन डाकघर के बाहर तड़के से ही लंबी कतारें लग रही हैं, जबकि प्रतिदिन सिर्फ 30-35 टोकन ही जारी किए जा रहे हैं, जिससे लोगों को घंटों परेशानी झेलनी पड़ रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सीएससी केंद्र संचालक आधार अपडेट के नाम पर मनमाना शुल्क वसूल रहे हैं, जिससे आम आदमी का आर्थिक शोषण हो रहा है।



गुरजीत सिंह गित्ते।

### झनकट में निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर लगा

**खटीमा :** ग्राम पंचायत झनकट में आयोजित निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में 30 नेत्र रोगियों की आंखों की जांच की गई और मोतियाबिंद की शिकायत वाले चिन्हित किए गए। ग्राम प्रधान रीता बोरा और समाजसेवी ललित बोरा की देखरेख में निरंजना हेल्प केयर सेंटर द्वारा 30 नेत्र रोगियों का परीक्षण किया गया। जिसमें 20 रोगियों के आंखों में मोतियाबिंद की शिकायत पर ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। शिविर में नेत्र रोगियों को दवाइयां और आंखों के रखरखाव संबंधित सुझाव दिए गए। ऑपरेशन हेतु चयन किए गए नेत्र रोगियों का ऑपरेशन कर उन्हें उनके घर तक छोड़ा गया। कैंप व्यवस्थापक डॉ. अर्जुन टम्टा द्वारा संचालित कैंप में डॉ. निशा बाटला, डॉ. निर्मल आदि की देखरेख में नेत्र रोगियों का उपचार और ऑपरेशन किया गया। इस दौरान राज कुमारी, भावना मनोला, प्रिया बिष्ट, मोनिका मनोला, सीता आदि मौजूद रहे।

### किशोर से कराई मजदूरी दुकान स्वामी पर केस

**सितारगंज :** 13 वर्षीय बालक से मजदूरी कराने के मामले में पुलिस ने दुकान स्वामी के खिलाफ केस दर्ज किया है। सोमवार को श्रम प्रवर्तन अधिकारी मीनाक्षी भट्ट कोतवाली में दी तहरीर में बताया है कि अमरिया, पीलीभीत निवासी 13 वर्षीय किशोर से अनुपम स्वीट्स हाउस में मजदूरी कराई जा रही थी। मामले में पुलिस ने मिष्ठान दुकान के स्वामी अमित सलूजा पर केस दर्ज किया है।

### अनाथ बच्चों और स्कूल के छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

**काशीपुर :** रामनगर रोड स्थित शेमफोर्ड पब्लिक स्कूल में उर्वशी दत्त बाली के नेतृत्व में "50 तारे" प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें अनाथ बच्चों और स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लेकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। आर्ट एंड क्राफ्ट में नेताजी सुभाष चंद्र बोस अकादमी से संदीप प्रथम और अंश राणा द्वितीय रहे जबकि शेमफोर्ड स्कूल से प्रिया बिष्ट प्रथम और रिया रावत द्वितीय रहीं। कैरम प्रतियोगिता में अनुराग प्रथम और आयुष कोहली द्वितीय रहे। चित्रकला में प्रियांश ने पहला स्थान और नक्ष ने दूसरा स्थान हासिल किया। वहीं दक्षिता प्रथम और हिमांशी द्वितीय रहीं। अंग्रेजी सुलेख में शुभम प्रथम और कृष्ण सैनी द्वितीय रहे, जबकि शेम्फोर्ड स्कूल के मनराज प्रथम और नारायण द्वितीय स्थान पर रहे। हिंदी सुलेख में मनोहर ने प्रथम और लक्की ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, वहीं शेमफोर्ड स्कूल की आराध्या रावत प्रथम और हरजीत सिंह द्वितीय स्थान पर रहे। वहां पर प्राचार्या ज्योति राणा मौजूद रहे।

# नोटिस मिलने से भड़के अधिवक्ता न्यायालय परिसर के बाहर प्रदर्शन

## बार एसोसिएशन ने जारी किए थे अधिवक्ताओं को नोटिस, कार्यबहिष्कार किया

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** कई वरिष्ठ अधिवक्ताओं को काशीपुर बार एसोसिएशन द्वारा नोटिस जारी होने के बाद अधिवक्ताओं में रोष व्याप्त हो गया। अधिवक्ताओं ने कार्य बहिष्कार कर प्रदर्शन किया।

काशीपुर बार एसोसिएशन अध्यक्ष अवधेश कुमार चौबे व सचिव नृपेंद्र चौधरी ने मंगलवार को नौ अधिवक्ताओं को नोटिस जारी किया। इसमें कहा कि बीती 28 नवंबर को कई अधिवक्ताओं को भ्रमित करके एक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें बार एसोसिएशन चुनाव को लेकर चर्चा की गई। आरोप लगाया कि इस दौरान वर्तमान कार्यकारिणी के विरुद्ध माहौल बनाया गया। नोटिस में कहा गया कि काशीपुर बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी अस्तित्व में है और एसोसिएशन हित में निर्णय लेने व आमसभा बुलाने का अधिकार कार्यकारिणी के पास है। कहा कि उच्चतम न्यायालय ने राज्य बार काउंसिल ऑफ उत्तराखंड के चुनाव सुचारू रूप से कराने का आदेश जारी किया है। जारी नोटिस में कहा कि बार काउंसिल के प्रस्तावित चुनाव में काशीपुर बार एसोसिएशन से कम से कम चार अधिवक्ताओं के प्रतिभाग करने की संभावना है। वहीं बार काउंसिल ऑफ उत्तराखंड को बार एसोसिएशन के चुनाव के लिए वोटर लिस्ट का सत्यापन व चुनाव करवाने के लिए पर्यवेक्षक की नियुक्ति करना भी नियमों के अनुसार आवश्यक है। काशीपुर बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी ने बीती 2 दिसंबर को प्रस्ताव पारित किया है, जिसमें बार काउंसिल ऑफ उत्तराखंड के चुनाव को प्राथमिकता दी है। इसके बाद कुछ अधिवक्ताओं के कृत्य से स्पष्ट है कि वह बार काउंसिल ऑफ उत्तराखंड के चुनाव प्रभावित करना चाहते हैं। एसोसिएशन ने अधिवक्ताओं से अपेक्षा कि वह इस कृत्य की पुनरावृत्ति नहीं करें। इस संबंध में एसोसिएशन ने यशवंत चौहान, सनत कुमार पैंगिया, अमित चौहान, शैलेंद्र मिश्रा, ऋषि अग्रवाल, कश्मीर सिंह, संजय चौधरी, सुरेंद्र सिंह व संदीप सहगल को नोटिस जारी कर तीन दिन में स्पष्टीकरण मांगा है।

उधर काशीपुर बार एसोसिएशन की ओर से कई सीनियर अधिवक्ताओं को नोटिस देने के संबंध में व काशीपुर बार एसोसिएशन के तुरंत चुनाव कराने को लेकर अधिवक्ताओं ने धरना प्रदर्शन किया। साथ ही एजीएम कराने, चुनाव शीघ्र कराए जाने की मांग की। इस दौरान वक्ताओं ने मांग की कि जिन वरिष्ठ अधिवक्ताओं के खिलाफ नोटिस चस्पा किया गया है उसे निरस्त किया जाए। यहां पर एडवोकेट यशवंत चौहान, संदीप सहगल, अमित चौहान, राजेश कुमार, कश्मीर सिंह, महेंद्र चौहान, ऋषि कुमार अग्रवाल सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।




काशीपुर में कोर्ट परिसर के बाहर प्रदर्शन करते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

### कांग्रेस महानगर अध्यक्ष अलका का किया अभिनंदन

**काशीपुरः** पाल महासभा काशीपुर द्वारा अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी की नवनियुक्त काशीपुर महानगर अध्यक्ष अलका पाल का नागरिक अभिनंदन कर कांग्रेस हाईकमान का आभार जताया।

मंगलवार को पाल महासभा के सदस्यों ने स्थानीय गौतम नगर स्थित पाल सभा में नवनियुक्त महानगर अध्यक्ष अलका पाल का नागरिक अभिनंदन करते हुए उनको पगड़ी और शॉल पहनाकर स्वागत करते हुए कहा कि काशीपुर कांग्रेस के इतिहास में पहली बार किसी अति पिछड़े वर्ग की महिला को कांग्रेस हाईकमान ने महानगर अध्यक्ष बनाकर जो गौरव प्राप्त प्रदान किया है। उसके लिए पाल समाज सदैव कांग्रेस हाईकमान के प्रति कृतज्ञ रहेगा। इस अवसर पर पाल सभा के अध्यक्ष अमर सिंह पाल एवं कुमाऊं मंडल अध्यक्ष सुंदरलाल पाल ने शॉल ओढ़ाकर अलका पाल को महानगर/जिला अध्यक्ष बनने की बधाई दी। यहां दुलार सिंह पाल, नंदराम पाल, विद्यावती पाल, महेश पाल, पुष्पा पाल, कुसुम पाल, उपेंद्र पाल, राजीव पाल, विनोद पाल, फूल सिंह पाल, शिव कुमार पाल, नरेश पाल, बलजीत सिंह पाल, शकुंतला पाल, शारदा देवी, महेंद्र कुमारी आदि मौजूद रहे।

# चीनी मिल का संचालन सुचारू कराने की मांग



चीनी मिल की प्रधान प्रबंधक एसडीएम डॉ .अमृता शर्मा से वार्ता करते गन्ना किसान।

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचारः** सहकारी चीनी मिल का संचालन सुचारू कराने और गन्ना मूल्य का भुगतान जल्द उपलब्ध कराने की मांग को लेकर मंगलवार को किसान कांग्रेस के कार्यकर्ताओं का प्रतिनिधिमंडल प्रधान प्रबंधक का कार्यभार संभाल रहीं एसडीएम डॉ.अमृता शर्मा से मिला।

उत्तराखंड किसान कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष हरमिंदर सिंह ढिल्लो के नेतृत्व में कार्यकर्ता चीनी मिल पहुंचे, जहां उन्होंने जीएम से मिल संचालन में लगातार आ रही तकनीकी दिक्कतों को लेकर विस्तृत जानकारी ली। साथ ही किसानों द्वारा आपूर्ति किए गए गन्ने के भुगतान में हो रही देरी पर एतराज जताते हुए जल्द भुगतान कराने की मांग उठाई। इस पर जीएम डॉ.शर्मा ने आश्वस्त किया कि मिल संचालन को नियमित करने के लिए पूरा प्रयास किया जा रहा है। बीच-बीच में तकनीकी समस्याओं के कारण संचालन बाधित हो रहा है, लेकिन अब उम्मीद है कि मिल बिना अवरोध के चलती रहेगी। गन्ना भुगतान के संबंध में उन्होंने बताया कि शासन से गारंटी जारी होते ही भुगतान कर दिया जाएगा। एक सप्ताह के भीतर समस्या समाधान की उम्मीद जताई। वहीं पत्रकारों से बातचीत में प्रदेशाध्यक्ष हरमिंदर सिंह ढिल्लो ने कहा कि नए पेराई सत्र की शुरुआत से ही मिल का संचालन लगातार बाधित हो रहा है। किसान 72-72 घंटे तक गन्ने से लदी ट्रालियां लेकर कड़ाके की सर्दी में केनयार्ड में पड़ाव डालने को मजबूर हैं। इस मौके पर किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष नवदीप सिंह कंग, अजीत सिंह, राजेंद्र सिंह नामधारी, अमर रंधावा, अजयदीप ढौंडियाल, हाजी अमीर अहमद, अंग्रेज सिंह, जैकब पोल, राहुल गुप्ता, इंदरजीत नागरा, सत्येंद्र सागर, तुलसी आदि रहे।




विधिक शिविर में मंचासीन अपर सिविल जज जूनियर डिवीजन आशीष तिवारी।

### भ्रष्टाचार विरोधी दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर

**खटीमा :** योगेंद्र कुमार सागर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव योगेंद्र कुमार सागर के आदेशानुसार अंतरराष्ट्रीय भ्रष्टाचार विरोधी दिवस सिविल कोर्ट में अपर सिविल जज जूनियर डिवीजन न्यायिक मजिस्ट्रेट आशीष तिवारी की अध्यक्षता पर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। अंतरराष्ट्रीय भ्रष्टाचार विरोधी दिवस हर साल नौ दिसंबर को मनाया जाता है जिसका उद्देश्य है कि दुनिया भर में भ्रष्टाचार के खिलाफ जागरूकता बढ़ाना और भ्रष्टाचार से लड़ने के लिए देश को एकजुट रहना है। बताया गया कि भ्रष्टाचार शिकायत दर्ज करने के लिए टोल फ्री नंबर 1064 पर शिकायत दर्ज कर सकते हैं। पैनल अधिवक्ता चंचल सिंह, रामबचन, इलियास सिद्दीकी, हरमन दीप, स्नेहा प्रभा ने बताया कि भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने संबंधी जानकारी दी। संचालन विमल कुमार ने किया। इस मौके पर पीएलवी आरबी सिंह राणा, विमल कुमार, प्रभु दयाल, मंजू बिष्ट, कमला गोस्वामी, आशा रानी, प्रीती राना आदि मौजूद रहे।

### किशोर ने की थी महेशपुरा में चोरी

**बाजपुरः** ग्राम महेशपुरा में हुई चोरी की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। संजय सिंह ने बताया कि वह एक दिसंबर को अपने परिवार के साथ विवाह समारोह में बाहर गए हुए थे। घर पर कोई मौजूद न होने का फायदा उठाकर चोर द्वारा घर में रखे 13,500 रुपये नकद तथा करीब एक लाख रुपये के जेवरात चोरी कर लिए गए। चोरी का खुलासा करने के लिए प्रभारी निरीक्षक बाजपुर के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 15 वर्षीय किशोर को ग्राम कनौरी रोड स्थित ईदगाह के पास से गिरफ्तार कर लिया। किशोर के कब्जे से चोरी किया गया माल भी बरामद कर लिया।

# परीक्षा प्रभारी के खिलाफ सौंपी तहरीर

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** राधेहरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय छात्र संघ अध्यक्ष ने कॉलेज के परीक्षा प्रभारी पर अभद्रता का आरोप लगाया है। छात्र संघ अध्यक्ष ने पदाधिकारियों के साथ आईटीआई थाने में तहरीर सौंपकर परीक्षा प्रभारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

मंगलवार को छात्र संघ अध्यक्ष जतिन शर्मा ने छात्रों के साथ आईटीआई थाना पहुंच पुलिस को तहरीर सौंपी। कहा कि मंगलवार सुबह करीब 12 बजे वह महाविद्यालय पहुंचे। जहां जहां समाज शास्त्र विषय के 50-60 बच्चे व अन्य विषय के बच्चे खड़े थे। जिनकी परीक्षा थी और उनका नाम और रोल नंबर लिस्ट में नहीं था। इस पर वह छात्र-छात्राओं के साथ जानकारी लेने पहुंचे। आरोप है कि परीक्षा प्रभारी ने उन्हें अभद्रता करते हुए धक्का-मुक्की कर बाहर निकाल दिया। साथ ही अन्य बच्चों से भी अभद्रता कर मुकदमा दर्ज कराने की धमकी दी। छात्रों ने परीक्षा प्रभारी को तत्काल हटाने व कमेटी गठित कर मामले की जांच कर वैधानिक कार्रवाई करने की मांग की। साथ ही मांग पूरी न होने पर भूख हड़ताल पर बैठने की चेतावनी दी। यहां अनिकेत, गरिमा सिंह, मुकुल कुमार मौर्य, अभिषेक कुमार, कुलदीप सिंह, मोहम्मद दानिश, हितेश कुमार, जगतार सिंह, जसदीप सिंह, अभिषेक कुमार आदि मौजूद रहे।



काशीपुर के आईटीआई थाने में पुलिस को तहरीर सौंपते छात्रसंघ अध्यक्ष व अन्य।

### आंगनबाड़ी मेले का किया आयोजन

**काशीपुरः** बाल विकास परियोजना और अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की ओर से आंगनबाड़ी मेले का आयोजन किया गया। मंगलवार को मोहल्ला अल्ली खां स्थित एक मैरिज हॉल में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन सीडीपीओ मोहिनी बिष्ट और सुपरवाइजर यासमीन ने किया। उन्होंने कहा कि खेल-खेल में बच्चों का समग्र विकास होता है। इसके बाद बैलून रेस और लेमन स्पून रेस भी की गई। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई। मेले में शकिला, अस्मा, रेणु शर्मा ने पढ़ाई का कोना, रिजवाना, रिहाना, भगवती ने खेल का कोना, नूर फातिमा, मिनाक्षी, ऋतु ने दवाई का कोना, साहाना, रेशमा, रजनी शर्मा ने किचन का कोना आदि 70 चार्ट की प्रस्तुति दी।

# सितारगंज में भाजयुमो महामंत्री का स्वागत

संवाददाता सितारगंज

**अमृत विचार :** सितारगंज में भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री दीपेंद्र कोश्यारी का कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। मुख्य चौराहे पर जहां बड़ी संख्या में भाजयुमो के कार्यकर्ताओं व स्थानीय नेताओं ने फूल-मालाओं के साथ स्वागत किया।

मंगलवार को नई मंडी के सभागार में आयोजित स्वागत समारोह में प्रदेश महामंत्री दीपेंद्र कोश्यारी ने कहा कि युवा देश का भविष्य है। जब युवा आगे बढ़ता है तो यह राष्ट्र आगे बढ़ता है। उन्होंने कहा कि धामी सरकार लगातार विकास के ऐतिहासिक निर्णय ले रही है। केंद्र व राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचने में भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता अपना अहम योगदान दें। युवा शक्ति आने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा को पुनः प्रचंड बहुमत दिलाने के लिए पूर्ण समर्पण के साथ जुटेगी। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, मुकेश सनवाल, नवीन भट्ट, आदेश ठाकुर, शशांक बिष्ट, सौरभ अरोरा, देवेश कुमार, सुरेश जोशी, विशाल श्रीवास्तव, शिवपाल चौहान, सतीश उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।



सितारगंज में भाजयुमो महामंत्री का स्वागत करते भाजपाई। ● अमृत विचार

### भाजयुमो प्रदेश महामंत्री दीपेंद्र कोश्यारी का किच्छा में भव्य स्वागत

**किच्छा :** भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री दीपेंद्र सिंह कोश्यारी के दायित्व मिलने के बाद किच्छा में प्रथम आगमन पर कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। युवा भाजपा नेता नरेंद्र सिंह टाकुली ''तारी'' की अगुवाई में सैकड़ों युवाओं ने रोड शो निकाला। खुली जीप में सवार कोश्यारी के साथ भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक दीप सिंह और भाजपा नेता टाकुली ने आम जनता का अभिवादन स्वीकार किया। स्वागत कार्यक्रम के दौरान, आयोजकों ने एक अनूठी पहल करते हुए बुलडोजर से फूलों की वर्षा की, जो पूरे नगर में चर्चा का विषय बन गई। दो युवक बुलडोजर पर सवार होकर कोश्यारी पर लगातार फूल बरसाते रहे। बैंक्विट हॉल में आयोजित कार्यक्रम में कोश्यारी ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत सुनिश्चित करने में भारतीय जनता युवा मोर्चा अहम भूमिका अदा करेगा।

### सेंट मैरी स्कूल में सशस्त्र झंडा दिवस पर शहीदों को नमन

**किच्छा :** सेंट मैरी जूनियर हाईस्कूल में सशस्त्र झंडा दिवस के अवसर पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। विद्यालय प्रबंधक अब्दुल रहमान अंसारी ने देश की सुरक्षा हेतु प्राण न्यौछावर करने वाले बलिदानियों को नमन किया। उन्होंने बताया कि झंडा दिवस के माध्यम से एकत्रित धनराशि का उपयोग शहीद सैनिकों के आश्रितों और दिव्यांग सैनिकों के कल्याण के लिए किया जाता है। प्रबंधक अंसारी ने सभी से इस अभियान में भाग लेने का आग्रह किया। इस मौके पर नगर की समस्याओं को उठाने वाले वरिष्ठ मीडियाकर्मी राजू सहगल, रनजीत सिंह मानकिया, अब्दुल अली तन्हा, और राज सक्सेना को शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया गया।

# सागर बने पंचायत सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष



नानकमत्ता में नगर पंचायत सफाई कर्मचारी संघ के नवनियुक्त पदाधिकारी।

**नानकमत्ता :** देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ की नगर पंचायत नानकमत्ता इकाई का सर्वसम्मति से गठन कर लिया गया है। इस महत्वपूर्ण बैठक में कर्मचारियों ने आपसी सहमति से अपने नए नेतृत्व का चुनाव किया। सर्वसम्मति से सागर भारतीय को संघ का अध्यक्ष चुना गया, जबकि मनोज कुमार को संघ का महासचिव (महामंत्री) की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बैठक में सफाई नायक संजीत कुमार, कमलजीत, और सूरज कुमार सहित विकास कनौजिया, विकास कुमार, अर्जुन, सोनू, और अन्य चालक तथा सफाई कर्मचारी उपस्थित थे।

मुकाबला

बालिका वर्ग में किसान इंटर कॉलेज की टीम रही विजेता

# खो-खो में मास्टर इंटरनेशनल स्कूल ने जीता फाइनल

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** तीन दिवसीय खो-खो प्रतियोगिता में बालक वर्ग में मास्टर इंटरनेशनल स्कूल, जबकि बालिका वर्ग में किसान इंटर कॉलेज की टीम विजेता रही।

मास्टर इंटरनेशनल स्कूल काशीपुर में आयोजित तीन दिवसीय तृतीय अंडर-14 बालक एवं बालिका इंटर स्कूल खो-खो प्रतियोगिता का मंगलवार को भव्य समापन हुआ। प्रतियोगिता के तीसरे दिन पहला फाइनल मैच (बालक वर्ग) में मास्टर इंटरनेशनल स्कूल और ब्लूमिंग स्कॉलर्स अकादमी के मध्य खेला गया। यह मुकाबला अत्यंत रोमांचक रहा। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। मास्टर इंटरनेशनल स्कूल की बालक टीम ने 2-1 के अंतर से ब्लूमिंग स्कॉलर्स अकादमी को हराकर ट्रॉफी पर कब्जा किया। वहीं बालिका वर्ग में मास्टर इंटरनेशनल स्कूल एवं किसान इंटर कॉलेज के बीच फाइनल मैच खेला गया। दोनों टीमों के बीच काफी कड़ा संघर्ष देखने को मिला। किसान इंटर कॉलेज की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 7-8 के स्कोर से मास्टर इंटरनेशनल स्कूल को पराजित कर दिया। मास्टर इंटरनेशनल स्कूल की बालिका टीम रनर अप रही। मुख्य अतिथि उत्तराखंड एथलेटिक्स संघ चयन समिति के अध्यक्ष विजेंद्र चौधरी एवं खंड शिक्षाधिकारी धीरेंद्र कुमार साहू ने विजेता टीमों को पुरस्कार वितरित किये। वहां पर मास्टर इंटरनेशनल स्कूल की प्रबंधिका शिल्पी गर्ग, प्रधानाचार्य डॉक्टर गौरव गर्ग, भाजपा जिलाध्यक्ष काशीपुर मनोज पाल, प्रदेश प्रवक्ता भाजपा गुरविंदर सिंह चंडोक, जिला महामंत्री सुशील शर्मा, राजकुमार चौहान, सुरेश सिंह, शालिनी शर्मा मौजूद रहे।




काशीपुर में विजेता टीम के साथ अतिथि। ● अमृत विचार

# सेंट लामार्ट में वार्षिक खेलों का आगाज

संवाददाता, शांतिपुरी

**अमृत विचारः** सेंट लामार्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक खेलकूद सप्ताह का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य कोषाधिकारी पंकज शुक्ला ने खेल सप्ताह की औपचारिक शुरुआत की।

पहली बास्केटबॉल प्रतियोगिता में पृथ्वी हाउस ने प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए 17-10 के अंतर से जीत दर्ज की। कार्यक्रम में स्कूली छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य बृज मोहन कुनियाल ने मुख्य अतिथि सहित सभी आगंतुकों का स्वागत करते हुए छात्रों को खेलों में सकारात्मक प्रतिस्पर्धा और खेल भावना बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्रबंध निदेशक प्रमोद कुमार वर्मा ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन आस्था गोस्वामी और कृष्णा सिंह कोरंगा ने किया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधक प्रमोद वर्मा, एकेडमिक डायरेक्टर उमेश बोरा, प्रिंसिपल बृज मोहन कुनियाल, खेल शिक्षक खुशाल सिंह कोरंगा, महेंद्र सिंह बिष्ट, मनीष पांडे, योगेंद्र सिंह कोरंगा, दीक्षा चंद उपस्थित रहे।



सेंट लामार्ट स्कूल में मुख्य ट्रेजरी ऑफिसर पंकज शुक्ला को प्रतीक चिन्ह देते प्रबंधक।

## ब्रीफ न्यूज

### करेंसी चेस्ट का किया अग्नि सुरक्षा निरीक्षण

**बागेश्वर :** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर प्रभारी अग्निशमन अधिकारी गोपाल सिंह रावत ने बागेश्वर स्थित करेंसी चेस्ट का अग्नि सुरक्षा को लेकर आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी अग्निशमन अधिकारी द्वारा बैंक में उपलब्ध सभी प्राथमिक अग्निशमन उपकरणों की कार्यशीलता का परीक्षण किया। पाया गया कि सभी सुरक्षा उपकरण पूरी तरह से क्रियाशील हैं और आपात स्थिति में उपयोग के लिए तैयार हैं। साथ ही उपस्थित कार्मिकों को अग्निसुरक्षा के सम्बन्ध में आवश्यक जानकारी दी गई। अग्निशमन विभाग द्वारा बैंक प्रबंधन को निर्देशित किया गया कि वे नियमित रूप से इन उपकरणों का रखरखाव सुनिश्चित करें और स्टाफ को इनके उपयोग हेतु प्रशिक्षित रखें।

### रेलिंग तोड़ गधेरे में गिरा रेत से भरा डंपर

**चम्पावत :** टनकपुर-पिथौरागढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर लोहाघाट के नर्सरी गधेरे के पास मंगलवार को रेत से भरा डंपर रेलिंग तोड़ गधेरे में लुढ़क गया। अच्छी बात यह रही कि कोई जनक्षति नहीं हुई। हादसे के बाद चालक फरार हो गया। एनएच पर नर्सरी गधेरे के पास मंगलवार पूर्वान्ह 11:30 बजे चल्थी से रेत ला रहा एक डंपर गधेरे में गिर गया। सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। नेत्र सलान बाराकोट से लौट रहे डीएम मनीष कुमार ने दुर्घटना स्थल का मुआयना किया। साथ ही हादसों की रोकथाम को सभी जरूरी कदम उठाने को कहा। हादसे में नर्सरी गधेरे की पुलिया की रेलिंग के साथ ही वन विभाग का गेट भी टूट गया है। पुलिस फरार चालक का पता लगा रही है।

### बुटौला अध्यक्ष और कैलाश बने महासचिव

**बागेश्वर :** गरुड़ विकास खंड के ग्राम प्रधानों की बैठक में संगठन मजबूती पर चर्चा हुई। बैठक में विकास खंड इकाई का गठन किया गया जिसमें त्रिलोक बुटौला को अध्यक्ष व एडवोकेट कैलाश पंवार को सचिव चुना गया। बैठक में जिला व प्रदेश स्तर पर संगठन मजबूती पर बल दिया गया। ब्लॉक सभागार में ब्लाक प्रमुख किशन बोरा के देखरेख में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से त्रिलोक बुटौला को अध्यक्ष, एडवोकेट कैलाश पंवार को महासचिव व ललित मोहन कबडोला को कोषाध्यक्ष, दिनेश चंद्र, गुड़िया दोसाद को उपाध्यक्ष, अशोक वर्धन व आरती देवी को सहसचिव, खेमराज परिहार को आडिटर, कैलाश चंद्र सिंह को मीडिया प्रभारी चुना गया। इसके अलावा हरीश नेगी, राजेंद्र सिंह थायत, भगवती देवी को संरक्षक चुना गया। इसके अलावा अन्य कार्यकारिणी सदस्य चुने गए।

# सरकार किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए है प्रतिबद्ध: जोशी

## कृषि मंत्री गणेश जोशी ने धौलादेवी ब्लॉक के भरतौला क्षेत्र में किसानों के साथ किया संवाद

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मंगलवार को धौलादेवी ब्लॉक के भरतौला का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने किसानों से संवाद किया और अधिकारियों को समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए।

भ्रमण के दौरान मंत्री जोशी ने जंगली जानवरों के आतंक की समस्या और फेसिंग भुगतान व पॉलीहाउस की पन्नी बदलने संबंधी मामलों पर विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। भगरतौला गांव के दौरे के दौरान कृषि मंत्री ने किसानों को भरोसा दिलाया कि सरकार उनकी समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है और कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने को हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं।

उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि केंद्र और राज्य सरकार की सभी कृषि एवं उद्यान योजनाओं को न्याय पंचायत स्तर तक पहुंचाने के लिए कैंप आयोजित किए जाएं। ताकि अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि हर किसान तक बेहतर सुविधाएं, अनुदान और नई तकनीकें समय पर उपलब्ध हो। यहां किसान खीमा नन्द पांडेय, रेबाधर पाण्डेय, देवदार पाण्डेय, हरि प्रसाद सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।


धौलादेवी के भरतौला गांव में बुधवार को कृषि मंत्री गणेश जोशी का स्वागत करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

### चौपाल के माध्यम से कृषकों के सुझाव जाने

कृषि मंत्री जोशी ने चौपाल के माध्यम से किसानों के सुझाव जाने और पॉलीहाउस क्लस्टर मॉडल की सराहना की। भगरतौला के ग्रामीणों ने कृषि मंत्री को अवगत कराया कि जिला योजना एवं उद्यान विभाग द्वारा स्थापित 100 से अधिक पॉलीहाउस में क्लस्टर आधारित कृषि की जा रही है, जिसमें आलू, शिमला मिर्च, गोभी, मैथी, धनिया, मिर्च आदि सब्जियों की खेती हो रही है। इससे स्थानीय किसानों की आय में बढ़ोतरी हुई है और आजीविका मजबूत हुई है। वहीं, नैनी गांव में पानी लिफ्टिंग के लिए कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने किसानों को कृषि यंत भी प्रदान किए।

# महिला पर किया था हमले का प्रयास, देव सिंह को मार डाला

संवाददाता, चम्पावत

**अमृत विचार:** चम्पावत में गुलदार का खौफ कायम है। गुलदार ने बीती सोमवार शाम गांव में एक महिला पर हमले का प्रयास किया था लेकिन सौभाग्य से वह बच गई थी। दुर्भाग्य यह रहा कि गुलदार घात लगाए बैठा रहा और मंगलवार तड़के जैसे ही देव सिंह घर से बाहर निकले तो गुलदार ने शिकार बना डाला।


देव सिंह। (फाइल)

मंगलवार तड़के करीब 5:30 बजे काली कुमाऊं रेंज के च्यूरानी गांव के धरगड़ा तोक में जल संस्थान के कर्मचारी देव सिंह अधिकारी शौच के लिए घर से बाहर निकले थे। बताया गया कि, देव ने घर के आंगन के एक हिस्से में शौचालय बनवाया था। इस दौरान, गुलदार ने देव सिंह पर हमला कर दिया। काफी देर तक जब देव नहीं लौटे तो पत्नी उषा देवी घर से निकली। इस बीच कुत्ता भौंकते हुए जंगल की तरफ गया तो उषा और ग्रामीण उसके पीछे गए तो घर से करीब 300 मीटर दूर देव सिंह का शव मिला। गुलदार ने शव के एक हिस्से को आधा खा लिया था। इस घटना से जहां परिवार में कोहराम मच गया। वहीं, क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है।

जानकारी लगने पर एसडीएम अनुराग आर्य, उप प्रभागीय वनाधिकारी सुनील कुमार, पुलिस और राजस्व विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। ओखलंज के अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि, बीती 11 नवंबर को लोहाघाट रेंज के मंगोली गांव में गुलदार ने भुवन राम (45) को मौत के घाट उतार दिया था। एक के बाद एक हो रही वारदात से खौफ है। ग्रामीणों ने गुलदार से बचाव के लिए गश्त बढ़ाने, पिंजरा लगाने सहित सभी उपाय करने की मांग की है।


शोकाकुल परिजनों को सांत्वना देते डीएम मनीष कुमार। ● अमृत विचार

### डीएम ने दिए गुलदार पकड़ने के निर्देश

सूचना मिलते ही डीएम मनीष कुमार तत्काल गांव पहुंचे और शोकाकुल परिवार से भेंट कर उन्हें सांत्वना दी। डीएम ने परिजनों को आश्वस्त किया कि इस कठिन समय में प्रशासन पूर्ण सहयोग प्रदान करेगा। डीएम ने वन विभाग को निर्देशित किया कि क्षेत्र में तत्काल पिंजरा स्थापित कर दिन-रात गश्त बढ़ाएं तथा ग्रामीणों की सुरक्षा को सभी आवश्यक सुरक्षात्मक उपाय सुनिश्चित करें। गुलदार की सक्रियता को देखते हुए वन विभाग ने ग्रामीणों से विशेष सावधानी बरतने की अपील की है।

# वन क्षेत्रों से अतिक्रमण हटाने की मांग उठाई

- जिलाधिकारी ने वन पंचायत सरपंचों के साथ की बैठक
- वन सरपंच को निश्चित मानदेय की व्यवस्था की भी उठाई मांग

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** डीएम अंशुल सिंह ने मंगलवार को वन पंचायत सरपंचों के साथ बैठक की। इस दौरान बैठक में सरपंचों ने वन पंचायतों से संबंधित प्रमुख समस्याओं और मांगों को विस्तार से रखा। वहीं, वन क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने समेत अन्य समस्याओं के निदान की मांग की।

बैठक में वन सरपंचों ने उत्तराखंड पंचायती वन नियमावली में हुए संशोधन, सरपंच को निश्चित मानदेय की व्यवस्था, वन पंचायतों को अधिक स्वायत्तता देने और विभागीय कार्यों में उनकी भूमिका स्पष्ट रूप से तय करने की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही वन क्षेत्रों में अतिक्रमण को चिह्नित कर हटाने की कार्रवाई करने की मांग उठाई। डीएम ने कहा कि सरपंचों के मुद्दों और सुझावों को समझने और समाधान की दिशा में प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए ही यह बैठक आयोजित की गई है। उन्होंने कहा सरपंचों के प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही उनके अधिकार सुरक्षित रखा जाना सुनिश्चित किया जाएगा। डीएम ने वन पंचायत क्षेत्रों में अतिक्रमण के मामलों कार्रवाई करने की बात भी कही। यहां विभिन्न वन पंचायतों के सरपंच मौजूद रहे।

## योगा छात्र के साथ की मारपीट, मुकदमा दर्ज

**अल्मोड़ा :** सोबन सिंह जीना परिसर के योगा विभाग में अध्ययनरत छात्र के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित छात्र ने आरोपी के खिलाफ कोतवाली में तहरीर सौंपी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार एसएसजे के योगा छात्र मुकेश लटवाल, निवासी बेस अस्पताल अल्मोड़ा ने कोतवाली में दी तहरीर में कहा कि वह योगा की परीक्षा देकर लौट रहा था। इसी दौरान आरोपी पवन मेहरा ने उसे रोका और मारपीट के साथ धमकी दी। साथ ही उसका मोबाइल तोड़ दिया। पीड़ित छात्र ने आरोपी से जान का खतरा बताते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग उठाई। इधर, कोतवाल योगेश चंद्र उपाध्याय ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# ड्रोन से करें संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी: डीएम

- डीएम ने वनाग्नि रोकथाम को लेकर अधिकारियों की बैठक ली
- वनाग्नि की घटनाओं को देखते हुए तैयारियों के निर्देश दिए

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** वनाग्नि रोकथाम को लेकर मंगलवार को डीएम अंशुल सिंह ने बैठक ली। इस दौरान उन्होंने विभाग को शीतकालीन वनाग्नि की घटनाओं को देखते हुए सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में डीएम ने ग्रामीण सहभागिता को वनाग्नि नियंत्रण की सबसे प्रभावी शक्ति बताते हुए महिला मंगल दलों, स्थानीय युवाओं और ग्राम स्तरीय समूहों को इस अभियान से जोड़ने के निर्देश दिए। डीएम ने निर्देश दिए कि वनाग्नि नियंत्रण को एक समर्पित कंट्रोल रूम स्थापित किया जाए और ड्रोन सहित आधुनिक तकनीक के माध्यम से संवेदनशील क्षेत्रों की निरंतर निगरानी की जाए। उन्होंने कहा कि सभी विकासखंडों में खंड विकास अधिकारी और वन विभाग कर्मचारी जनप्रतिनिधियों के सहयोग से जागरूकता कार्यक्रम संचालित करें। वहीं, बैठक के दौरान पर्यावरण कर्मी गजेंद्र कुमार पाठक ने वनाग्नि की चुनौतियों और समाधान पर विस्तृत पीपीटी प्रस्तुतिकरण दिया। जिसके माध्यम से वनाग्नि की चुनौती और उसके समाधान पर विस्तृत विमर्श किया गया। यहां बैठक में मेयर अजय वर्मा, डीएफओ दीपक सिंह, एडीएम युक्ता मिश्र, डीएफओ सिविल सोयम प्रदीप कुमार, डीएफओ रानीखेत संतोष कुमार पंत समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



वनाग्नि रोकथाम को लेकर अधिकारियों की बैठक लेते डीएम अंशुल सिंह।

### ठोस कार्ययोजना बनाने के निर्देश

**अल्मोड़ा :** मानव-वन्यजीव संघर्ष की बढ़ती घटनाओं पर नियंत्रण को लेकर डीएम ने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने बंदरों की बढ़ती संख्या और गुलदार के हमलों की रोकथाम को लेकर ठोस कार्ययोजना बनाने, बंदरों की समस्या को नियंत्रित करने के लिए बंध्याकरण को डॉक्टर की नियुक्ति के लिए तत्काल समिति गठित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अनेक मामलों में अन्य क्षेत्रों से बंदरों को लाकर यहां छोड़े जाने की शिकायतें मिल रही हैं। जिसे रोकने के लिए सीमा पर वन विभाग एवं पुलिस की संयुक्त चेकिंग टीम तथा इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट स्थापित किए जाएं। इसके अलावा उन्होंने संवेदनशील क्षेत्रों में पिंजरों की संख्या बढ़ाई जाने, रेस्क्यू सेंटरों का विस्तार जाने और पकड़े गए तेंदुओं के सुसंगत पुनर्वास के लिए उपयुक्त स्थल चिह्नित के निर्देश दिए।

# जिलाधिकारी ने अतिक्रमण के मामले पर तलब की रिपोर्ट

संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचार:** उच्च न्यायलय के आदेश के बाद प्रशासन सक्रिय हो गया है। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में अतिक्रमण की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि वन भूमि, नदी तट तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर स्थित सभी अस्थायी एवं स्थायी अतिक्रमणों का चिह्नीकरण तत्काल पूर्ण कर विस्तृत रिपोर्ट बुधवार तक प्रस्तुत की जाए।

जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने कहा कि अतिक्रमण का चिन्हीकरण अत्यंत गंभीर विषय है तथा इसे सर्वोच्च प्राथमिकता पर संचालित किया जाए। उन्होंने राजस्व, वन, सिंचाई, लोनिवि तथा अन्य विभागों को निर्देशित किया कि वे स्थल निरीक्षण, सर्वेक्षण एवं राजस्व अभिलेखों के आधार पर तथ्यात्मक एवं सटीक रिपोर्ट उपलब्ध कराएं।

बैठक में जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नियमित रूप से न्यायालय आयोजित करें। प्रकरणों की प्रगति की सतत समीक्षा करें तथा लंबित मामलों का समयबद्ध निस्तारण करें। बैठक में एडीएम एनएस नबियाल, प्रभागीय वनाधिकारी आदित्य रत्ना, सभी एसडीएम व सिंचाई, लोनिवि, पीएमजीएसवाई आदि विभागों के अधिकारी रहे।


बागेश्वर में अधिकारियों की बैठक लेतीं डीएम आकांक्षा कोंडे। ● अमृत विचार

# गोवा अग्निकांड में मारे गए मनीष महर की हुई अंत्येष्टि

- गोवा के नाइट क्लब में किचन में काम करता था बाराकोट के नेत्रसलान गांव का मनीष सिंह

संवाददाता, चम्पावत

**अमृत विचार:** गोवा के नाइट क्लब में 6-7 दिसंबर की रात आग लगने से मारे गए चम्पावत जिले के मनीष सिंह महर का मंगलवार को गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया गया। अंतिम संस्कार में डीएम मनीष कुमार, जिला पंचायत अध्यक्ष आनंद सिंह अधिकारी, जिला पंचायत सदस्य योगेश जोशी, अनीता प्रथोली, ब्लॉक प्रमुख सुनीता आर्य, भाजपा प्रदेश मंत्री निर्मल माहरा, वरिष्ठ भाजपा नेता सतीश पांडेय, सुभाष बगौली, सहित बड़ी संख्या में मौजूद रहे।


मृतक मनीष सिंह महर।

गोवा नाइट क्लब अग्निकांड में बाराकोट ब्लॉक के नेत्र सलान गांव के मनीष सिंह महर (22) पुत्र कृष्ण सिंह महर की मौत हुई थी। इस हादसे में अब तक 25 लोगों की दर्दनाक मौत हो चुकी है। मनीष सिंह महर का शव बीती रात करीब डेढ़ बजे उनके घर पहुंचा। शव पहुंचते ही कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## हाईवे पर भिड़ी बस और कार, बचे लोग

**चम्पावत:** टनकपुर-पिथौरागढ़ एनएच पर चम्पावत में रोडवेज की एक बस और एक कार में आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। बताया गया है कि कार में सवार लोग पुलिस कर्मी थे। इन कर्मियों के नशे में होने का अंदेशा जताया जा रहा है, अभी मेडिकल परीक्षण नहीं होने से इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है।

चम्पावत के पास मादली में मंगलवार अपरान्ह करीब 2 बजे ऋषिकेश जा रही लोहाघाट डिपो की रोडवेज बस से विपरीत दिशा से आ रही एक कार में टक्कर लग गई। टक्कर लगने से दोनों वाहनों को खासा नुकसान हुआ है। दुर्घटना से कुछ देर के लिए यात्री सकते में आ गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक रोडवेज चालक की सूझबूझ से बड़ा हादसा होते-होते बचा।


लखनऊ में डॉ. सुनील कुमार कटियार को किया गया सम्मानित। ● अमृत विचार

### प्रो. कटियार को मिला लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

**टनकपुर, अमृत विचार :** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती लैंग्वेज यूनिवर्सिटी, लखनऊ में आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार ऑन क्लाइमेट चेंज के अवसर पर राजकीय महाविद्यालय टनकपुर के वनस्पति विज्ञान विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. डॉ. सुनील कुमार कटियार को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान उन्हें विज्ञान, समाज तथा पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय एवं अनुकरणीय योगदान के लिए प्रदान किया गया। यह सम्मान उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के सदस्य डॉ. अशोक कुमार वर्मा, विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अजय तनेजा, तथा गेसा नई दिल्ली के अध्यक्ष डॉ. एम. डी. गुप्ता द्वारा संयुक्त रूप से प्रदान किया गया। पुरस्कार समारोह के दौरान प्रमुख रूप से डॉ. संदीप कुशवाहा (वैज्ञानिक, कोलकाता), डॉ. संजय प्रसाद गुप्ता लखनऊ, डॉ. सुनीता आर्या, डॉ. विनय पी. अनेजा तथा प्रो. आरडी सिंह (कुलपति, बिहार एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी) मौजूद रहे।

# शीघ्र चुनाव कराने को लेकर व्यापारियों ने किया प्रदर्शन


रानीखेत में व्यापार मंडल चुनाव कराने को लेकर प्रदर्शन करते व्यापारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, रानीखेत

**अमृत विचार:** व्यापार मंडल चुनाव में हो रही देरी से व्यापारियों में खासा आक्रोश है। सोमवार को चुनाव जल्द कराने की मांग को लेकर व्यापारियों ने सुभाष चौक पर सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया।

उन्होंने कहा कि विगत फरवरी माह में धांधली के आरोपों के बाद चुनाव स्थगित हो गए थे। लेकिन इसके बाद प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल कि तरफ से कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है। वक्ताओं ने कहा कि प्रतिनिधित्व नहीं होने से व्यापारियों की समस्याएं हल नहीं हो पा रही हैं। चेतावनी दी कि शीघ्र चुनाव नहीं कराए गए तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। मौके पर व्यापारी मनोज पांडेय, अजय बबली, त्रिभुवन भट्ट, दामोदर सती, महेंद्र रौतेला आदि मौजूद रहे।

**प्रेरक पहल** डीएम भटगांई ने बाल विवाह के खिलाफ दिलायी शपथ, कहा- सपनों तक पहुंचने का रास्ता निरंतर प्रयास से बनता है

# जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास और सद्गुण हैं सफलता के मंत्र

संवाददाता, पिथौरागढ़

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी आशीष भटगांई की अभिनव पहल 'मेरा सपना-मेरा लक्ष्य' के तहत कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, दसाईथल (गंगोलीहाट) की 30 छात्राओं ने जनपद के विभिन्न शासकीय कार्यालयों का शैक्षिक भ्रमण कर प्रशासनिक ढांचे को नजदीक से समझा।

यह कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण व बाल विकास विभाग तथा शिक्षा विभाग की संयुक्त पहल है, जिसके तहत माह में दो बार दूरस्थ क्षेत्रों की बालिकाओं को प्रशासनिक व्यवस्था से जोड़ने का अवसर दिया जाएगा। प्रवीण रावल ने परिचय सत्र के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। छात्राओं ने जिलाधिकारी व अन्य अधिकारियों को परिचय देते हुए अपने भविष्य के लक्ष्य साझा किए। इस दौरान डीएम भटगांई ने सभी को बाल विवाह के विरुद्ध संकल्प शपथ दिलायी। जिलाधिकारी ने कहा कि, सपना तभी पूरा होता है जब उसके लिए निरंतर प्रयास हों। आत्मविश्वास, अनुशासन और सीखते रहने की आदत से हम लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं। डीएम ने छात्राओं को ईमानदारी, करुणा, सम्मान, जिम्मेदारी, साहस, धैर्य, दयालुता, आत्मअनुशासन, कृतज्ञता और न्यायप्रियता जैसे सद्गुण अपनाने का संदेश देते हुए कहा कि यही गुण मजबूत चरित्र और सफल जीवन की नींव हैं। इस अवसर पर शिक्षा, आयुर्वेद, उद्योग एवं प्रशासनिक सेवाओं से जुड़ी महिला अधिकारियों ने अपनी कार्ययात्राएं साझा कीं। प्रश्न-उत्तर सत्र में छात्राओं ने कॅरियर से जुड़े सवाल पूछे, जिनका उत्तर अधिकारियों ने सरल और प्रेरक तरीके से दिया। डीएम ने कहा कि यदि किसी छात्रा को मार्गदर्शन चाहिए तो मैं व अन्य अधिकारी सदैव उपलब्ध हैं।



एक छात्रा को पुरस्कार देते डीएम आशीष भटगांई और 'मेरा सपना-मेरा लक्ष्य' के तहत कार्यक्रम में भाग लेतीं कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्राएं।

### अनुशासन और समर्पण मूलमंत्र

महापौर कल्पना देवलाल ने कहा कि यह दूरदर्शी पहल बालिकाओं के आत्मविश्वास को मजबूत करेगी। उन्होंने छात्राओं को अनुशासन और समर्पण को सफलता का मूलमंत्र मानने की प्रेरणा दी। एडीएम योगेंद्र सिंह, डीडीओ रमा गोस्वामी, सीईओ हरक राम कोहली, डीईओ तरुण पंत, डीएओ डॉ. चंद्रकला भैंसोड़ा, जीएम डीआईसी कविता भगत आदि रहे।

अमृत विचार
बुधवार, 10 दिसंबर 2025



लोकतंत्र अच्छा है। मैं ऐसा इसलिए कहता हूं, क्योंकि अन्य प्रणालियां इससे बदतर हैं।
-पं. जवाहर लाल नेहरू, पूर्व प्रधानमंत्री



# अत्यावश्यक अभियान

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान घुसपैठियों की पहचान कर उन्हें मतदाता सूची से बाहर करने तथा प्रदेशव्यापी अभियान चलाने की घोषणा कई स्तरों पर महत्व रखती है। मुख्यमंत्री ने सुरक्षा, सामाजिक संतुलन और कानून-व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए, मतदाता सूची को शुद्ध करने की जिस जरूरत पर जोर दिया है, उसके राजनीतिक और प्रशासनिक दोनों ही निहितार्थ हैं। साफ है कि सरकार मतदाता सूची को केवल तकनीकी दस्तावेज नहीं, बल्कि लोकतंत्र की केंद्रीय धुरी मानती है और इसमें किसी भी प्रकार की अशुद्धि को सीधे-सीधे सुरक्षा जोखिम तथा लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं पर खतरे के रूप में देखती है।

यह भी स्पष्ट है कि एसआईआर के बहाने चुनावी डाटा की गहराई से समीक्षा होगी। यदि यह प्रक्रिया बिना पक्षपात, वैज्ञानिक तरीके और पारदर्शिता के साथ पूरी की जाती है, तो मतदाता सूची की गुणवत्ता में वाकई व्यापक सुधार संभव है। पिछले वर्षों में विभिन्न जिलों में फर्जी मतदाता, दोहरी प्रविष्टियों या अवैध दस्तावेजों के आधार पर बने मतदाता पहचान पत्रों की शिकायतें मिलती रही हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री का कठोर संदेश निश्चित ही प्रशासनिक मशीनरी को अधिक सतर्क करेगा और सुधार की गति तेज करेगा। प्रदेश में घुसपैठियों की संख्या का कोई आधिकारिक, सार्वजनिक और सटीक आंकड़ा उपलब्ध नहीं है, किंतु यह तथ्य सर्वविदित है कि मुरादाबाद, मेरठ और आगरा मंडलों में अवैध बांग्लादेशी और रोहिंग्या समुदायों के बसने की आशंकाएं समय-समय पर सुरक्षा एजेंसियों द्वारा जताई जाती रही हैं। सीमावर्ती प्रदेश न होने के बावजूद, यूपी रोजगार, व्यापार और जनसंख्या के आकार के कारण ऐसे समूहों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा है। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि कुछ घुसपैठिए मतदाता सूची में जगह बनाने में सफल हुए। निश्चित रूप से यह कमज़ोर दस्तावेज़ सत्यापन, स्थानीय स्तर पर निगरानी की कमी और कभी-कभी भ्रष्टाचार से जुड़ी शिथिलता का नतीजा है। राशन कार्ड, आधार, निवास प्रमाण पत्र या अन्य सरकारी दस्तावेज़ों की प्राप्ति यदि बिना कठोर जांच के संभव हो जाती है, तो मतदाता सूची में प्रवेश भी सहज बन जाता है। यह स्थिति न केवल प्रशासनिक विफलता है, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी गंभीर है। घुसपैठियों की पहचान सिर्फ शासन-प्रशासन का काम नहीं, बल्कि समाज की भी भागीदारी आवश्यक है। यदि स्थानीय समुदाय संदिग्ध गतिविधियों, असामान्य जनसंख्या परिवर्तनों या फर्जी दस्तावेज़ों पर सतर्क नज़र रखे, तो अभियान अधिक प्रभावी हो सकता है। जनता को जोड़ने का असर मनोवैज्ञानिक रूप से भी पड़ता है, क्योंकि इससे यह संदेश जाता है कि सुरक्षा और लोकतंत्र की रक्षा सामूहिक जिम्मेदारी है।

इस अभियान के बाद उत्तर प्रदेश और उसकी मतदाता सूची घुसपैठियों से पूरी तरह मुक्त हो जाएगी, यह कहना जल्दबाजी होगी। इस दिशा में निरंतरता, पारदर्शिता, तकनीकी उन्नयन और निष्पक्ष निगरानी दीर्घकालीन अनिवार्य शर्तें हैं। यह भी ज़रूरी है कि कार्रवाई कानून-सम्मत हो, प्रशासनिक प्रक्रियाएं प्रमाण-आधारित हों।

## प्रसंगवश

# माहवारी: सुविधा से नहीं व्यवहार से आती है गरिमा

भारत में आज भी माहवारी को धीमी आवाजों में, आधे-अधूरे वाक्यों में और झिझक भरे इशारों में छिपाकर देखा जाता है। मानो यह शरीर की साधारण प्रक्रिया नहीं, बल्कि कोई गुप्त बोझ हो। हर महीने करोड़ों लड़कियां तीखे दर्द, पेट में मरोड़, पैरों में भारीपन, थकान, सिर दर्द, माइग्रेन, चिड़चिड़ापन और भावनात्मक उतार-चढ़ाव के बीच स्कूल, काम और रोज़मर्रा की अपेक्षाओं को संभालती हैं। इसके साथ जुड़ा डर दाग दिख न जाए, कोई मजाक न बना दे, शिक्षक क्या सोचेंगे, उनके मन पर और दबाव डालता है। जिस बात पर विज्ञान साफ है, वह समाज की चुप्पी में उलझ जाती है।

रोड़ा जैविक प्रक्रिया नहीं, बल्कि वह चुप्पी है, जो उसके चारों ओर खड़ी कर दी गई है। गरिमा केवल सुविधा से नहीं आती।



सत्य प्रकाश नायक
एक्टिविस्ट

गरिमा व्यवहार से आती है। घर में किसी की प्रतिक्रिया, स्कूल में शिक्षक का रवैया, दोस्तों का बर्ताव यही मिलकर माहवारी का अनुभव तय करते हैं। ग्रामीण और शहरी इलाकों में स्थिति अलग नहीं है। लड़कियां पीड़ादायक माहवारी के बावजूद स्कूल आती हैं, पर शर्म और डर की वजह से अपने अनुभव साझा नहीं कर पातीं। लगातार छिपाने का यह दबाव मानसिक स्वास्थ्य पर भी असर डालता है। बोझ, शर्म, मज़ाक का डर और शरीर को 'राज़' की तरह छिपाने की मजबूरी कई किशोरियों में चिंता, आत्म-संदेह और सामाजिक दूरी पैदा कर देती है।

कई स्कूलों में वेंडिंग मशीनें महंगी होने के बावजूद धूल खाती रहती हैं, क्योंकि उपयोगकर्ता के लिए माहौल ही सुरक्षित नहीं है। यही कारण है कि असली बदलाव 'तकनीक लगाने' से नहीं बल्कि ऐसा माहौल बनाने से आएगा, जहां लड़कियां बिना झिझक, बिना शर्म, बिना किसी की निगाहों का डर महसूस किए आसानी से पैड उठा सकें। महंगी मशीनों की जगह, वही पैसा अधिक पैड खरीदने में लगाया जा सकता है, या फिर छात्रों को बेहतर विकल्प, जैसे- मेंस्ट्रुअल कप या उच्च गुणवत्ता वाले रीयूज़ेबल कपड़े के पैड दिए जा सकते हैं, जो लंबे समय तक टिकते हैं और आर्थिक रूप से भी प्रभावी हैं।

भारत हर वर्ष अरबों डिस्पोज़ेबल पैड कचरे के रूप में पैदा करता है, जो न जलते हैं, न आसानी से गलते हैं, बल्कि मिट्टी और पानी को प्रदूषित करते हैं। ग्रामीण इलाकों में तो कई बार इन्हें खुले में फेंका जाता है, जिससे संक्रमण और गंदगी बढ़ती है। इसलिए टिकाऊ विकल्पों का प्रचार और प्रशिक्षण बेहद ज़रूरी है। मासिक कप 5–10 साल तक चल सकता है और रीयूज़ेबल कपड़े के पैड धुलकर बार-बार इस्तेमाल किए जा सकते हैं। इसके लिए स्वच्छता, सही उपयोग और सही जानकारी देना आवश्यक है, ताकि लड़कियां और महिलाएं इन्हें बिना डर और बिना शर्म के अपनाएं।

घर में भी अनजाने में कई तरह की पाबंदियां लगती हैं। किचन में मत जाओ, पूजा मत करो, मेहमानों से मत मिलो। ये बातें शरीर नहीं, मानसिकता को 'अशुद्ध' बना देती हैं। कामकाजी महिलाएं कई बार तेज़ दर्द में भी छुट्टी मांगने से कतराती हैं, क्योंकि माहवारी के दर्द को कमजोरी समझा जाता है। दूसरी ओर मासिक कप जैसे विकल्प जो सुरक्षित, टिकाऊ और किफ़ायती हैं तभी अपनाए जाते हैं, जब बिना शर्म के, धैर्य से समझाया जाए। दुनिया भी इसी दिशा में बढ़ रही है। नेपाल में होने वाला 'International Dignified Menstruation Learning Conference 2025' इस बात पर चर्चा करेगा कि कैसे माहवारी का भेदभाव शिक्षा, आवाजाही, मानसिक स्वास्थ्य, समानता व मानवाधिकारों को प्रभावित करता है।

# अब रूस से रक्षा सौदे का इंतजार





डॉ. विकास शुक्ल
चिकित्सक

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के भारत दौरे पर पूरी दुनिया की नजर थी। खासकर अमेरिका, पाकिस्तान, चीन, तुर्किए और यूरोपीय देशों की। इन देशों को उम्मीद थी कि पुतिन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कुछ बड़े रक्षा सौदों पर समझौता करेंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ है। भारत-रूस के बीच एस-400, एस-500 वायु रक्षा प्रणाली के साथ ही सुखोई-57 लड़ाकू विमान से जुड़ा सौदा होने की उम्मीद थी, लेकिन इस पर चर्चा नहीं हुई। माना जा रहा है कि दोनों देशों के बीच नए साल में इनकी खरीद से जुड़ा समझौता हो सकता है।

भारत-रूस के बीच जो 16 समझौते हुए हैं, वे काफी अहम है। पुतिन द्वारा रुपये और रूबल में कारोबार शुरू करने की जो घोषणा की गई, वह अमेरिका के लिए बड़ी चेतावनी है। साथ ही भारतीय दक्ष कामगारों को वहां नौकरी देने से जुड़ा समझौता भी काफी अहम है। ये समझौते यह बताने के लिए भी काफी हैं कि दोनों देशों के रिश्ते किसी दबाव में न तो खत्म होंगे और न ही कमजोर होंगे।

भारत सरकार रूस से तेल का कारोबार बंद कर दे, इसके लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दबाव तो खूब बनाया। 50 फीसद टैरिफ भी लगा दिया, लेकिन इसका कोई फर्क दोनों देशों के कारोबार पर नहीं दिखा। 23वें भारत–रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का आना और उनका जोरदार स्वागत यह संदेश दे गया कि भारत और रशिया का रिश्ता अटूट है और अटूट रहेगा।

परमाणु साझेदारी को और आगे बढ़ाने की घोषणा बड़ी अहम रही है। रूस और भारत ने परमाणु सहयोग को ईंधन चक्र, लाइफ सायकल सपोर्ट, कुडनकुलम परमाणु संयंत्र के संचालन और गैर-ऊर्जा (नॉन-पॉवर) अनुप्रयोगों तक विस्तार देने पर भी सहमति व्यक्त की। रूस की मदद से भारत में दूसरा परमाणु विद्युत संयंत्र स्थापित करने पर चर्चा अच्छी पहल है। भारत और रूस ने दूसरे परमाणु संयंत्र पर आगे की बातचीत को महत्वपूर्ण बताया है। पुतिन के दौरे पर एस-400 रक्षा प्रणाली समेत लड़ाकू विमानों की खरीद से जुड़ा समझौता होने की उम्मीद थी, लेकिन इस पर कोई बात नहीं हुई। अगर हुई भी तो उसे सार्वजनिक नहीं किया गया।

अमेरिका भारत को F-35 फाइटर जेट की बिक्री करना चाहता है, तो रूस सुखोई- 57 बेचने को बेकरार है। अमेरिका की जगह भारत सरकार रूस से विमान खरीद सकती है, क्योंकि पुतिन सरकार ने सुखोई-57 बेचने के साथ ही टेक्नोलॉजी ट्रांसफर करने का भी प्रस्ताव दिया है, इसलिए रूस से किया गया सौदा भारत के लिए फायदेमंद होगा। भारत ने फ्रांस से राफेल तो खरीद लिया था, लेकिन आज तक उसे इस लड़ाकू विमान को बनाने वाली कंपनी ने सोर्स कोड नहीं दिए।

रूस, भारत का सदाबहार दोस्त है और वह टेक्नोलॉजी ट्रांसफर के साथ ही सुखोई-57 लड़ाकू विमान का भारत में सह-उत्पादन करने को भी तैयार है। इससे रूस की भारत को लेकर गंभीरता भी पता चलती है। दोनों देशों के बीच रक्षा संबंध काफी मजबूत हैं। जल्द ही इन समझौतों पर बात होगी और उसे अंतिम रूप भी दिया जाएगा। पुतिन के दौरे से पहले ही इसके संकेत मिल चुके थे।

रूसी संसद ने भारत-रूस रेसीप्रोसल एक्सचेंज ऑफ लॉजिस्टिक सपोर्ट समझौते को मंजूरी देकर मजबूत रक्षा संबंधों को जता दिया है। इस समझौते में दोनों देशों में सेनाओं को भेजने और एक-दूसरे के युद्धपोत को बंदरगाहों में प्रवेश करने की अनुमति, हवाई स्पेस और एयरफील्ड के इस्तेमाल के नियम शामिल हैं। चीन को डर था कि कहीं भारत और रूस के बीच एस-400 के साथ ही एस-500 रक्षा प्रणाली का भी सौदा न हो जाए। चीन को पता है कि भारत-रसिया के बीच रक्षा सौदा तो होगा ही आज नहीं तो कल। ऐसे में चीन कितना भी अड़ंगा लगाए इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है। हां, सुखोई-57 लड़ाकू विमान और एस-400 के साथ ही एस-500 रक्षा प्रणाली की खरीद से हमारी सेना की ताकत बहुत मजबूत हो जाएगी।

पूरी दुनिया ने एस-400 की ताकत को ऑपरेशन सिंदूर के दौरान देखा है। सुखोई-57 लड़ाकू विमान अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त है। यह किसी भी युद्ध का नक्शा बदलने में पूर्ण रूप से सक्षम है। समझौता होने के बाद जब इस विमान का उत्पादन भारत में होगा, तो रक्षा क्षेत्र में मेक इन इंडिया को पंख लग जाएंगे। हम मित्र राष्ट्रों को इसे बेच भी सकेंगे।

अमेरिका भी भारत को एफ-35 लड़ाकू विमान बेचना चाहता है, हालांकि अमेरिका ने न तो टेक्नोलॉजी ट्रांसफर का प्रस्ताव रखा है और न ही भारत में इसके सह उत्पादन का, जबकि रूस की तरफ से स्पष्ट कहा गया है कि वह भारत को सुखोई-57 की न सिर्फ टेक्नोलॉजी ट्रांसफर कर देगा, बल्कि भारत में सह उत्पादन के लिए भी तैयार है।

रूस का यही प्रस्ताव अमेरिका के प्रस्ताव पर भारी पड़ता दिख रहा है, हालांकि अभी भारत सरकार ने तय नहीं किया है कि वह सुखोई-57 की खरीद करेगा या एफ-35 की, लेकिन माना जा रहा है कि रूस के जो प्रस्ताव हैं उसके मद्देनजर भारत सुखोई-57 को ही तरजीह देगा। रूस भारत का भरोसेमंद साथी है। अब तक जो भी सौदे हुए हैं, उनमें जो शर्तें थीं रूस की कंपनियों ने उसका पालन किया है। ऐसे में अमेरिका से ज्यादा रूस पर भरोसा किया जा सकता है।

रूस में भारत के दो नए कॉन्सुलेट खोलने का निर्णय भी अहम है। इससे भारतीय छात्रों, व्यापारियों और कामगारों को बड़ी राहत मिलेगी। साथ ही भारत–रूस व्यापार में रुपये–रूबल व्यवस्था के मजबूत होने से कारोबार में आसानी आएगी और ट्रंप के टैरिफ का भी असर कम होगा।

भारत–रूस के बीच एस–400, एस–500 वायु रक्षा प्रणाली के साथ ही सुखोई–57 लड़ाकू विमान से जुड़ा सौदा होने की उम्मीद थी, लेकिन इस पर चर्चा नहीं हुई।

## आमने सामने




एक सच्चे हिंदू को ऐसे आयोजनों में (कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में आयोजित भगवद्गीता पाठ कार्यक्रम में) शामिल होने से परहेज नहीं करना चाहिए। इस तरह की दूरी आस्था पर सवाल खड़े करती है। यह तुष्टिकरण की राजनीति है।
–शुभेंदु अधिकारी
नेता प्रतिपक्ष, पश्चिम बंगाल

मैं सभी धर्मों, जातियों और पंथों का सम्मान करती हूं, लेकिन किसी पार्टी विशेष से जुड़े आयोजन में नहीं जाती। जो लोग नेताजी सुभाष चंद्र बोस से नफरत करते हैं, महात्मा गांधी के आदर्शों को नहीं मानते और बंगाल का अपमान करते हैं, मैं उनके साथ नहीं हूं।
–ममता बनर्जी, मुख्यमंत्री, प. बंगाल



# ला-नीना का पर्यावरण पर पड़ेगा प्रबल प्रभाव



रनबीर सिंह
विज्ञान लेखक

उत्तर भारत के कुछ इलाकों में कड़ाके की ठंड पड़नी शुरू हो गई है। पंजाब के बठिंडा में तापमान 3.2, फरीदकोट में 3 डिग्री, हरियाणा के नारनौल 3.5 और चंडीगढ़ में न्यूनतम तापमान 6.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति के ताबो में माइनस 8.3 डिग्री सेल्सियस और कुकुमसरी में माइनस 5य2 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया, जो दिसंबर के पहले सप्ताह में बना रहा। राजधानी दिल्ली में पांच दिसंबर को न्यूनतम तापमान 5.6 डिग्री सेल्सियस रहा। ज़्यादा गिरावट पालम हवाई अड्डे के मॉनिटरिंग स्टेशन पर दर्ज की गई। राजस्थान के झुंझुनू के फतेहपुर शहर में गुरुवार, चार दिसंबर की रात न्यूनतम तापमान 1.9 डिग्री सेल्सियस, सीकर में 3.0 डिग्री और लूणकरणसर में 1.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। चुरू में 3.2 डिग्री सेल्सियस, पिलानी में 4.5 डिग्री और नागौर में 3.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। श्रीनगर में गुरुवार, चार दिसंबर की रात न्यूनतम तापमान 0.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

भारत में ला-नीना जैसी कुदरती हलचलों का प्रभाव शुरू हो गया या नहीं, इसकी पुष्टि मौसम विभाग ने अभी नहीं की है। अल-नीनो और ला-नीना फिनॉमिनन की भीतरी विशाल प्रक्रियाओं की तहकीकात के बाद मौसम विज्ञानियों ने इसकी मैथमेटिकल मॉडलिंग की है, जिससे इसके व्यवहार की साइक्लिक एक्टिविटी जोकि हर तीन से पांच साल में बदलती रही है, के बारे में पूर्वज्ञान हासिल किया जा सके। इसके लिए एक सदी का जलवायु का डाटा इस्तेमाल हुआ, ताकि यह मालूम किया जा सके कि ग्राउंड बेस्ड आधुनिक इंस्ट्रूमेंट्स और सॅटेलाइट टेक्नोलॉजी के आगमन के बाद सौर गतिविधि और गुरुत्वाकर्षण, पृथ्वी की स्पिनिंग एवं पृथ्वी के गिर्द पचास किलोमीटर तक की ऊंचाई के वायु और जलवाष्प की अतुल राशि हमारे ग्रह पर विशाल क्षेत्रों में सूखा, अतिवृष्टि, अकाल, दावानल, समुद्री तूफानों और बर्फीले तूफानों को किस तरह जन्म देते हैं।

अल-नीनो के अध्ययन से ही ला-नीना फिनॉमिनन के मिजाज़ को समझा गया है। अंकरिक्ष से पृथ्वी पर नज़र रखने वाले वैज्ञानिक उपग्रहों से वर्षों तक डाटा जुटाए जाने के कारण मालूम हुआ कि महाद्वीपों के निकट से गहराई में बहने वाली महासागरीय नियमित जलधाराओं की तीव्रता और सौर-ताप ग्रहण करके अपने प्रभाव को बनाए रखने की क्षमता में कुछ वर्षों के अंतराल से बदलाव आता है। यह एक साइक्लिक गतिविधि है। ऐसा लगता है, जैसे कि जलवायु परिवर्तन के कारण मौसम की शिफ्ट बदल रही है। अल-नीनो और ला-नीना का क्षेत्र चिह्नित कर लिया गया है, जोकि खासतौर से हज़ारों किलोमीटर लंबाई की विपुल जलराशि में बेलनाकार रूप में इंडोनेशिया के निकट प्रशांत महासागर में पूर्वी और पश्चिमी क्षेत्र में सक्रिय होता है।

तीस वर्ष पहले ही अल-नीनो और ला-नीना जैसी विशाल प्रभाव वाली परिघटनाओं के बारे में मालूम हुआ, जिससे हिंद महासागर अछूता नहीं रहता। भारत उप-महाद्वीप में ऋतुओं के मिजाज़ पर इसका गहरा प्रभाव रहा है। मौसम की अत्यधिक विशाल मशीनरी को समझने के लिए धरातल और मेरीटाइम वेदर डाटा स्टेशनों और अंतरिक्ष में स्थापित सन-सिंक्रॉनस मौसम निगरानी उपग्रहों से तापमान, वायु गति, नमी की मात्रा और बादलों की सघनता को मापने के साथ-साथ पृथ्वी के अनेक प्रकार के प्राप्त चित्रों का साइंटिफिक विश्लेषण किया जाता है। इंफ्रारेड और अल्ट्रावायलेट तरंगों और बीच के तरंग स्पेक्ट्रम से बने चित्रों से सर्वाधिक गर्म से लेकर सर्वाधिक ठंडे इलाकों के बीच की पांच अवस्थाओं में परिवर्तनों को पढ़ा जाता है।

तापमान में अंतर के कारण पैदा हुए रंगीन स्पेक्ट्रम से हम ठंडे, आर्द्र, आर्द्रता मिश्रित ठंड, सूखी ठंड, कम गर्म, शुष्क एवं आर्द्रता मिश्रित ऊष्ण स्थलों के बारे में जान सकते हैं। धरती पर एक ऋतु-अवधि के दौरान बड़ी असामान्यता होने से पहले के कुछ वर्षों के मुकाबले में गर्मी काफी तीखी हो जाती है। वर्षा की कुल अवधि और मात्रा कम हो सकती है। सूखे से प्रभावित ज्ञात क्षेत्रों का विस्तार हो सकता है। वर्षा की मात्रा सामान्य से अत्यधिक होने से बाढ़ एवं भू-स्खलन व्यापक होता है। पर्वतीय इलाकों अथवा उत्तरी अक्षांस के देशों में शीत का प्रकोप एवं हिमपात और बर्फीले तूफानों की आवृत्ति और भीषणता में इजाफा हो सकता है, हिमस्खलन की घटनाएं बढ़ जाती हैं, आदि। वैज्ञानिक अध्ययन के अनुसार भारत में इस वर्ष अतिवृष्टि के कारण जो हुआ, इसके पीछे अल-नीनो जैसी परिघटना है।

मौसम और जलवायु को विशाल स्तर पर प्रभावित करने वाला अल-नीनो और ला-नीना अनेक देशों पर असर डालता है। प्रशांत महासागर के एक विशाल क्षेत्र में समुद्र के जल का गर्म और ठंडा होने जैसी घटनाएं अल-नीनो और ला-नीना से संबद्ध की गई हैं। इस बार शीत ऋतु के पहले से प्रबल होने की संभावना जताई गई है। भारत के मैदानी इलाकों में तापमान शून्य के आसपास भी हो सकता है। शीत लहर की अवधि बढ़ेगी। हिमपात अधिक होगा। मैदानी इलाकों में तापमान गत वर्षों के औसत से दो से ती डिग्री सेल्सियस तक होने की संभावना आंकी गई है।

अल–नीनो और ला–नीना अनेक देशों पर असर डालता है। प्रशांत महासागर के एक विशाल क्षेत्र में समुद्र के जल का गर्म और ठंडा होने जैसी घटनाएं अल–नीनो और ला–नीना से संबद्ध की गई हैं।

## सोशल फोरम

# एक कहानी आधे सच और आधे पक्ष की

1956 में अमेरिका में एक जहाज़ तेल ले जा रहा था। जहाज़ अचानक मार्ग से भटक गया। वह समुद्र में एक चट्टान से टकराया और टूट गया। दुर्घटना के बाद जहाज़ के कप्तान को गिरफ़्तार कर लिया गया। उससे दुर्घटना का कारण पूछा गया। कप्तान ने कहा कि वह जहाज़ के डेक पर खड़ा था, आसमान साफ था। अचानक पानी आसमान से झरने की तरह डेक पर गिरा और पानी के साथ ही एक मोटी ताजा भैंस आसमान से गिर पड़ी। भैंस के गिरने से जहाज़ का संतुलन बिगड़ गया और वह चट्टान से टकरा गया!



सरल जी
ब्लॉगर

यह एक अजीबोगरीब तरह की कहानी या औचित्य था और कोई भी सामान्य व्यक्ति कहानी पर विश्वास करने के लिए तैयार नहीं था। अगर आसमान पूरी तरह से साफ होता है और अचानक आसमान से पानी झरने की तरह गिरता है और थोड़ी देर बाद भैंस धमाके के साथ आसमान से गिरती है? इस बात पर भला कौन विश्वास करेगा। तेल कंपनी ने उसे झूठा बताकर पद से हटा दिया। पुलिस ने उसे दोषी घोषित किया। मनोवैज्ञानिकों ने उसे पागल और झूठा घोषित कर दिया। कप्तान पागलखाने भेज दिया गया। वहां के हालात में वह सचमुच पागल हो गया।

अब इस कहानी का एक दूसरा एंगल देखें। घटना के पच्चीस साल बाद, वायु सेना के एक रिटायर अफसर ने अपने संस्मरणों के आधार पर एक पुस्तक लिखी। उन्होंने अपनी किताब में खुलासा किया कि एक पहाड़ी जंगल में आग लगी थी। उन्हें आग बुझाने का काम दिया गया। वह जहाज़ में लगे टैंक को तालाब या झील में डुबाकर भर लेते, जंगल के ऊपर जाते और आग पर पानी गिरा देते। एक बार पानी का टैंक लेकर जा रहे थे कि उन्हें टैंक के अंदर उछल-कूद महसूस हुई। उन्होंने महसूस किया कि टैंक के अंदर कोई जीवित वस्तु चली गई है। अब वह टैंक के अंदर उछल-कूद मचा रही है। अगर वह उसे नहीं गिराते हैं तो उनका जहाज गिर जाएगा! उन्होंने तुरंत टैंक खोला। पानी झरने की तरह नीचे की ओर गिरा और इसी के साथ भैंस भी नीचे गिर गई।

इस कहानी के बाद पूरा परिदृश्य ही बदल गया। याद रखें कि जब तक आप दूसरे पक्ष की स्थिति नहीं सुनेंगे, तब तक आप सही बात नहीं जान सकेंगे। सही स्थिति आरोपी और वादी दोनों का ही पूरा पक्ष सुनने के बाद ही स्पष्ट हो सकती है। **-फेसबुक वाल से**

## सामयिकी

# गोवा अग्निकांड से खुल गई सुरक्षा की कलई

गोवा के नाइट क्लब में लगी आग ने 25 लोगों की जान ले ली। यह बहुत ही दुखद है। हाल फिलहाल, इस मामले में क्लब प्रबंधक समेत चार को गिरफ्तार किया गया है। यह हादसा छह दिसंबर 2025 शनिवार देर रात पणजी से 25 किलोमीटर दूर अरपोरा नदी के पास स्थित 'बर्च बाई रोमियो लेन' नाइट क्लब में हुआ। उस समय क्लब में 200 से अधिक लोग मौजूद थे। क्लब की पहली मंजिल पर आग की लपटें उठने लगीं तथा उस वक्त वहां डांस फ्लोर पर 100 से अधिक पर्यटक थे। कुछ ही पल में क्लब में धुआं भर गया और भगदड़ मच गई। बाहर निकलने के दरवाजे छोटे और रास्ते संकरे होने से कई लोग फंसे रह गए और आग ने पूरे क्लब को चपेट में ले लिया।



सुनील कुमार महला
स्वतंत्र पत्रकार

गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने आशंका जताई है कि क्लब के अंदर बिजली से संचालित आतिशबाजी के दौरान निकली तेज चिंगारियों से आग भड़की, हालांकि पुलिस ने प्रारंभिक जांच में इसे सिलेंडर फटने से लगी बताया है। वास्तव में आग किस कारण से लगी, यह तो जांच के बाद ही सामने आ पाएगा। उत्तरी गोवा के इस नाइट क्लब में आग लगने से हुई मौतों की वजह लापरवाही है।

क्या यह हमारे देश की विडंबना नहीं है कि हमारे यहां कोई घटना घट जाती है, तो उसके बाद तत्परता दिखाई जाती है। इससे पहले किसी चीज़ की ओर ध्यान नहीं दिया जाता है। चाहे नाइट क्लब हों या मॉल हों, होटल हों या बहुमंज़िला आवासीय इमारतें या कोई भी ऊंची इमारत। आज आगजनी जैसी दुर्घटनाएं न हों, इसके लिए बने नियमों को अक्सर खुलेआम ताख पर रख दिया जाता है।

आज भवन निर्माण से लेकर उसके संचालन तक हर स्तर पर लापरवाही साफ दिखाई देती है। फायर सेफ्टी के अनिवार्य इंतज़ाम, जैसे- अग्निशमन यंत्र, स्मोक डिटेक्टर, फायर अलार्म सिस्टम, आपातकालीन निकास द्वार और नियमित मॉक ड्रिल आदि या तो काग़ज़ों तक सीमित रहते हैं या फिर दिखावे के लिए लगाए जाते हैं। नाइट क्लबों और बंद हॉल जैसी जगहों पर अधिक भीड़, ज्वलनशील सजावटी सामग्री, तेज़ रोशनी और ध्वनि उपकरण आग के खतरे को और बढ़ा देते हैं, फिर भी सुरक्षा मानकों की अनदेखी अब आम बात हो गई है।

चिंताजनक बात यह है कि कई इमारतों को अग्निशमन विभाग से वैध एनओसी मिले बिना ही संचालित कर दिया जाता है और जब कभी औपचारिक जांच होती भी है तो वह केवल खानापूरी बनकर रह जाती है। वास्तव में, मुनाफ़ा, जल्दबाज़ी और भ्रष्टाचार के गठजोड़ में इंसानी ज़िंदगियां सबसे सस्ती हो जाती हैं। दुर्घटना होने के बाद कुछ दिनों तक शोर-शराबा होता है। जांच समितियां बनती हैं। दोषियों पर कार्रवाई की बातें की जाती हैं, लेकिन समय गुजरते ही सब कुछ फिर पुराने ढर्रे पर लौट आता है।

आगजनी की ये घटनाएं हमें यह सिखाती हैं कि सुरक्षा कोई विकल्प नहीं, बल्कि अनिवार्यता है। जब तक नियमों का सख्ती से पालन, नियमित निरीक्षण और जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय नहीं होगी, तब तक नाइट क्लब हों या कोई भी इमारत-हर जगह लोग मौत के साए में ही खुशियां मनाने को मजबूर रहेंगे। जरूरत इस बात की है कि कानून केवल किताबों में नहीं, जमीन पर भी उतरे, ताकि हर नागरिक निश्चिंत होकर सुरक्षित जीवन जी सके। गोवा में आगजनी की इस घटना के बाद जितनी तत्परता अब दिखाई जा रही है, अगर ऐसी संजीदगी नियमों का पालन करने और कराने में होती, तो इस हादसे से बचा जा सकता था।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

# अमरकंटक की मिट्टी रंगों की अंतर्राष्ट्रीय उड़ान





जनगण सिंह श्याम पहले दूरदर्शी भारतीय जनजातीय कलाकारों में से एक थे, जिन्हें अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली। उनकी कलात्मक शैली प्रधान गोंड संस्कृति में गहराई से जड़ें जमाए हुए थी। स्वयं शिक्षित न होने के बावजूद उनकी कला के प्रति रुचि ने उन्हें बचपन में ही रचनात्मकता की ओर प्रेरित किया। वे बालू में टहनियों से चित्र बनाते और चरने वाली भैंसों की पीठ पर चित्रांकन करते थे। उन्हीं के सुपुत्र मयंक श्याम भी अपने पिता के पद चिह्नों पर चलते हुए एक अंतर्राष्ट्रीय कलाकार बन चुके हैं। यूं तो मयंक के कलाकर्म की प्रदर्शनी विदेशों में होती रहती है, पर इस बार उसे ज्यादा खुशी इसलिए हुई कि पेरिस में प्रदर्शनी के साथ उसके कलाकर्म पर लिखी एक पुस्तक का लोकार्पण भी पेरिस में हुआ।



रूबी सरकार
वरिष्ठ पत्रकार



**जनगढ़ कलम–** मयंक कहते हैं कि मैं खुद को बहुत भाग्यशाली मानता हूं कि मैं एक ऐसे यशस्वी पिता का पुत्र हूं, जिन्होंने अपनी अभूतपूर्व कलाप्रतिभा से एक नवीन चित्रकला शैली को जन्म दिया और उसे वैश्विक पहचान दिलाई। 'जनगढ़ कलम' के नाम से स्थापित इस चित्रकला शैली का मैं वारिस हूं और अपने पिता की गौरवशाली विरासत को आगे बढ़ाने का काम कर रहा हूं। 'जनगढ़ कलम' चित्रकला शैली की सही जानकारी न होने के कारण कुछ लोग इसे 'गोंड पेंटिंग' कहते हैं।

**विरासत को आगे बढ़ाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ –** मुझे अपने पिता से 'जनगढ़ कलमकारी' की न सिर्फ तालीम मिली, बल्कि उस विरासत को आगे बढ़ाने और निखारने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। हमारे पूर्वजों के द्वारा बताई गई पारंपरिक कहानियों, कथाओं एवं मेरे पिता के चित्रों से मुझे विशेष प्रेरणा मिली है, जिसके आधार पर मैं अपनी कल्पनाशील विचारों के द्वारा चित्र रचता हूं। मेरे पिता के कारण बचपन से ही मेरे अंदर कला के प्रति विशेष रुचि जन्म ले चुकी थी, परंतु मेरे पिता के देहांत के बाद निरंतर अपने इस कला के प्रति 20 सालों से कार्यरत हूं। वैसे तो आरंभ में मैं सफेद कागज पर काली स्याही और पेन से चित्र बनाता था, बाद में धीरे-धीरे मैं रंगों से जुड़ता चला गया और प्राकृतिक रंगों के जो निखार हैं, उसे एक्रेलिक कलर में बनाकर इस्तेमाल करने लगा और उन रंगों को अपनी चित्रकला में जोड़ने लगा, परंतु चित्रकला के साथ-साथ मैंने अपने पिता को मिट्टी की मूर्ति बनाते और काम करते हुए देखा था, इसलिए मन में कहीं न कहीं मेरे अंदर मिट्टी और प्रकृति के रंग से जुड़े हुए कुछ काम करने की ललक बनी हुई थी, जिसे मैं किसी न किसी रूप में कभी न कभी करने का इच्छुक था। प्रधान गोंड समाज द्वारा अपने धार्मिक सामाजिक कार्यों में इस्तेमाल की जाने वाली पारंपरिक मिट्टी जिसका नाम रामराज है। यह मिट्टी अमरकंटक के जंगलों में नर्मदा नदी के किनारे मिलती है। मैंने इसी मिट्टी और प्राकृतिक रंगों पर काम करना शुरू किया।

## 2021 में मिट्टी के रंगों से पहली बार कागज पर किया काम




मयंक बतात हैं कि मैंने जनवरी 2021 में मिट्टी के रंगों से पहली बार कागज पर कम किया, जो मेरे लिए बहुत अद्भुत अनुभव था। मैंने पहली बार धरती के रंग से पहला चित्र धरती का ही बनाया। धरती की उत्पत्ति की कहानी को उसमें चित्रित किया था। धीरे–धीरे मैं धरती के रंगों की गहराइयों में उतरता चला गया। इस दौरान मैंने कुछ और भी प्रयोग किए तथा फूल पत्तियों के रंगों से भी काम करना शुरू किया, जो मेरे लिए और भी आकर्षण का केंद्र था। मयंक कहते हैं कि मेरे पिताजी ने गांव से अपनी दीवारों में अपनी इच्छा कल्पना से जो चित्र रचे थे, उससे प्रेरित होकर, उन्हें भोपाल शहर लाया गया और उन्होंने एक्रेलिक पोस्टर कलर से पहली बार भोपाल शहर में अपनी नई चित्रकला शैली को रचा। पिताजी के आशीर्वाद से प्रधान गोंड समुदाय में मुझे पहली बार पारंपरिक मिट्टी एवं प्राकृतिक रंगों से चित्र बनाने का गौरव प्राप्त हुआ। मैंने प्राकृतिक रंगों का धरती के रंगों के साथ तालमेल बिठाकर अपनी आत्म कल्पना से नए आकार के रंग रूपों को रचना शुरू कर दिया था। मैंने हर एक चित्र में उन कल्पनाओं को चित्रित किया है, जो मेरे अंतर्मन से निकला है।

## चोला माटी

पेरिस में यह प्रदर्शनी 'चोला माटी' के नाम से आयोजित की गई। मेरे पिता एक गीत गाते थे, जिसका आशय यह था कि 'यह तन मिट्टी का चोला है और एक दिन मिट्टी में मिल जाएगा।' अपने पिता को मैंने 'चोला माटी गीत' गीत गाते हुए अक्सर सुना था। इस आधार पर मैंने मिट्टी और प्राकृतिक रंगों से निर्मित चित्रों की इस प्रदर्शनी के लिए 'चोला माटी' नाम सुझाया। जिसे स्वीकार किया गया और इसी नाम से यह प्रदर्शनी और पद्मजा श्रीवास्तव ने इसी नाम से इन चित्रों पर केंद्रित पुस्तक तैयार की।

आर्ट गैलरी

## रजा की अंकुरण




एसएच रजा की पेंटिंग 'अंकुरण' (Ankuran) उनके प्रसिद्ध 'बिंदु' श्रृंखला का हिस्सा है। ये भारतीय दर्शन और आध्यात्मिकता से प्रेरित है। इसमें बिंदु से अंकुरण की प्रक्रिया को दर्शाया गया है। ये जन्म, ऊर्जा और अनंत संभावनाओं का प्रतीक है। ये चित्र जीवंत रंग, वृत्त, त्रिभुज और ज्यामितीय पैटर्न ब्रह्मांडीय सामंजस्य और सृजन को दर्शाते हैं। यह पेंटिंग 1987 में बनाई गई थी और रजा के कलात्मक पुनर्जन्म और भारतीय विरासत के साथ उनके गहरे जुड़ाव को दर्शाती है। ज्यामितीय रूप पेंटिंग में वृत्त (निरंतरता), त्रिभुज (ऊर्जा, पुरुष–प्रकृति) और रेखाओं के साथ–साथ भारतीय पंचतत्वों (पृथ्वी, जल, अग्नि, आकाश और वायु) के रंगों (सफेद, काला, लाल, नीला और हरा) का प्रयोग है। यह सिर्फ एक दृश्य नहीं, बल्कि आत्मनिरीक्षण का निमंत्रण है, जो ब्रह्मांड और मानव आत्मा के सार पर चिंतन कराता है, जिसमें रजा भारतीय दर्शन और आधुनिकतावाद को मिलाते हैं।

### एसएच रजा के बारे में

सैयद हैदर रजा (एसएच रजा) 20 वीं सदी के भारत के सबसे प्रतिष्ठित आधुनिकतावादी चित्रकारों में से एक थे। मध्य प्रदेश के मंडला में जन्मे रजा ने 1947 में स्थापित 'प्रोग्रेसिव आर्टिस्ट्स ग्रुप' के माध्यम से भारतीय कला को एक नई दिशा दी। 1950 में पेरिस जाने के बाद, रजी की शैली लैंडस्केप से हटकर अमूर्त ज्यामितीय अभिव्यक्तियों की ओर मुड़ गई। उनकी कलात्मक यात्रा का शिखर 'बिंदु' की अवधारणा थी, एक केंद्रीय बिंदु, जो भारतीय दर्शन में ब्रह्मांड के जन्म और ऊर्जा का प्रतीक है। उनकी पेंटिंग्स, जो अक्सर 'बिंदु', 'प्रकृति', 'शून्य' और 'नाद' जैसे विषयों पर केंद्रित होती थीं, जीवंत रंगों और प्रतीकात्मकता से भरी थीं। रजा को उनके योगदान के लिए कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सम्मान मिले, जिनमें भारत का दूसरा सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म विभूषण (2013) और फ्रांस का सर्वोच्च सम्मान 'लीजन ऑफ ऑनर' शामिल है। वह 2010 में भारत लौट आए और 2016 में अपनी मृत्यु तक कला जगत को प्रेरित करते रहे।



# सुवा नृत्यः ग्रामीण संस्कृति की धड़कन और परंपरा का रंग

भारत विविधताओं और परंपराओं से भरा देश है, जहां हर प्रदेश अपनी अनूठी सांस्कृतिक पहचान के लिए जाना जाता है। कई परंपराएं समय के साथ धुंधली पड़ गई हैं, तो कई आज भी उतनी ही जीवंत और प्रभावशाली हैं। इन्हीं जीवंत परंपराओं में से एक है छत्तीसगढ़ का प्रसिद्ध सुवा नृत्य, जो ग्रामीण जीवन, आस्था और उत्सव का सुंदर संगम है। 'सुवा' का अर्थ होता है– तोता और इसी नाम पर आधारित यह लोकनृत्य लोकभावना को बड़े ही सहज रूप में अभिव्यक्त करता है।



छत्तीसगढ़ के गांवों में यह नृत्य प्राचीन काल से महिलाओं और युवतियों के समूह द्वारा किया जाता है। नृत्य की तैयारी भी कम रोचक नहीं होती है। महिलाएं बांस की बनी छोटी टोकरी में धान भरकर उसके ऊपर मिट्टी से बनाई गई तोते की प्रतिमा रखती हैं। यही टोकरी पूरे नृत्य का केंद्र बन जाती है। रंग-बिरंगे परिधानों में सजी महिलाएं इस टोकरी को अपने संग लेकर गोल घेरा बनाती हैं और ताल के साथ धीमे-धीमे झूमते हुए सुवा नृत्य प्रस्तुत करती हैं। ड्रम या अन्य वाद्यों का प्रयोग कम ही होता है। इसका असली सौंदर्य महिलाओं की तालबद्ध ताली और सामूहिक सुर में गाए गए लोकगीतों में है।

प्राचीन मान्यता के अनुसार, जब महिलाएं सुवा नृत्य करते हुए किसानों के घर-घर जाती थीं, तो गांववासी उन्हें उपहारस्वरूप अनाज या पैसा देते थे। यह सिर्फ उपहार नहीं, बल्कि सम्मान और आस्था का प्रतीक था। संकलित धन और अनाज का उपयोग वे अपने सामूहिक उत्सव गौरा-गौरी विवाह में करती थीं। इस प्रकार, सुवा नृत्य न केवल मनोरंजन का माध्यम रहा है, बल्कि सामाजिक जुड़ाव और सामुदायिक सहयोग की भी सुंदर परंपरा है।

धान की फसल कटने के बाद महिलाएं यह नृत्य करती हैं, मानो प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त कर रही हों। गीतों में उनकी भावनाएं, गांव का दैनिक जीवन, फसलों की खुशहाली और आपसी सौहार्द का चित्रण बहुत सहजता से झलकता है। यही कारण है कि यह नृत्य ग्रामीण जीवन की सरलता, सुंदरता और सामूहिकता का सजीव रूप माना जाता है।

आज भी सुवा नृत्य छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान का अभिन्न हिस्सा है। यह केवल एक नृत्य नहीं, बल्कि पीढ़ियों को जोड़ने वाली धरोहर है, जो महिलाओं को अभिव्यक्ति, सहभागिता और सांस्कृतिक गर्व का मंच प्रदान करती है। ऐसे लोकनृत्य हमें हमारी जड़ों से जुड़े रहने की प्रेरणा देते हैं। इसलिए इस समृद्ध परंपरा को संरक्षित करना और आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना हम सभी का दायित्व है।



रंग-तरंग

## रचनात्मकता, कला और संस्कृति का जीवंत संगम



बीते दिनों राष्ट्रीय चित्रकला प्रदर्शनी और कार्यशाला का बरेली स्थित यामिनी आर्ट गैलरी में आयोजन किया गया। यह आयोजन कला परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण अध्याय जोड़ गया, जिसने न केवल स्थानीय दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया, बल्कि कलाकारों को एक राष्ट्रीय मंच प्रदान किया। समापन समारोह में कला जगत की हस्तियों के साथ-साथ प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति ने आयोजन की भव्यता को और बढ़ा दिया। प्रदर्शनी में लगाई गईं विविध शैलियों की पेंटिंग्स ने दर्शकों को कला की गहराई से रूबरू कराया। प्रदर्शनी में कई वरिष्ठ कलाकारों की कृतियों ने दर्शकों का ध्यान खींचा। विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं दो पेंटिंग्स- मो. तारिक अनवर की 'मैन्युफैक्चरिंग' और सुनील कुमार की 'पंचमुखी गणेश'। 'मैन्युफैक्चरिंग' ने आधुनिक जीवन की जटिलताओं और उत्पादन प्रक्रिया को प्रतीकात्मक रूप से दर्शाया, वहीं 'पंचमुखी गणेश' ने भक्ति और पारंपरिक कला का अद्भुत संयोजन प्रस्तुत किया। दर्शकों ने इन कृतियों की बारीकियों को समझने का प्रयास किया। कार्यक्रम के अंत में, तारा आर्ट फेस्ट के आयोजक मो. तारिक अनवर ने एक महत्वपूर्ण घोषणा की। उन्होंने इस फेस्ट की सफलता को देखते हुए इसे केवल बरेली तक सीमित न रखते हुए, राज्य और देश के अन्य सभी प्रमुख शहरों तक ले जाने की अपनी महत्वाकांक्षी योजना साझा की। विशेष अतिथि और शिक्षाविद डॉ. उजमा कमर ने सभी कलाकारों, विशेष रूप से बाल कलाकारों के बेहतरीन चित्रों की सराहना की और इस राष्ट्रीय आयोजन की सफलता के लिए पूरी टीम के प्रयासों की प्रशंसा की।

| बाजार | सेंसेक्स ↓ | निफ्टी ↓ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 84,666.28 | 25,839.65 |
| गिरावट | 436.41 | 120.90 |
| प्रतिशत में | 0.51 | 0.47 |

सोना 1,31,600 प्रति 10 ग्राम

चांदी 1,80,500 प्रति किलो

अमृत विचार
हल्द्वानी, बुधवार, 10 दिसंबर 2025
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### रुपया 18 पैसे मजबूत होकर 89.87 प्रति डॉलर पर बंद

**मुंबई।** अंतर-बैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया मंगलवार को शुरुआती नुकसान से उबरकर 18 पैसे की बढ़त के साथ 89.87 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। अमेरिकी मुद्रा और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी आने से रुपये को समर्थन मिला। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की संभावना के बीच विदेशी बाजार में अमेरिकी डॉलर के कमजोर होने से रुपये को निचले स्तर पर समर्थन मिला। हालांकि, घरेलू शेयर बाजारों में नकारात्मक रुख और विदेशी पूंजी निकासी के कारण निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई जिससे स्थानीय मुद्रा की बढ़त सीमित रही।

### एप्पल ने नोएडा में खोला अपना नया स्टोर खुदरा बाजार पर नजर

**नई दिल्ली।** दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनी एप्पल ने भारत के तेजी से मजबूत होते खुदरा बाजार में अपनी उपस्थिति बढ़ाने के लिए नोएडा में एक नया स्टोर खोला है। यह भारत में कंपनी का पांचवा स्टोर है। एप्पल की उपाध्यक्ष (स्टोर एवं खुदरा परिचालन) वनेसा ट्रिगब ने कहा कि कंपनी हर नए स्टोर के खुलने पर अविश्वसनीय ऊर्जा और उत्साह देख रही है। इसे देखते हुए कंपनी अगले साल मुंबई में एक और स्टोर खोलेगी। एप्पल ने पहले खोले गए मुंबई और दिल्ली के स्टोर के अलावा इस साल बेंगलुरु और पुणे में भी अपने स्टोर खोले हैं।

## हल्द्वानी मंडी

**चावल :** शरबती- 3200, मसूरी- 1000, बासमती- 5800, परमल- 1100

**दाल दलहन :** काला चना- 4100, साबुत चना दाल- 3200,

मूंग साबुत- 4400, राजमा- 9000- 12000, दाल उड़द- 7000


साबुत मसूर दाल- 4100, मसूर दाल- 3100, उड़द साबुत- 5200, काबुली चना- 9200, अरहर दाल- 10200, लोबिया/करमानी- 2000

* दाम प्रति क्विंटल में

# शेयर बाजार में दूसरे दिन भी गिरावट सेंसेक्स 436, निफ्टी 121 अंक टूटा

## फेडरल रिजर्व की नीतिगत घोषणा से पहले शेयरों में मुनाफा वसूली जारी

**मुंबई, एजेंसी**



अमेरिकी फेडरल रिजर्व की नीतिगत दर पर घोषणा से पहले बैंकिंग और तेल शेयरों में मुनाफा वसूली के चलते मंगलवार को घरेलू शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन गिरावट के साथ बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 436.41 अंक यानी 0.51 प्रतिशत गिरकर करीब दो सप्ताह के निचले स्तर 84,666.28 पर बंद हुआ। दूसरी ओर एनएसई का 50 शेयर वाला सूचकांक निफ्टी 120.90 अंक यानी 0.47 प्रतिशत टूटकर 25,839.65 अंक पर बंद हुआ।

विश्लेषकों ने कहा कि विदेशी निवेशकों की बिकवाली जारी रहने और कमजोर वैश्विक संकेतों ने निवेशक धारणा को प्रभावित किया। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 719.73 अंक लुढ़ककर 84,382.96 पर आ गया था। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, घरेलू शेयर बाजार निचले स्तर पर खुले, मुनाफावसूली जारी रही और फेडरल रिजर्व की नीतिगत घोषणा से पहले सतर्कता, रुपये की कमजोरी, एफआईआई की बिकवाली और अमेरिका-भारत व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितता बनी रही। आईटी शेयरों ने बाजार को नीचे खींचा जबकि पीएसयू बैंक, रियल्टी और उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं ने मजबूती दिखाई।

अमेरिकी फेडरल रिजर्व मंगलवार से अपनी दो दिवसीय नीतिगत बैठक शुरू करने जा रहा है, जिसमें फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के लिए प्रमुख ब्याज दरों पर फैसला करेगी। एशिया के अन्य बाजारों में हांगकांग का हैंगसेंग, चीन का शंघाई कॉम्पोजिट और दक्षिण कोरिया का कॉस्पी सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए, जबकि जापान का निक्की बढ़त में रहा।यूरोपीय बाजार मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजार सोमवार को गिरावट के साथ बंद हुए थे। इस बीच, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को 655.59 करोड़ रुपये के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 2,542.49 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। वैश्विक मानक ब्रेंट क्रूड 0.27 प्रतिशत गिरकर 62.33 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

### सोना 1,000 रुपये टूटा, चांदी 4,500 रुपये फिसली

**नई दिल्ली।** स्थानीय बाजारों में कमजोर मांग के कारण मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमतें 1,000 रुपये गिरकर 1,31,600 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गईं। विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व की नीतिगत बैठक की घोषणा से पहले व्यापारियों ने सावधानी बरती, जिससे कारोबारी धारणा प्रभावित हुई। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत सोमवार को 1,32,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। सर्राफा संघ ने कहा कि चांदी भी 4,500 रुपये गिरकर 1,80,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर समेत) रह गई। इसका पिछला बंद भाव 1,85,000 रुपये प्रति किलोग्राम था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, सोने का कारोबार कम रहा, लेकिन यह एक सीमित दायरे में रहा। बाजार के प्रतिभागी फेडरल रिजर्व की बहुप्रतीक्षित बैठक के फैसले से पहले सतर्क बने रहे।

# भारतीय कंपनियां भर्ती योजना के मामले में वैश्विक स्तर पर दूसरे स्थान पर: सर्वे

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- देश की 52% कंपनियां अगले तीन महीनों के लिए बना रही हैं योजना

अगले साल जनवरी-मार्च तिमाही में भारतीय कंपनियों ने वैश्विक स्तर पर दूसरी सबसे मजबूत रोजगार संभावनाएं जताई हैं। देश की करीब 52 प्रतिशत कंपनियां अगले तीन महीनों में भर्ती करने की योजना बना रही हैं।

'मैनपावरग्रुप रोजगार परिदृश्य सर्वेक्षण' के मुताबिक, कैलेंडर वर्ष 2026 की पहली तिमाही के लिए शुद्ध रोजगार संभावनाएं (एनईओ) 52 प्रतिशत हैं, जो एक साल पहले की तुलना में 30 प्रतिशत जबकि अक्टूबर-दिसंबर 2025 तिमाही की तुलना में 27 प्रतिशत अधिक है। एनईओ उस अंतर को मापता है जो भर्ती बढ़ने की उम्मीद करने वाले और भर्ती घटने की उम्मीद करने वाले नियोक्ताओं के बीच प्रतिशत में होता है। पहली तिमाही के लिए वैश्विक स्तर पर सबसे मजबूत एनईओ ब्राजील (54 प्रतिशत) में दर्ज किया गया। इसके बाद भारत (52 प्रतिशत) का दूसरा स्थान है। संयुक्त अरब अमीरात (46 प्रतिशत) तीसरे स्थान पर रहा। शीर्ष 10 देशों में नीदरलैंड 36 प्रतिशत, आयरलैंड 31 प्रतिशत, स्वीडन 30 प्रतिशत, ग्वाटेमाला 28 प्रतिशत, स्विट्जरलैंड 27 प्रतिशत, अमेरिका 27 प्रतिशत और इजराइल 25 प्रतिशत शामिल हैं।

मैनपावरग्रुप के भारत एवं पश्चिम एशिया क्षेत्र के प्रबंध निदेशक संदीप गुलाटी ने कहा, भारत की भर्ती संभावनाएं सिर्फ मजबूत नहीं हैं, बल्कि ये आर्थिक विश्वास और क्षमता निर्माण के नए चरण का संकेत देती हैं। ये रुझान दिखाते हैं कि भारत मात्रा आधारित भर्ती से मूल्य निर्माण की तरफ बढ़ रहा है। कंपनियां कौशल, प्रौद्योगिकी और प्रतिभा संरचना में निवेश कर रही हैं।

### जस्ता वायदा कीमतें गिरी

**नई दिल्ली।** हाजिर बाजार से कमजोरी का संकेत लेकर सटोरियों द्वारा अपने सौदों का आकार घटाने से वायदा कारोबार में मंगलवार को जस्ता की कीमत 3.25 रुपये की गिरावट के साथ 306.15 रुपये किलोग्राम रह गई। एमसीए में जनवरी, 2026 माह की डिलिवरी वाले अनुबंध के लिए जस्ता का भाव 3.25 रुपये या 1.05 प्रतिशत की गिरावट के साथ 306.15 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई।

# इंडिगो : जोखिमों की समय पर पहचान करने की जरूरत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- आईसीएसआई ने एयरलाइन में कॉरपोरेट प्रशासन से जुड़ी खामियों का दिया हवाला

कंपनी सचिवों के शीर्ष निकाय आईसीएसआई ने मंगलवार को देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो में कॉरपोरेट प्रशासन से जुड़ी खामियों का हवाला देते हुए कहा कि जोखिमों की समय पर पहचान एवं हस्तक्षेप और पारदर्शी संवाद सुनिश्चित करने के लिए अधिक मजबूत तरीकों की जरूरत है।

भारतीय कंपनी सचिव संस्थान (आईसीएसआई) के 78,000 से अधिक सदस्य हैं। एक बयान में संस्थान ने इंडिगो परिचालन संकट से सामने आई कॉरपोरेट प्रशासन संबंधी कमियों का जिक्र किया। आईसीएसआई के अध्यक्ष धनंजय शुक्ला ने कहा कि इंडिगो प्रकरण कंपनियों एवं पेशेवरों के लिए यह याद दिलाने वाला है कि मजबूत प्रशासन मसौदा न केवल शेयरधारकों के लिए मूल्य पैदा करता है, बल्कि जनता के भरोसे को भी बनाए रखता है। आईसीएसआई का यह बयान इस लिहाज से महत्वपूर्ण है कि वह अमूमन कंपनियों के प्रशासन तौर-तरीकों पर सार्वजनिक टिप्पणी नहीं करता है।

संस्थान ने कहा कि इंडियो की हालिया घटना पर सरकार की प्रतिक्रिया देखते हुए भारतीय कंपनियों में मजबूत कॉरपोरेट प्रशासन प्रथाओं की तत्काल जरूरत है। आईसीएसआई ने निदेशक मंडल के स्तर पर व्यापक जवाबदेही की जरूरत पर बल देते हुए कहा कि मजबूत प्रशासन तैयारी, जवाबदेही और संकट में त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करता है। संस्थान के सचिव आशीष मोहन ने कहा कि कंपनियों को अपने ढांचे और प्रक्रियाओं की समय-समय पर समीक्षा करनी चाहिए ताकि सभी हितधारकों के हित सुरक्षित रहें।

# म्यूचुअल फंड का आकार 2035 तक 300 लाख करोड़ रुपये होगा

**नई दिल्ली, एजेंसी**




- रिपोर्ट में खुदरा भागीदारी बढ़ने के आधार पर जताया गया अनुमान

म्यूचुअल फंड योजनाओं के तहत प्रबंधन-अधीन परिसंपत्तियां वर्ष 2035 तक 300 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो जाने का अनुमान है जबकि इसी अवधि में प्रत्यक्ष इक्विटी शेयरधारिता 250 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने की उम्मीद है।

सलाहकार फर्म बेन एंड कंपनी और निवेश मंच ग्रो की एक संयुक्त रिपोर्ट कहती है कि एयूएम में उच्च वृद्धि खुदरा निवेशकों की बढ़ती भागीदारी और व्यापक डिजिटल पहुंच से प्रेरित है। 'हाउ इंडिया इन्वेस्ट्स' शीर्षक वाली रिपोर्ट के मुताबिक, अगले दशक में भारतीय परिवारों में म्यूचुअल फंड की पहुंच 10 प्रतिशत से बढ़कर 20 प्रतिशत हो जाने की उम्मीद है। इसके मुताबिक म्यूचुअल फंड उद्योग में वृद्धि की अगली लहर घरेलू स्वीकृति में वृद्धि, मजबूत डिजिटल सक्षमता, सहायक विनियमन और बढ़ते निवेशक विश्वास से प्रेरित होगी।

# श्रम कानूनों के खिलाफ श्रमिक संगठनों ने की फरवरी में हड़ताल की घोषणा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- इसी महीने संयुक्त मंच की बैठक में घोषित की जाएगी तारीख

देश के मजदूर संगठनों ने श्रम कानूनों को वापस लेने के लिए चरणबद्ध, निरंतर संघर्ष शुरू करने और अगले साल फरवरी में देशव्यापी हड़ताल पर जाने का फैसला किया है। मंगलवार को एक बयान में यह जानकारी दी गई।

एक बयान में कहा गया कि हड़ताल की तारीख 22 दिसंबर 2025 को केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच की अगली बैठक में घोषित की जाएगी। केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और क्षेत्रीय महासंघों एवं संघों के संयुक्त मंच की बैठक आठ दिसंबर 2025 को हुई। बैठक में श्रम कानूनों की अधिसूचना के बाद की स्थिति का जायजा लिया गया। कहा गया कि संतोषजनक है कि श्रमिक वर्ग ने श्रम विरोधी कानूनों के खिलाफ स्वतः प्रतिक्रिया जताई है, जिसे सरकार पिछले पांच वर्षों से ट्रेड यूनियन आंदोलन के कड़े विरोध के कारण अधिसूचित नहीं कर पाई थी।

कहा गया है कि पूरे देश में, खासकर कार्यस्थल स्तर पर व्यापक विरोध प्रदर्शन हुए, और इसमें यह भी जोड़ा गया कि गैर-यूनियन वाले श्रमिकों और बीएमएस से संबंधित श्रमिकों ने भी विरोध प्रदर्शनों में भाग लिया, जिसमें कानूनों की प्रतियां जलाना भी शामिल था।

कहा गया है कि 26 नवंबर 2025 को देश में जिला एवं ब्लॉक मुख्यालयों के साथ-साथ कार्यस्थल स्तर पर भी बड़े पैमाने पर लामबंदी देखी गई। संयुक्त किसान मोर्चा ने भी बड़ी संख्या में बीज विधेयक के साथ श्रम कानूनों का विरोध करते हुए बुनियादी मांगों के लिए लामबंदी की है। बयान में आरोप लगाया गया कि श्रमिकों के लिए श्रम कानूनों के तथाकथित 'लाभों' पर अभूतपूर्व झूठा प्रचार किया जा रहा है।



# बीएलओ को दी जा रही धमकियों पर सुप्रीम चिंता, कहा- यह बेहद गंभीर

## सीजेआई ने दिया निर्देश- राज्यों में सहयोग की कमी को गंभीरता से ले आयोग

**नई दिल्ली, एजेंसी**



सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल एवं अन्य राज्यों में एसआईआर प्रक्रिया के दूसरे चरण में जुटे बीएलओ और अन्य अधिकारियों को धमकी दिए जाने के मामले को मंगलवार को गंभीरता से लिया और निर्वाचन आयोग से कहा कि वह ऐसी घटनाओं को शीर्ष अदालत के संज्ञान लाएं नहीं तो अराजकता फैल जाएगी। सीजेआई सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने आयोग से एसआईआर प्रक्रिया के कार्य में विभिन्न राज्य सरकारों की ओर से सहयोग की कमी को गंभीरता से लेने को कहा।

पीठ ने आयोग की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी से कहा, बीएलओ के काम में सहयोग की कमी और बाधाओं के मामले हमारे संज्ञान में लाएं, हम उचित आदेश पारित करेंगे। द्विवेदी ने कहा कि अगर स्थिति बिगड़ती है तो आयोग के पास राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में आने वाली पुलिस को अपने अधीन करने के अलावा कोई विकल्प नहीं होगा। न्यायमूर्ति बागची ने कहा कि आयोग चुनाव प्रक्रिया शुरू होने तक पुलिस को अपने अधिकार क्षेत्र में नहीं ले सकता। द्विवेदी ने कहा कि आयोग के पास बीएलओ और एसआईआर कार्य में जुटे अन्य अधिकारियों को धमकाने की घटनाओं से निपटने के लिए सभी संवैधानिक अधिकार हैं। न्यायमूर्ति कांत ने द्विवेदी से कहा, स्थिति से निपटें, नहीं तो अराजकता फैल जाएगी। उन्होंने स्थिति को बेहद गंभीर बताया।

### पीठ ने कहा- इतना आसान नहीं बीएलओ का काम

आयोग के अधिकवक्ता राकेश द्विवेदी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में तनाव के कारण बीएलओ के आत्महत्या करने का कोई सवाल ही नहीं उठता क्योंकि उन्हें 30-35 मतदाताओं वाले छह-सात घरों की गणना का काम करना होता है। न्यायमूर्ति बागची ने कहा कि यह बैठे-बिठाए करने वाला काम नहीं है। बीएलओ को घर-घर जाकर गणना फॉर्म भरना होता है और फिर उसे अपलोड करना होता है। न्यायमूर्ति बागची ने कहा, यह जितना दिखता है, उतना आसान नहीं है। सनातनी संसद और अन्य याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता वी. गिरि ने बताया कि याचिकाकर्ताओं ने बीएलओ और एसआईआर कार्य में जुटे अन्य अधिकारियों के खिलाफ हिंसा एवं धमकियां का आरोप लगाया और आयोग को उनकी सुरक्षा के लिए निर्देश देने का अनुरोध किया।

### नागरिकता पर फैसले से पहले वोटर लिस्ट में कैसे जुड़ सकता है नाम

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सवाल उठाया है कि नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए), 2019 के तहत नागरिकता के लिए आवेदन करने वाले लोगों को नागरिकता प्रदान करने से पहले मतदाता सूची में अनंतिम रूप से कैसे शामिल किया जा सकता है। सीजेआई सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ मंगलवार को एक गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) आत्मदीप की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें पश्चिम बंगाल में चल रहे एसआईआर के बाद सीएए के तहत नागरिकता के लिये पात्र बताए गए बांग्लादेशी प्रवासियों को मतदाता सूची में शामिल करने के निर्देश देने की मांग की गई थी। वरिष्ठ अधिवक्ता करुणा नंदी ने एनजीओ का पक्ष रखते हुए तर्क दिया कि हजारों शरणार्थियों के सीएए आवेदनों पर कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि नागरिकता का अधिकार आवेदन की तारीख से मिलना चाहिए, अन्यथा उनके आवेदनों पर कार्रवाई होने से पहले ही एसआईआर प्रक्रिया उन्हें मतदाता सूची से बाहर कर देगी। पीठ ने कहा कि जब आवेदकों की नागरिकता की स्थिति की पुष्टि सक्षम प्राधिकारी ने नहीं की है तो न्यायालय इसमें हस्तक्षेप कैसे कर सकता है।

### कांस्टेबल को यातना देने वाले आठ पुलिस वालों को जमानत नहीं

**श्रीनगर।** जम्मू- कश्मीर के कुपवाड़ा जिले की एक अदालत ने पुलिस कांस्टेबल को अवैध रूप से हिरासत में लेने और यातनाएं देने के आरोपी डीएसपी समेत आठ पुलिसकर्मियों की जमानत अर्जियां खारिज कर दीं हैं। यह आदेश सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बाद सीबीआई द्वारा आरोपपत्र दाखिल किए जाने के दो महीने बाद आया है। कुपवाड़ा के जिला न्यायाधीश मंजीत सिंह मनहास ने डीएसपी एजाज अहमद नाइक, उपनिरीक्षक रियाज अहमद मीर, जहांगीर अहमद बेग, हेड कांस्टेबल मोहम्मद यूनिस खान और तनवीर अहमद मल्ला, कांस्टेबल शाकिर हुसैन खोजा और अल्ताफ हुसैन भट आदि की जमानत अर्जी खारिज कर दीं।

# मद्रास हाईकोर्ट के जज हटाने के लिए नोटिस

- आरोप, पुलिस रिपोर्ट के खिलाफ दी कार्तिगई दीपम की अनुमति भाजपा ने फैलाया तनाव

**नई दिल्ली।** कांग्रेस, द्रमुक, समाजवादी पार्टी और कई अन्य विपक्षी दलों ने तमिलनाडु में एक दरगाह के निकट स्थित मंदिर में 'कार्तिगई दीपम' से जुड़े मामले में फैसला देने वाले मद्रास हाईकोर्ट की मदुरै पीठ के न्यायाधीश न्यायमूर्ति जीआर स्वामीनाथन को पद से हटाने का प्रस्ताव लाने संबंधी नोटिस मंगलवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को सौंपा। इस नोटिस पर 120 से अधिक विपक्षी सांसदों ने हस्ताक्षर किए हैं।

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, द्रमुक नेता टीआर बालू तथा कई अन्य नेताओं ने बिरला से मुलाकात कर यह नोटिस दिया। द्रमुक का आरोप है कि न्यायाधीश के फैसले के बाद भाजपा की ओर से सांप्रदायिक टकराव की स्थित पैदा की गई है। गौरतलब है कि तमिलनाडु सरकार ने दरगाह के पास स्थित मंदिर में 'कार्तिगई दीपम' जलाने की अनुमति देने के मद्रास हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। सुप्रीम कोर्ट ने तिरुपरमकुंद्रम में स्थित पत्थर के एक दीप स्तंभ 'दीपथून' में दरगाह के निकट अरुलमिघु सुब्रमणिय स्वामी मंदिर के श्रद्धालुओं को परंपरागत ''कार्तिगई दीपम' का दीपक जलाने की अनुमति देने के मद्रास हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ तमिलनाडु सरकार की याचिका पर सुनवाई के लिए पांच दिसंबर को सहमति जताई थी।

### नाइट क्लब आग मामले में सौरभ और गौरव की शैक को गिराने का आदेश

**पणजी।** गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने मंगलवार को सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद अधिकारियों को आग से तबाह हुए नाइट क्लब के भगोड़े मालिक सौरभ और गौरव लूथरा के वागाटोर समुद्र तट स्थित 'रोमियो लेन' के अवैध शैक (झोपड़ी) को ध्वस्त करने का आदेश दिया है।

सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा शनिवार आधी रात के आसपास अरपोरा स्थित 'बर्च बाय रोमियो लेन' नाइट क्लब में लगी भीषण आग में 25 लोगों की मौत के कुछ ही घंटों बाद थाईलैंड फरार हो गए थे। गोवा के मुख्यमंत्री कार्यालय के अनुसार, इंटरपोल ने सौरभ और गौरव लूथरा के खिलाफ ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया है। सीएमओ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री सावंत ने उत्तरी गोवा जिला प्रशासन को सभी औपचारिकताएं पूरी करने और वागाटोर में समुद्र तट पर बनी शैक को ध्वस्त करने का निर्देश दिया है। अधिकारी ने कहा, यह शैक सरकारी जमीन पर अवैध रूप से बनाई गई है। मंगलवार को इसे गिराने का आदेश दिया गया।

### लोकसभा में 'बंकिम दा' वाली टिप्पणी पर माफी मांगें मोदी

**कूच बिहार।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर उपन्यासकार बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय को 'बंकिम दा' कहकर अपमानित करने का आरोप लगाते हुए कहा कि मोदी को माफी मांगनी चाहिए। ममता बनर्जी ने कूचबिहार जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि जब देश आजाद हुआ था तब प्रधानमंत्री का जन्म भी नहीं हुआ था लेकिन फिर भी उन्होंने बंगाल के सबसे महान सांस्कृतिक प्रतीकों में से एक मानी जाने वाली हस्ती को इस तरह संबोधित किया। उन्होंने कहा, मोदी ने उन्हें वह न्यूनतम सम्मान भी नहीं दिया, जिसके वह हकदार हैं। आपको इसके लिए देश से माफी मांगनी चाहिए।

# सत्तापक्ष कर रहा है वोट चोरी का सबसे बड़ा राष्ट्रविरोधी कृत्य

## चुनाव सुधार पर चर्चा के दौरान लोकसभा में बोले राहुल गांधी

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- चुनाव आयोग समेत सभी संस्थाओं पर कब्जा कर रही है आरएसएस

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को वोट चोरी को सबसे बड़ा राष्ट्र विरोधी कृत्य करार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्तापक्ष में बैठे लोग इस कृत्य को अंजाम दे रहे हैं और 'आइडिया ऑफ इंडिया' (भारत की अवधारणा) नष्ट कर रहे हैं। उन्होंने लोकसभा में चुनाव सुधारों पर चर्चा के दौरान सत्तापक्ष और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर निर्वाचन आयोग तथा दूसरी संस्थाओं पर कब्जा करने का आरोप भी लगाया।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि चुनाव से एक महीने पहले सभी राजनीतिक दलों को मशीन से पढ़ने योग्य मतदाता सूची उपलब्ध कराई जाए, मतदान के समय की सीसीटीवी फुटेज दी जाए तथा ईवीएम संरचना के बारे में जानकारी दी जाए। उनका कहना था कि वर्ष 2023 के उस कानून को बदलिए जो निर्वाचन आयुक्तों को यह ताकत देता है कि वो जो चाहें वो करें। मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्त (नियुक्ति, सेवा-शर्तें और कार्यकाल) अधिनियम, 2023 के तहत तीन सदस्यीय चयन समिति में प्रधानमंत्री, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कैबिनेट मंत्री शामिल होते हैं।

राहुल गांधी ने हरियाणा, कर्नाटक, महाराष्ट्र और कुछ अन्य राज्यों के विधानसभा चुनावों में हेराफेरी का आरोप दोहराते हुए कहा, सबसे बड़ा राष्ट्र विरोधी काम वोट चोरी है। राहुल गांधी ने दावा किया कि आरएसएस के प्रोजेक्ट के तहत विभिन्न संस्थाओं और निर्वाचन आयोग पर कब्जा किया गया। उन्होंने कहा, 30 जनवरी 1948 को महात्मा गांधी जी की छाती में तीन गोलियां लगीं, लेकिन प्रोजेक्ट यहीं ख़त्म नहीं हुआ। सब कुछ, सारी संस्थाएं वोट से आकार लेती हैं, तो जाहिर है कि आरएसएस को वोट से निकली सभी संस्थाओं पर कब्ज़ा करना था। कांग्रेस नेता ने कहा कि गांधीजी की हत्या के बाद इस 'प्रोजेक्ट' का अगला कदम भारत के संस्थागत ढांचे पर पूर्ण कब्जा करना था। उन्होंने दावा किया कि विश्वविद्यालयों, जांच एजेंसियों और निर्वाचन आयोग पर कब्जा कर लिया गया है।

### आयोग की निष्पक्षता पर कई सवाल उठे हैं: सुले

**नई दिल्ली।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) सांसद सुप्रिया सुले ने कहा कि वह ईवीएम पर अंगुली नहीं उठाएंगी, लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं है कि हाल के वर्षों में निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता सवालों के घेरे में आई है। सुले ने कहा कि चुनावी हिंसा, काले धन के इस्तेमाल, नकदी बरामदगी तथा दल-बदल निरोधक कानून के दुरुपयोग आदि के मुद्दे इनमें शामिल हैं।

# मायावती ने कहा- देश में फिर से बैलेट पेपर से चुनाव होने चाहिए

**लखनऊ।** बसपा प्रमुख मायावती ने मंगलवार को ईवीएम के जरिये मतदान को लेकर लगातार जताई जा रही आशंका का हवाला देते हुए कहा कि देश को ईवीएम को छोड़कर एक बार फिर पारंपरिक बैलेट पेपर प्रणाली को अपनाना चाहिए।

मायावती ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, हमारी पार्टी का सुझाव है कि चुनाव के दौरान और बाद में ईवीएम से जुड़ी अनियमितताओं की लगातार आ रही शिकायतों को दूर करने और चुनावी प्रक्रिया में पूर्ण विश्वास बहाल करने के लिए ईवीएम के माध्यम से मतदान की प्रणाली को पारंपरिक मतपत्र प्रणाली से बदल दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, अगर किसी वजह से ऐसा अभी नहीं किया जा सकता है तो कम से कम मतदान के दौरान वीवीपैट मशीन के बॉक्स में गिरने वाली पर्चियों की गिनती सभी मतदान केंद्रों पर की जानी चाहिए और उनका मिलान ईवीएम के जरिये पड़े वोटों से किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसा ना करने के पीछे बहुत अधिक समय लगने का जो कारण निर्वाचन आयोग ने बताया है वह बिल्कुल भी उचित नहीं है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### वाद्ययंत्र 'बोरींडो' यूनेस्कों की विरासत सूची में शामिल

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के सिंध प्रांत का प्राचीन लोक संगीत वाद्ययंत्र बोरींडो और उसकी धुनें, पैराग्वे की प्राचीन चीनी मिट्टी की शिल्पकला और केन्या के दाईदा समुदाय के म्वाजिंडिका आध्यात्मिक नृत्य को यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची (आईसीएच) में मंगलवार को शामिल किया गया, जिन्हें तत्काल संरक्षण की आवश्यकता है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि समिति द्वारा मंगलवार को नामांकनों पर विचार किया जा रहा है ताकि उन्हें आईसीएच में जगह दी जा सके। आईसीएच का 20वां सत्र 8 से 13 दिसंबर तक लाल किले में आयोजित किया जा रहा है।

### सूडानी मिलिशिया नेता को 20 साल की सजा

**द हेग।** अंतर्राष्ट्रीय आपराध न्यायालय ने मंगलवार को खूंखार सूडानी जंजावीद मिलिशिया के एक नेता को 20 साल से भी अधिक समय पहले दारफुर में हुए विनाशकारी संघर्ष के दौरान किए गए युद्ध अपराधों और मानवता के विरुद्ध अपराधों के लिए 20 साल कारावास की सजा सुनाई। पिछले महीने एक सुनवाई में अभियोजकों ने अली मुहम्मद अली अब्द-अल-रहमान को आजीवन कारावास की सजा देने का अनुरोध किया था। अली मुहम्मद को अक्टूबर में युद्ध अपराधों और मानवता के विरुद्ध अपराधों के 27 मामलों में दोषी ठहराया गया था।

### शाहरुख स्टाइलिश लोगों की सूची में

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान ने न्यूयॉर्क टाइम्स द्वारा जारी 2025 के 67 सबसे 'स्टाइलिश' लोगों की सूची में जगह बनाई है। अन्य मशहूर हस्तियों में सबरीना कारपेंटर, डोएची, विवियन विल्सन, निकोल शेर्जिंगर, वाल्टन गोगिंस, जेनिफर लॉरेंस और कोल एस्कोला शामिल हैं। शाहरुख को इस साल की शुरुआत में 'मेट गाला' में उनकी आकर्षक उपस्थिति के लिए यह पहचान मिली, जहां उन्होंने प्रसिद्ध डिजाइनर सब्यसाची मुखर्जी द्वारा डिजाइन किया गया परिधान पहना था।

### भारतीयों को अवैध रूप से नौकरी देने पर जेल

**लंदन।** दक्षिण-पूर्व इंग्लैंड स्थित एक 'केयर होम' एजेंसी के निदेशक को उन भारतीय प्रवासियों को नौकरी पर रखने का दोषी पाए जाने के बाद ढाई साल की जेल की सजा सुनाई गई जिन्हें ब्रिटेन में काम करने का अधिकार प्राप्त नहीं है। ब्रिटेन में 'होम केयर एजेंसी' घर पर रहने वाले बुजुर्गों, दिव्यांगों या बीमार लोगों की देखभाल में सहायता प्रदान करती है। ये एजेंसी ऐसे प्रशिक्षित देखभालकर्ता मुहैया कराती हैं जो चिकित्सकीय और गैर-चिकित्सकीय दोनों तरह की सहायता दे सकते हैं।

## फैशन में निभाए किरदार ने किस्मत बदल दी : प्रियंका

- अबू धाबी में हुए ब्रिज मीडिया सम्मेलन में बोलीं पूर्व मिस वर्ल्ड

**अबू धाबी, एजेंसी**



प्रियंका चोपड़ा का कहना है कि उन्होंने जब बॉलीवुड में कदम रखा था, तब उनका न तो कोई गॉडफादर था, न ही उन्हें किसी फिल्मी घराने का समर्थन हासिल था।

प्रियंका कहती हैं कि करियर के शुरुआती दौर में उन्हें जो भी भूमिकाएं मिलीं, वह उन्हें स्वीकार करती गईं, शूटिंग के लिए दिन-रात एक कर दिए, अमेरिका में पॉप संगीत में भी हाथ आजमाया और आखिरकार फैशन में निभाए गए किरदार ने किस्मत बदल दी। आज प्रियंका हॉलीवुड में भी एक जाना-पहचाना चेहरा हैं। वह अपनी सफलता का श्रेय करियर के शुरुआती दौर में की गई कड़ी मेहनत को देती हैं। अबू धाबी में आयोजित ब्रिज मीडिया सम्मेलन में प्रियंका (43) ने 2000 में 'मिस वर्ल्ड' का खिताब जीतने से लेकर हिंदी फिल्मों में दस्तक देन और फिर हॉलीवुड का रुख करने तक के अपने सफर को याद किया। उन्होंने 2008 में प्रदर्शित 'फैशन' को अपने करियर का रुख बदलने वाली फिल्म बताया।

## सुनामी : विनाशकारी लहरों की श्रृंखला

सुनामी समुद्र में उत्पन्न होने वाली अत्यंत विशाल, तेज़ और विनाशकारी लहरों की एक श्रृंखला होती है। सामान्य समुद्री लहरें हवा की गति से बनती हैं, लेकिन सुनामी की लहरें समुद्र के भीतर अचानक हुई किसी बड़ी हलचल या विस्फोट के कारण पैदा होती हैं। इनकी गति बहुत अधिक होती है, जो कभी-कभी 700 से 800 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुँच सकती है। समुद्र के बीच में सुनामी की लहरें भले ही छोटी दिखाई दें, लेकिन जब वे तट के पास उथले पानी में पहुँचती हैं, तो उनकी ऊँचाई तेजी से बढ़ जाती है और वे विशाल दीवार जैसी बनकर तट पर टकराती हैं।

इसी टकराव से बड़े पैमाने पर जान-माल का नुकसान होता है। सुनामी का मुख्य कारण समुद्र की सतह के नीचे आने वाला शक्तिशाली भूकंप है। जब समुद्री प्लेटें टकराती या खिसकती हैं, तो समुद्र का बहुत सारा पानी अचानक



ऊपर उठ जाता है और उसी उथल-पुथल से सुनामी की शुरुआत होती है। इसके अलावा समुद्र के भीतर होने वाले ज्वालामुखी विस्फोट, समुद्र में भूस्खलन और बहुत कम मामलों में उल्कापिंड का समुद्र में गिरना भी सुनामी का कारण बन सकता है। इस प्रकार, सुनामी एक प्राकृतिक आपदा है जो समुद्र में अचानक होने वाले बड़े परिवर्तनों के कारण उत्पन्न होती है और मनुष्य तथा प्रकृति दोनों पर गहरा प्रभाव डालती है।

- जापान (तोहोकू) में सुनामी आई थी जिसमें लगभग 18 हजार लोगों की मौत हुई थी। इसकी वजह से फुकुशिमा परमाणु संयंत्र दुर्घटना भी हुई थी। अरबों डॉलर की क्षति, संपूर्ण तोहोकू शहर जलमग्न हो गया था।
- 1883 में इंडोनेशिया में क्राकातोआ ज्वालामुखी विस्फोट से सुनामी आई जिससे लगभग 36,000 मौतें हुईं, तटीय क्षेत्र पूरी तरह नष्ट हो गया।
- 1960 में चिली में दुनिया का सबसे शक्तिशाली भूकंप आया था जिसकी रिक्टर स्केल पर तीव्रता 9 .5 थी जिसके बाद समुद्र में सुनामी आया था जिसकी लहरें जापान, हवाई द्वीप और फिलीपींस तक पहुंचीं थीं।

### सुनामी क्यों आती है?

समुद्र के नीचे भूकंप सुनामी आने का सबसे बड़ा कारण है। जब समुद्री प्लेटें अचानक खिसकती हैं, तो पानी ऊपर की ओर धकेला जाता है और सुनामी बनती है। समुद्र के भीतर ज्वालामुखी विस्फोट भी सुनामी आने का कारण बनता है। जैसे इंडोनेशिया का क्राकातोआ, विस्फोट से समुद्र में तेज़ उथल-पुथल होती है। समुद्र के नीचे भूस्खलन भी वजह है। पहाड़ या बड़ी चट्टानें समुद्र में गिरने पर विशाल लहरें बनती हैं।

### जलीय जीव-जंतुओं पर प्रभाव

सुनामी समुद्री जीवों के लिए भी खतरनाक है। इससे समुद्री निवास नष्ट हो जाते हैं, कोरल रीफ टूट जाते हैं, समुद्र तल की मिट्टी और रेत बह जाती है, मछलियों के अंडे और घर नष्ट हो जाते हैं, तेज़ धार से बड़ी संख्या में मछलियां मर जाती हैं।

### दुनिया की सबसे भीषण सुनामियां और नुकसान

भारतीय महासागर जिसमें भारत, श्रीलंका, इंडोनेशिया आदि शामिल हैं। यहां 26 दिसंबर 2004 को आई सुनामी में लगभग 2,30,000 से अधिक लोगों की मौत हुई थी। इंडोनेशिया के निकट समुद्र के भीतर 9 .1 तीव्रता का भूकंप इसकी वजह रही। दर्जनों शहर नष्ट व लाखों लोग विस्थापित हुए थे।

# अमेरिका में सस्ते दाम पर चावल बेच रहा भारत, लगाएंगे नए शुल्क

## राष्ट्रपति ट्रंप ने दी चेतावनी, कहा-समस्या का आसानी से हल निकाल लेंगे

- व्हाइट हाउस में खेती और कृषि क्षेत्र के प्रतिनिधियों संग बैठक

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन, एजेंसी**



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि भारत को अमेरिकी बाजार में चावल डंप करना (सस्ते दामों पर बेचना) नहीं चाहिए और वह इस मामले से निपट लेंगे। ट्रंप ने चेतावनी दी कि शुल्क (टैरिफ) लगाकर इस समस्या का आसानी से हल निकल जाएगा। ट्रंप ने सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस में खेती और कृषि क्षेत्र के प्रतिनिधियों तथा अपने कैबिनेट के प्रमुख सदस्यों खासकर वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट और कृषि मंत्री ब्रूक रोलिन्स के साथ एक गोलमेज बैठक की। उन्होंने किसानों के लिए 12 अरब डॉलर की संघीय सहायता की घोषणा की।

लुइसियाना में अपने परिवार के कृषि कारोबार केनेडी राइस मिल का संचालन करने वाली मेरिल केनेडी ने ट्रंप से कहा कि देश के दक्षिणी हिस्से में चावल उत्पादक वास्तव में संघर्ष कर रहे हैं और अन्य देश अमेरिकी बाजार में चावल डंप कर रहे हैं यानी कि बेहद सस्ते दामों पर चावल बेच रहे हैं। जब ट्रंप ने पूछा कि कौन से देश अमेरिका में चावल सस्ते दामों पर बेच रहे हैं तो राष्ट्रपति के बगल में बैठीं केनेडी ने जवाब दिया, भारत और थाईलैंड, यहां तक कि चीन भी प्यूर्टो रिको में चावल सस्ते दामों पर बेच रहा है। प्यूर्टो रिको कभी अमेरिकी चावल का सबसे बड़ा बाजार हुआ करता था। हमने कई वर्षों से प्यूर्टो रिको में चावल नहीं भेजे हैं।

केनेडी ने कहा कि ट्रंप प्रशासन द्वारा लगाए गए शुल्क काम कर रहे हैं, लेकिन हमें इसे और बढ़ाने की जरूरत है। ट्रंप ने फिर बेसेंट की ओर देखते हुए कहा, भारत, मुझे भारत के बारे में बताइए। भारत को ऐसा करने की अनुमति क्यों है? उन्हें शुल्क देना होगा। क्या उन्हें चावल पर छूट मिली हुई है? इस पर बेसेंट ने कहा, नहीं सर, हम अभी उनके साथ व्यापार सौदे पर बातचीत कर रहे हैं। केनेडी ने ट्रंप को यह भी बताया कि भारत के खिलाफ विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में एक मामला चल रहा है। ट्रंप ने कहा कि इसे बहुत आसानी से निपटाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यह उन देशों पर शुल्क लगाकर बहुत जल्दी हल हो जाएगा, जो अवैध रूप से सामान भेज रहे हैं। आपकी समस्या एक दिन में हल हो जाएगी।

### वैश्विक बाजार में भारत की 28% हिस्सेदारी

इंडियन राइस एक्सपोर्ट्स फेडरेशन के आंकड़ों के अनुसार, भारत दुनिया का सबसे बड़ा चावल उत्पादक देश है और वैश्विक बाजार में 28 प्रतिशत हिस्सेदारी रखता है। वह शीर्ष निर्यातक भी है, जिसकी 2024-25 में वैश्विक निर्यात में 30 .3 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। भारत चावल की जो किस्में वैश्विक स्तर पर निर्यात करता है, उनमें सोना मसूरी अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया जैसे बाजारों में पसंद की जाती है। ट्रंप ने भारत पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाया है, जो दुनिया में सबसे अधिक है। इसमें रूस से तेल खरीद पर 25 प्रतिशत शुल्क भी शामिल है।

## क्वाड समूह को और मजबूत बनाएगा अमेरिका : रुबियो



**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन।** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि अमेरिका 'क्वाड' के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है तथा आने वाले वर्षों में इस समूह को और मजबूत करेगा। 'क्वाड' (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) अमेरिका, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया का एक समूह है। रुबियो ने सोमवार को कहा कि हम क्वाड के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। आने वाले समय में जापान और भारत के साथ मिलकर इसे आगे बढ़ाने के लिए और काम करेंगे...। ऑस्ट्रेलिया-अमेरिका मंत्रिस्तरीय वार्ताओं से पहले उन्होंने रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ, ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री एवं रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्ल्स तथा ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पेनी वोंग की मौजूदगी में विदेश मंत्रालय में संयुक्त बयान देते हुए यह बात कही। रुबियो के अनुसार, इस साल जनवरी में विदेश मंत्री के रूप में शपथ लेने के तुरंत बाद क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक उनकी पहली आधिकारिक बैठक थी। उन्होंने कहा, मेरे नाम पर मुहर लगी, मैंने नीचे शपथ ली और सीधे इसी लिफ्ट से ऊपर आकर इस कमरे में पहुंचा। विदेश मंत्री के रूप में मेरा पहला कार्यक्रम यहीं इसी कमरे में क्वाड के साथ हुआ था। रुबियो ने कहा, जहां तक मुझे याद है, इस साल हमारी कम से कम तीन बैठकें हुई हैं। हम आने वाले साल में इस सहयोग को और आगे बढ़ाएंगे तथा ऐसी और बैठकों की उम्मीद करते हैं।



जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के हुतमुराह वन क्षेत्र में सुरक्षाकर्मियों के साथ छानबीन करती एनआईए की टीम।

## कराची में हिंदू महिला और बेटी का अपहरण

**कराची।** पाकिस्तान के सिंध प्रांत में एक हिंदू महिला और उसकी नाबालिग बेटी को अज्ञात बंदूकधारियों ने अगवा कर लिया। यह घटना शनिवार को कराची के शेरशाह स्थित सिंधी मोहल्ले में घटी। परिवार द्वारा दी गई प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, महिला को तीन हथियारबंद व्यक्तियों ने घर से बाहर निकलते ही जबरन एक सफेद कार में बैठा लिया। इस मामले से स्थानीय समुदाय में भय और चिंता व्याप्त हो गई है। सिंध प्रांत में हिंदू समुदाय के नागरिक अधिकार कार्यकर्ता शिवा काची ने कहा कि रानी और उनकी नाबालिग बेटी अब भी लापता हैं। उनके परिवार को डर है कि उन्हें जबरन इस्लाम कुबूल कराया जाएगा्।

## एनआईए की अनंतनाग में तीन जगह छापेमारी

- दिल्ली विस्फोट मामले में संदिग्धों को लेकर वन क्षेत्र में की छानबीन

**नई दिल्ली, एजेंसी**

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने दिल्ली विस्फोट मामले में मंगलवार को जम्मू -कश्मीर में तीन स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया। एनआईए, केंद्रीय रिजर्व बल (सीआरपीएफ) और स्थानीय पुलिस के संयुक्त दल दो संदिग्धों डॉ. आदिल राथर और जसीर बिलाल वानी को अनंतनाग के एक वन क्षेत्र में लेकर गई। यह कार्रवाई एनआईए द्वारा अनंतनाग जिले के एक वन क्षेत्र में की जा रही छापेमारी का हिस्सा है।

इन दोनों संदिग्धों को दिल्ली विस्फोट मामले और सफेदपोश आतंकी मॉड्यूल के साथ संबंध होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। फिलहाल कई तथ्यों की गहन जांच की जा रही है और जानकारियां जुटाईं जा रही हैं ताकि दोनों आरोपियों के बयानों की पुष्टि की जा सके। गौरतलब है कि पिछले महीने 10 नवंबर को लाल किले के पास हुए विस्फोट मामले की जांच के संबंध में ये छापेमारियां की जा रही हैं।

लाल किला विस्फोट मामले में एनआईए ने अब तक छह लोगों को गिरफ्तार किया है। शुरू में दिल्ली पुलिस द्वारा दर्ज किए गए इस मामले को बाद में गृह मंत्रालय ने एनआईए को स्थानांतरित कर दिया गया था।

## इंडोनेशिया में आग से 22 लोगों की मौत

- राजधानी जकार्ता में सात मंजिला इमारत चपेट में आई

**जकार्ता, एजेंसी**



इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में मंगलवार को एक कार्यालय भवन में आग लगने की घटना में कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मृतकों में एक गर्भवती महिला भी शामिल है। मध्य जकार्ता स्थित कार्यालय की सात मंजिला इमारत को आग की लपटों ने अपनी चपेट में ले लिया, जिससे आसमान में धुएं का गुबार फैल गया और आस-पास रहने वाले लोगों तथा कर्मचारियों में दहशत फैल गई।

मध्य जकार्ता के पुलिस प्रमुख सुसात्यो पुर्नोमो कोंड्रो ने बताया कि आग दोपहर के समय लगी और माना जा रहा है कि यह केमायोरन इलाके में स्थित इमारत की पहली मंजिल से शुरू हुई और बाद में अन्य मंजिलों तक फैल गई। कोंड्रो के मुताबिक, आग पर काबू पाने के लिए सैकड़ों कर्मियों और दमकल की 29 गाड़ियों को तैनात किया गया। आग लगने के कारणों की अब भी जांच की जा रही है। कोंड्रो ने कई प्रत्यक्षदर्शियों का हवाला देते हुए बताया कि इमारत में स्थित कार्यालय के कई कर्मचारी दोपहर के भोजन के लिए बाहर गए हुए थे, तभी भंडारण और परीक्षण क्षेत्र में बैटरी में चिंगारी निकलने लगी। उन्होंने बताया कि इमारत को ड्रोन कंपनी के बिक्री और भंडारण कार्यालय के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग बुझाई गई।

## इजराइल को मोदी समेत कई नेताओं का है समर्थन

**यरुशलम।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सोमवार को संसद में दिए एक तेज तर्रार भाषण में देश के प्रबंधन को लेकर अपनी नीति का बचाव किया। उन्होंने कहा कि इस यहूदी राष्ट्र के खिलाफ बढ़ती यहूदी-विरोधी भावनाओं के बावजूद इजराइल को भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत दुनिया के कई देशों एवं नेताओं का अभूतपूर्व समर्थन प्राप्त है। नेतन्याहू ने संसद में तथाकथित 40 हस्ताक्षर बहस के दौरान यह बात कही।

## सियासी कारणों से हवाई क्षेत्र का बंद होना अस्वीकार्य

**जिनेवा, एजेंसी**



- भारत-पाकिस्तान के संदर्भ में आईएटीए प्रमुख ने की टिप्पणी

वैश्विक एयरलाइंस निकाय आईएटीए के प्रमुख विली वॉल्श ने मंगलवार को कहा कि राजनीतिक कारणों से हवाई क्षेत्र को बंद किया जाना पूरी तरह अस्वीकार्य है और यह सभी विमानन कंपनियों के लिए खुला होना चाहिए। वॉल्श ने यह टिप्पणी भारत और पाकिस्तान द्वारा एक-दूसरे की उड़ानों के लिए अपने-अपने हवाई क्षेत्र बंद करने के संबंध में एक सवाल पर की।

उन्होंने एक सवाल पर कहा कि हम देख रहे हैं कि राजनीतिक कारणों से हवाई क्षेत्र बंद किए जा रहे हैं, और स्पष्ट रूप से ऐसा होना हमारे लिए अस्वीकार्य है। हालांकि आईएटीए के महानिदेशक ने अपने जवाब में किसी भी देश का जिक्र नहीं किया। दुनिया के कुछ अन्य हिस्सों में भी वायु क्षेत्र प्रतिबंध लागू हैं। भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकवादी हमले में 26 लोगों की मौत के बाद 30 अप्रैल से पाकिस्तान की एयरलाइंस एवं परिचालकों द्वारा संचालित, स्वामित्व वाली या पट्टे पर ली गई उड़ानों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया था। इसके बाद से ये प्रतिबंध बढ़ाए जाते रहे हैं। पाकिस्तान ने भी भारतीय विमान कंपनियों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद कर रखा है। वॉल्श ने उम्मीद जताई कि प्रतिबंधित हवाई क्षेत्र उड़ानों के संचालन के लिए दोबारा खोले जाएंगे और एयरलाइंस उनका इस्तेमाल कर सकेंगी।

### कानूनी विकल्पों का भी कर रहे मूल्यांकन


विली ने कहा कि एयरलाइंस आपूर्ति शृंखला से जुड़ी समस्याओं पर कानूनी विकल्पों का भी मूल्यांकन कर रही हैं। आपूर्ति शृंखला की स्थिति कितनी गंभीर है, इसका अंदाजा इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि अगर कोई एयरलाइन आज विमान का ऑर्डर दे, तो उसे विमान मिलने में करीब 6 .8 साल लगेंगे, और कुल बकाया ऑर्डर 17,000 से अधिक है। वर्ष 2025 के अंत में नए विमानों की आपूर्ति में थोड़ा सुधार शुरू हुआ है।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 10 दिसंबर, बुधवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- पौष, पक्ष-कृष्ण पक्ष, षष्ठी 13 .46 तक तत्पश्चात सप्तमी।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**- उत्तर, **ऋतु**- हेमंत।

**चन्द्रबल**- मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।

**ताराबल**- अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

**नक्षत्र**-मघा 11 दिसंबर 02 .44 तक तत्पश्चात पूर्वाफाल्गुनी।

**मेष** - आज कार्यक्षेत्र में आपके उत्तम प्रदर्शन को लेकर चर्चा होगी। परोपकार और समाज कल्याण के कार्यों में आप काफी सहयोग देंगे। जीवनसाथी आपकी अतिरिक्त देखभाल करेगा। बाहरी व्यक्तियों का पारिवारिक जीवन में हस्तक्षेप न होने दें।

**वृष** - आज अपनी क्षमताओं का कुशल प्रयोग नहीं कर पाएंगे। यदि आवश्यक न हो तो बड़े आर्थिक लेन-देन आज कम करें। कार्यक्षेत्र में आपको कड़ी मेहनत करनी पड़ सकती है। नया करियर आरंभ करने का विचार बना सकते हैं।

**मिथुन** - आज काम का दबाव काफी कम रहेगा। अपनी प्रतिभा को और विकसित करने के अवसर प्राप्त होंगे। युवा जातक प्रेम विवाह की योजना बना सकते हैं। अपनी नीतियों को सदैव स्पष्ट रखें व उनमें फेर-बदल न करें।

**कर्क** - आज कार्यक्षेत्र में आपको काफी मेहनत करनी पड़ेगी। क्रोध में आकर किसी भी विषय पर प्रतिक्रिया न दें। समय पर काम करने से आपको अच्छे परिणाम मिलेंगे। आप रुकी हुई योजनाओं को आरंभ करने के लिए परिश्रम करेंगे।

**सिंह** - आज आपको काफी मेहनत करनी पड़ेगी। अविवाहितों को विवाह के प्रस्ताव मिलने के योग बन रहे हैं। सकारात्मक लोगों के साथ आपके संबंध मजबूत होंगे। अपने लक्ष्यों को लेकर अत्यंत भावुक हो सकते हैं। आप अपनी पुरानी गलतियों से सीखेंगे।

**कन्या** - आज अधिक सोच-विचार के कारण आप अवसरों को खो सकते हैं। बच्चों की समस्याओं पर आपको ध्यान देना चाहिए। पुराने कर्जों के कारण आपको तनाव हो सकता है। किसी नजदीकी मित्र से मनमुटाव हो सकता है।

**तुला** - आज मन में संतोष की भावना रहेगी। ऐसे कोई कार्य न करें, जिसमें आपकी छवि दांव पर लगी हो। उच्चशिक्षा को लेकर अत्यंत उत्सुक रहेंगे। व्यापार में अपेक्षा से अधिक लाभ प्राप्त होगा। आपके पास नई जिम्मेदारियां आ सकती हैं।

**वृश्चिक** - आज सहकर्मियों के साथ अपने संबंध मधुर रखें। तनाव न लेते हुए समस्याओं का शांत मन से समाधान ढूंढें। आपको कार्यक्षेत्र में काफी मेहनत करनी पड़ेगी। राजनैतिक मामलों से जुड़े लोगों को थोड़ा सावधान रहना चाहिए।

**धनु** - आज व्यवसाय में आपकी उत्पादन क्षमता बढ़ेगी। रिश्तेदारों के साथ अचानक मुलाकात हो सकती है। आपके मनोबल में वृद्धि होगी। आपसी संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। मीडिया से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है।

**मकर** - आज व्यर्थ की बातों में समय बर्बाद न करें। करियर और शिक्षा को लेकर थोड़ा तनाव हो सकता है। अपने गुप्त रहस्य और विद्या किसी से साझा न करें। घर में अनुशासन बनाए रखें। कार्यक्षेत्र में आपको क्षमता से अधिक मेहनत करनी पड़ेगी।

**कुंभ** - आज जॉब में स्थानान्तरण होने के योग बन रहे हैं। बॉस आपके काम से बहुत प्रसन्न रहेंगे। सरकारी कार्यों में कुछ धीमापन हो सकता है। आपकी आर्थिक स्थिति बेहतरीन रहने वाली है। किसी रिश्तेदार से शुभ सूचना मिल सकती है। मित्र आपकी काफी सहायता करेंगे।

**मीन** - आज नकारात्मक परिस्थितियों के बीच भी संयम बनाकर रखें। हालांकि लोगों के ऊपर आपका अच्छा प्रभाव पड़ेगा। अनुभवी व्यक्तियों से सलाह लेना लाभकारी सिद्ध होगा। स्वास्थ्य को लेकर परेशान हो सकते हैं। क्रोध व तनाव के कारण दिनचर्या खराब हो सकती है।

## सुडोकू -186

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | | | | | |
| | 2 | | | | | | | |
| | | | | | | | | 7 |
| | 3 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | |
| | | | | 7 | | | | 3 |
| | 8 | | | | | | | |
| | | | | | | | 4 | |
| | | | | 3 | | | | |

### सुडोकू - 185 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | 5 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 6 |
| 4 | 8 | 9 | 5 | 6 | 3 | 2 | 7 | 1 |
| 6 | 3 | 2 | 7 | 1 | 4 | 8 | 5 | 9 |
| 8 | 2 | 7 | 9 | 4 | 1 | 5 | 6 | 3 |
| 1 | 5 | 6 | 3 | 2 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 3 | 9 | 4 | 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 2 |
| 9 | 4 | 8 | 1 | 5 | 2 | 6 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 9 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 9 | 1 | 2 | 4 |



“राष्ट्रीय टी-20 टीम में हार्दिक पंड्या जैसा कोई दूसरा खिलाड़ी नहीं है क्योंकि यह स्टार ऑलराउंडर विशेषज्ञ बल्लेबाज या गेंदबाज के रूप में भी टीम में जगह बनाने में सक्षम है।

–संजय बांगड़
भारत के पूर्व बल्लेबाजी कोच।


# स्टेडियम

हल्द्वानी, बुधवार, 10 दिसंबर 2025

अमृत विचार
www.amritvichar.com


## हाईलाइट

### सेसा की महिला टीम ने आईडब्ल्यूएल के लिए किया क्वालीफाई

**पणजी।** सेसा फुटबॉल अकादमी (एसएफए) की सीनियर महिला टीम ने पहली बार भारतीय महिला लीग (आईडब्ल्यूएल) के लिए क्वालीफाई किया है, जिससे तीन साल के अंतराल के बाद इस राष्ट्रीय लीग में गोवा का प्रतिनिधित्व बहाल होगा। टीम अब 20 दिसंबर से छह जनवरी तक पश्चिम बंगाल में होने वाले आईडब्ल्यूएल में भारत के शीर्ष खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करेगी। इस प्रकार एसएफए आईडब्ल्यूएल के लिए क्वालीफाई करने वाली गोवा की पांचवीं टीम बन गई है।

### जमशेदपुर में पहली बार ट्रांसजेंडर फुटबॉल लीग

**जमशेदपुर।** भारतीय फुटबॉल में ऐतिहासिक घटनाक्रम के तहत सात ट्रांसजेंडर टीमों ने जमशेदपुर सुपर लीग (जेएसएल) के तहत रविवार को विशेष टूर्नामेंट की शुरुआत की। जमशेदपुर एफटी, चाईबासा एफसी, चक्रधरपुर एफसी, जमशेदपुर इंदिरानगर एफसी, नोआमुंडी एफसी, सरायकेला एफसी और कोल्हान टाइगर एफसी की पांच-पांच खिलाड़ियों की टीमें इस लीग में हिस्सा ले रही हैं। शुरुआत में ट्रांसजेंडर्स लीग में केवल चार टीमें ही प्रतिस्पर्धा करने वाली थीं, लेकिन बाद में तीन और टीमें इसमें शामिल हुईं।

### एलओसी के पास मैराथन आयोजित

**मेंढर/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास मंगलवार को सेना द्वारा आयोजित की गई मैराथन में सैकड़ों युवाओं ने भाग लिया। भीमबेर गली ब्रिगेड के कमांडर ब्रिगेडियर राहुल कुमार ने मैराथन को हरी झंडी दिखाई और युवाओं को फिटनेस को जीवन शैली के रूप में अपनाने और सशस्त्र बलों में अपना भविष्य बनाने के लिए प्रेरित किया।

# भारत ने द. अफ्रीका को 101 रनों से रौंदा

## पहला टी-20 : टीम इंडिया में लौटे पंड्या की आक्रामक पारी




कटक, एजेंसी

हार्दिक पंड्या के खेल से भारत ने पांच मैचों की श्रृंखला के पहले टी-20 में मंगलवार को दक्षिण अफ्रीका को 101 रन से हराकर शानदार आगाज किया। पंड्या की नाबाद 59 रन की आक्रामक पारी के बूते भारत ने 6 विकेट पर 175 रन बनाने के बाद द. अफ्रीका को 12.3 ओवर में 74 रन पर आउट कर रनों के लिहाज से दूसरे सबसे बड़ी जीत दर्ज की।

भारत ने इससे पहले नवंबर 2024 में द. अफ्रीका को 135 रन से हराया था। टी20 में यह द. अफ्रीका का सबसे छोटा स्कोर है। बल्ले से छठा टी-20 अर्धशतक जड़ने वाले पंड्या ने डेविड मिलर (1 रन) का विकेट भी चटकाया। भारत की ओर से अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, अक्षर पटेल को दो-दो जबकि शिवम दुबे को एक सफलता मिली। द. अफ्रीका के लिए डेवाल्ड ब्रेविस ने सबसे ज्यादा 22 जबकि ट्रिस्टन स्टब्स और कप्तान एडेन मारक्रम ने 14-14 रनों का योगदान दिया।

भारतीय टीम 12 ओवर के बाद 4 विकेट पर 78 रन बनाकर संघर्ष कर रही थी लेकिन एशिया कप के बाद चोट से वापसी कर अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय मैच खेल रहे पंड्या ने 28 गेंद की नाबाद पारी में 4 छक्कों और 6 चौकों की मदद से भारत को बड़े स्कोर तक पहुंचाने में योगदान दिया। भारत के लिए तिलक वर्मा (32 गेंद में 26), अक्षर पटेल (21 गेंद में 23) अभिषेक शर्मा (12 गेंद में 17) क्रीज पर समय बिताने के बावजूद बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे। द. अफ्रीका के लिए लुंगी एनगिडी ने तीन विकेट लिए। लुथो सिपामला को दो जबकि डोनोवन फरेरा को एक सफलता मिली।

लक्ष्य का बचाव करते हुए अर्शदीप सिंह ने पारी की दूसरी गेंद पर क्विंटन डिकॉक को पवेलियन भेजने के बाद अगले ओवर में ट्रिस्टन स्टब्स (14) को विकेटकीपर जितेश शर्मा के हाथों कैच कराया। कप्तान एडेन मारक्रम ने चौथे ओवर में बुमराह के खिलाफ चौका और छक्का लगाया लेकिन अक्षर ने उन्हें बोल्ड किया। चक्रवर्ती के खिलाफ लांग ऑन पर छक्का लगाने वाले डेवाल्ड ब्रेविस ने अक्षर पर चौके के साथ पावर प्ले में द. अफ्रीका का स्कोर 3 विकेट पर 45 रन पहुंचा दिया।

पंड्या ने गेंद थामते ही मिलर को पवेलियन भेजा। टीम का स्कोर 50 रन तक ही पहुंचा था कि चक्रवर्ती ने फरेरा भेजा। मार्को यानसेन खतरनाक होते उससे पहले चक्रवर्ती ने उन्हें बोल्ड कर दिया। बुमराह ने अगले ओवर में ब्रेविस को आउट कर टी20 अंतर्राष्ट्रीय में अपने विकेटों का सैंकड़ा पूरा किया। भारतीय गेंदबाजों ने पुछल्ले बल्लेबाजों को आउट करने में ज्यादा समय नहीं लिया।



विकेट लेने के बाद जश्न मनाते भारतीय खिलाड़ी।

### भारत

**175/6** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| अभिषेक का यानसेन बो सिपामला | 17 |
| शुभमन का यानसेन बो एनगिडी | 04 |
| सूर्यकुमार का मारक्रम बो एनगिडी | 12 |
| तिलक का यानसेन बो एनगिडी | 26 |
| अक्षर का फरेरा बो सिपामला | 23 |
| हार्दिक पंड्या नाबाद | 59 |
| शिवम दूबे बो फरेरा | 09 |
| जितेश शर्मा नाबाद | 10 |

**गेंदबाजी :** एनगिडी 4-0-31-3, यानसेन 4-0-23-0, सिपामला 4-0-38-2, नोर्किया 4-0-41-0, महाराज 2-0-25-0, फरेरा 2-0-13-1

### दक्षिण अफ्रीका

**74/10** (12.3 ओवर)

| | |
|---|---|
| क्विंटन का अभिषेक बो अर्शदीप | 00 |
| एडेन मारक्रम बो अक्षर | 14 |
| ट्रिस्टन का जितेश बो अर्शदीप | 14 |
| डेवाल्ड का सूर्यकुमार बो बुमराह | 22 |
| डेविड मिलर का जितेश बो पंड्या | 01 |
| फरेरा का जितेश बो चक्रवर्ती | 05 |
| मार्को यानसेन बो चक्रवर्ती | 12 |
| केशव का जितेश बो बुमराह | 00 |
| एनरिच नोर्किया बो अक्षर | 01 |
| लुथो सिपामला का अभिषेक बो दुबे | 02 |
| लुंगी एनगिडी नाबाद | 02 |

**गेंदबाजी :** अर्शदीप 2-0-14-2, बुमराह 3-0-17-2, चक्रवर्ती 3-1-19-2, अक्षर 2-0-7-2, पंड्या 2-0-16-1, दुबे 0 .3-0-1-1

# नीलामी में 240 भारतीयों सहित 350 खिलाड़ी

मुंबई, एजेंसी

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की 16 दिसंबर को अबुधाबी में होने वाली नीलामी में कुल 350 क्रिकेटरों की बोली लगेगी जिनमें 240 भारतीय और 110 विदेशी खिलाड़ी शामिल हैं। हाल ही में वनडे में संन्यास से वापसी करने वाले दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक का नाम भी अंतिम सूची में शामिल किया गया है। उनका आधार मूल्य एक करोड़ रुपये है। इस सूची में ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्टीव स्मिथ भी शामिल हैं, जिनका आधार मूल्य दो करोड़ रुपये है। स्मिथ आखिरी बार 2021 में आईपीएल में खेले थे।

आईपीएल के अनुसार नीलामी के लिए 1390 खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया था। इसे बाद में घटाकर 1005 किया गया था। इनमें से ही अंतिम 350 खिलाड़ियों की सूची तैयार हुई है। 10 फ्रेंचाइजी टीमें इन 350 खिलाड़ियों में से ही बाकी बचे 77 स्थान को भरेंगे। नीलामी में खिलाड़ियों के पहले सेट में भारत और मुंबई के बल्लेबाज पृथ्वी साव और सरफराज खान शामिल हैं। इन्होंने आधार मूल्य 75 लाख रखा है। साव 2018 से 2024 तक आईपीएल में खेले थे, लेकिन पिछली बार नीलामी में उन्हें कोई खरीदार नहीं मिला था।सरफ़राज 2021 के बाद से इस प्रतियोगिता में नहीं खेले हैं।

आईपीएल द्वारा साझा की सूची में दो ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी कैमरन ग्रीन और जेक फ्रेजर मैकगर्क के अलावा न्यूजीलैंड और चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व सलामी बल्लेबाज डेवॉन कॉनवे और दक्षिण अफ्रीका के डेविड मिलर भी शामिल हैं। इनमें से प्रत्येक का आधार मूल्य दो करोड़ है। केकेआर के रिलीज किए ऑलराउंडर वेंकटेश अय्यर ने आधार मूल्य दो करोड़ रखा है। सैयद मुश्ताक अली टी-20 ट्रॉफी में प्रभावशाली प्रदर्शन करने वाले कुणाल चंदेला और अशोक कुमार भी नीलामी की अंतिम सूची में हैं। तीन बार की विजेता केकेआर 64.3 करोड़ की सबसे अधिक धनराशि के साथ नीलामी में उतरेगी। उसके बाद पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स का नंबर आता है, जिसके पास 43.4 करोड़ की धनराशि बची है। सनराइजर्स हैदराबाद 25.5 करोड़ के साथ तीसरे स्थान पर है।

**आईपीएल 2026**



- 16 को अबुधाबी में नीलामी क्विंटन डिकॉक और स्टीव स्मिथ अंतिम सूची में शामिल

### अंतिम सूची में इंग्लैंड के 21 व ऑस्ट्रेलिया के 19 खिलाड़ी

नीलामी की अंतिम सूची में इंग्लैंड के 21 खिलाड़ी हैं। इस नीलामी में ग्रीन पर बड़ी बोली लगने की संभावना है। ऑस्ट्रेलिया के कुल 19 खिलाड़ी सूची में शामिल हैं। दक्षिण अफ्रीका के 15 खिलाड़ी नीलामी सूची का हिस्सा हैं। नीलामी की सूची में वेस्टइंडीज के नौ खिलाड़ियों को जगह दी गई है। श्रीलंका के जिन 12 खिलाड़ियों ने नीलामी सूची में जगह बनाई है। न्यूजीलैंड के 16 और अफगानिस्तान के 10 खिलाड़ियों को नीलामी सूची में जगह मिली है।

# मेसी-सुआरेज रैंप पर चलेंगे एक साथ

कोलकाता, एजेंसी

अर्जेंटीना के महान फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेसी भारत दौरे के दौरान धर्मार्थ कार्य के लिए मुंबई में रैंप वॉक करेंगे, जिसके आयोजकों ने उनसे 2022 विश्व कप जीत की कुछ खास यादगार चीजें नीलामी के लिए लाने को कहा है। ‘जीओएटी इंडिया टूर 2025’ के प्रमोटर सतादरू दत्ता ने मंगलवार को बताया कि मेसी और उनके स्ट्राइक जोड़ीदार लुइ सुआरेज और अर्जेन्टीना के मिडफील्डर रोड्रिगो डि पॉल 14 दिसंबर की रात 45 मिनट के फैशन से जुड़े शो में हिस्सा लेंगे।

दत्ता ने बताया कि यह धर्मार्थ फैशन शो होगा। इसके अलावा सुआरेज म्यूजिक शो का भी हिस्सा होंगे जबकि आयोजकों ने मेसी से आग्रह किया है कि वह दौरे के मुंबई चरण के दौरान नीलामी के लिए 2022 विश्व कप की कुछ यागदार चीजें लेकर आएं। मुंबई में कार्यक्रम शाम पांच बजे वानखेड़े स्टेडियम में शुरू होगा जबकि इससे पहले क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया में साढ़े तीन बजे से पेडल कप होगा। कोलकाता चरण में मेसी की अब तक की सबसे बड़ी 70 फीट की प्रतिमा का अनावरण सुरक्षा कारणों से टीम होटल से वर्चुअली किया जाएगा।

कोलकाता पुलिस ने बताया कि पुलिस ने स्वीकृति नहीं दी है इसलिए वह होटल से (अनावरण) करेंगे। यह सुबह वर्चुअली किया जाएगा। आठ बार के बेलोन डिओर विजेता मेसीअनावरण के लिए पहले स्वयं श्रीभूमि जाने वाले थे। कोलकाता पुलिस के सूत्र ने पुष्टि की कि मेसी शनिवार तड़के डेढ़ बजे शहर में पहुंचेंगे और ईएम बाईपास पर एक पांच सितारा होटल में रुकेंगे। प्रायोजकों के लिए विशेष ‘मीट-एंड-ग्रीट’ कार्यक्रम सुबह साढ़े नौ से साढ़े 10 बजे तक बजे तक चलेगा।



- 2022 विश्व कप जीत की यादगार चीजें मुंबई में नीलामी के लिए मांगी गई

## तेंदुलकर ने अपने पूर्व साथी गुरशरण के जज्बे को किया याद



**मुंबई।** सचिन तेंदुलकर ने मंगलवार को पूर्व भारतीय खिलाड़ी गुरशरण सिंह के उस जज्बे को याद किया, जिसमें वह 1989-90 में दिल्ली के खिलाफ ईरानी कप मैच में शेष भारत के लिए हाथ में फ्रैक्चर के बावजूद 11वें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए ताकि मास्टर ब्लास्टर अपना शतक पूरा कर सके। वानखेड़े स्टेडियम में खेले इस मुकाबले में दिल्ली ने शेष भारत को 309 रनों से हराया था। इस मैच में टीम के लिए सिर्फ तेंदुलकर ही डट कर बल्लेबाजी कर सके।

# हेजलवुड बाहर, कमिंस की ऑस्ट्रेलियाई टीम में वापसी तय

ब्रिस्बेन, एजेंसी

ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड हैमस्ट्रिंग और टखने की चोट से इंग्लैंड के खिलाफ एशेज श्रृंखला के बाकी बचे मैचों से बाहर हो गए हैं, लेकिन कप्तान पैट कमिंस पीठ की समस्या से उबरकर वापसी करने को तैयार हैं। हेजलवुड चोटिल होने के कारण पर्थ और ब्रिस्बेन में खेले गए पहले दो मैच में भी नहीं खेल पाए थे लेकिन उम्मीद की जा रही थी कि वह पांच मैचों की श्रृंखला के बाकी मैच में वापसी करेंगे।

ऑस्ट्रेलिया पहले दो मैच जीतकर श्रृंखला में 2-0 से आगे है। ऑस्ट्रेलिया के कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने मंगलवार को कहा कि हेजलवुड अब अगले साल की शुरुआत में होने वाले टी-20 विश्व कप में वापसी करने का लक्ष्य रखेंगे। मैकडोनाल्ड ने कहा कि वह एशेज श्रृंखला से बाहर रहेंगे और विश्व कप के लिए तैयारी करेंगे जो हमारे लिए महत्वपूर्ण है। यह उनके लिए वास्तव में निराशाजनक है कि वह इस श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे। यह ऐसा झटका है जिसकी हमने कल्पना भी नहीं की थी। हमें उनसे इस श्रृंखला में बड़ी भूमिका निभाने की उम्मीद थी। इस बीच कमिंस के 17 दिसंबर से एडिलेड में शुरू होने वाले तीसरे टेस्ट में वापसी करने की उम्मीद है। पीठ की समस्या से वह पहले दो टेस्ट मैचों में नहीं खेल पाए थे।

ऑस्ट्रेलिया की टीम इंग्लैंड के खिलाफ गाबा में जब दूसरा टेस्ट मैच खेल रही थी तब इस 32 वर्षीय तेज गेंदबाज ने ब्रिस्बेन के एलन बॉर्डर फील्ड में कड़ा अभ्यास किया था। तीसरे टेस्ट मैच के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम की घोषणा बुधवार को की जाएगी, जिसमें कमिंस की कप्तान के रूप में वापसी तय है। कमिंस की अनुपस्थिति में स्टीव स्मिथ ऑस्ट्रेलियाई टीम की अगुवाई कर रहे हैं। मैकडोनाल्ड ने कहा कि हमें लगता है कि वह पूरी तरह से तैयार होंगे।

**एशेज**



जोश हेजलवुड



पैट कमिंस

- कोच मैकडोनाल्ड बोले- हेजलवुड के टी-20 विश्व कप में वापसी की उम्मीद

### इंग्लैंड को झटका, चोट से मार्क वुड बाहर

**ब्रिस्बेन।** एशेज श्रृंखला के पहले दो मैच गंवाने वाली इंग्लैंड की टीम को एडिलेड में होने वाले तीसरे टेस्ट मैच से पहले मंगलवार को तब करारा झटका लगा जब उसके तेज गेंदबाज मार्क वुड चोटिल होने ये श्रृंखला से बाहर हो गए। वुड पर्थ में श्रृंखला के पहले टेस्ट मैच में खेले थे, लेकिन अपना खास प्रभाव नहीं छोड़ पाए थे। उन्होंने 11 ओवर किए और उन्हें कोई विकेट नहीं मिला था। वह बाएं घुटने में तकलीफ़ के कारण वे ब्रिस्बेन में दूसरे टेस्ट में नहीं खेल पाए थे। इस 35 वर्षीय खिलाड़ी की फिटनेस एशेज श्रृंखला से पहले एक मुद्दा बनी थी क्योंकि मार्च में घुटने की सर्जरी के बाद उन्होंने हाल में वापसी की थी। वेस्टइंडीज के खिलाफ 2022 में अपना एकमात्र टेस्ट मैच खेलने वाले मैट फिशर को कवर के रूप में टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। वुड ने इंस्टाग्राम पर कहा कि मैं एशेज से बाहर होने से बहुत दुखी हैं।

**जूनियर हॉकी विश्व कप**

**जर्मनी से हारकर खिताब का सपना टूटने के बाद कांस्य के लिए आज अर्जेंटीना से भिड़ेगी भारतीय टीम**

# दबाव को खत्म कर नौ साल बाद पदक जीतने के इरादे से उतरेगा भारत

चेन्नई, एजेंसी

जर्मनी के हाथों करारी हार के साथ खिताब का सपना टूटने के बाद भारतीय टीम जूनियर हॉकी विश्व कप के कांस्य पदक के मुकाबले के लिए बुधवार को अर्जेंटीना के खिलाफ उतरेगी तो नौ साल बाद पदक जीतने के लिये उसे दबाव में गलतियां करने की आदत से पार पाना होगा। दो विश्व कप में चौथे स्थान पर रही भारतीय टीम को उन गलतियों को दोहराने से बचना होगा जो उसने सेमीफाइनल में सात बार की चैंपियन जर्मनी के खिलाफ की और 1-5 से पराजय झेलनी पड़ी।

भुवनेश्वर में 2021 में और कुआलालम्पुर में 2023 में हुए जूनियर विश्व कप में भारत क्रमशः फ्रांस और स्पेन से 3-1 से हारकर चौथे स्थान पर रहा था। होबर्ट में 2001 के बाद भारत ने दूसरा और आखिरी खिताब 2016 में लखनऊ में जीता था। तोक्यो और पेरिस ओलंपिक में कांस्य जीत चुके भारतीय टीम के मुख्य कोच पीआर श्रीजेश को बखूबी पता है कि यह पदक उनकी टीम के लिए कितना जरूरी है, लेकिन उन्हें यह भी अहसास है कि सेमीफाइनल में स्पेन के खिलाफ आखिरी मिनटों में गोल गंवाकर 1-2 से हारी अर्जेंटीना की चुनौती को कमतर नहीं आंका जा सकता। दो बार की चैंपियन अर्जेंटीना ने 2021 में फाइनल में जर्मनी को 4-2 से हराकर खिताब जीता था।

राउंड रॉबिन चरण में शानदार फॉर्म में रही भारतीय टीम ने 29 गोल किए थे और एक भी गोल गंवाया नहीं था लिहाजा गोलकीपर और डिफेंस को कोई चुनौती नहीं मिल सकी थी। क्वार्टर फाइनल में बेल्जियम के खिलाफ 45 मिनट तक एक गोल से पिछड़ने के बाद तीन मिनट के भीतर कप्तान रोहित और शारदानंद तिवारी के गोलों के दम पर भारत ने बढत बना ली, लेकिन आखिरी सीटी बजने से एक मिनट बाकी रहते गोल गंवाकर मैच को पेनल्टी शूटआउट में जाने दिया। शूटआउट में हालांकि भारत ने जीत दर्ज की लेकिन मैच निर्धारित समय के भीतर ही खत्म हो सकता था। इसके बाद जर्मनी के सामने तो डिफेंस चरमरा गया और फॉरवर्ड पंक्ति गोल करने के मौके ही नहीं बना सकी। पूरे मैच में भारत को एकमात्र पेनल्टी कॉर्नर मिला जबकि जर्मन टीम ने ‘वन टच’ यूरोपीय हॉकी खेलकर दबाव बनाये रखा। कोच श्रीजेश ने कहा था कि हमें अपने खेल पर नियंत्रण रखना सीखना होगा और बड़ी टीमों को इतने मौके देने से बचना होगा। विरोधी टीम के अच्छा खेलने पर दबाव में आकर हम अपने बेसिक्स ही भूल जाते हैं, जिससे उबरना होगा। गोल करने के मौके बनाना और तब्दील करना जरूरी है।

छोटी छोटी गलतियां ही भारी पड़ रही हैं, जिनसे बचना होगा। भारत की क्वार्टर फाइनल की जीत के नायक रहे गोलकीपर प्रिंसदीप सिंह ने टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन पूरे डिफेंस को एक ईकाई के रूप में अच्छा खेलना होगा। वहीं फॉरवर्ड पंक्ति को सर्कल में गलतियां करने, लंबे हवाई पास और गेंद पर नियंत्रण खो देने की कमी को दूर करना होगा। पूल चरण में प्रदर्शन करने वाले दिलराज सिंह, अर्शदीप सिंह, मनप्रीत सिंह और खुद कप्तान रोहित को उसी लय में खेलना होगा। दूसरी ओर अर्जेंटीना टीम अपने पूल में तीन में से दो मैच जीतकर शीर्ष पर रही थी और क्वार्टर फाइनल में उसने नीदरलैंड को एक गोल से हराया। टूर्नामेंट से पहले भारत और अर्जेंटीना ने तीन अभ्यास मैच मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम पर ही खेले थे जिसमे पहला 1-1 से ड्रॉ रहा, दूसरा भारत ने 5-3 से और तीसरा अर्जेंटीना ने 2-1 से जीता था। अर्जेंटीना के कोरिया ब्रूनो छह गोल कर चुके हैं। मैच शाम 5.30 से शुरू होगा जिसके बाद फाइनल जर्मनी और स्पेन के बीच खेला जाएगा।



### ओलंपिक में स्वर्ण जीतने वाला आखिरी कप्तान कहलाना पसंद नहीं : भास्करन

**चेन्नई।** मॉस्को ओलंपिक में 45 साल पहले भारतीय हॉकी टीम को आठवां और आखिरी स्वर्ण दिलाने वाले कप्तान वासुदेवन भास्करन का कहना है कि वह इस इंतजार को खत्म होते देखना चाहते हैं और 2036 में टीम फिर चैम्पियन बन सकती है बशर्ते सही समय पर नये खिलाड़ियों को मौका दिया जाए। भारत ने आखिरी बार 1980 में भास्करन की कप्तानी में ओलंपिक स्वर्ण पदक जीता था। फिर 41 साल के इंतजार के बाद तोक्यो ओलंपिक 2020 में कांस्य जीता और पिछले साल पेरिस में उस सफलता को दोहराया। भास्करन ने कहा कि मुझे यह सुनना बिल्कुल पसंद नहीं है कि मैं आखिरी ओलंपिक स्वर्ण जीतने वाली भारतीय टीम का कप्तान था। मैं चाहता हूं कि यह इंतजार खत्म हो और यह 2036 में हो सकता है। लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 के बारे में नहीं कह सकता क्योंकि हमे पुरुष हॉकी टीम में अभी बदलाव की जरूरत है। जैसे पीआर श्रीजेश के संन्यास के बाद टीम में खालीपन लग रहा है जिसे भरना होगा। ऐसे ही चार या पांच खिलाड़ियों को जूनियर खिलाड़ियों के लिए जगह बनानी होगी। बदलाव सही समय पर और सही जगह पर होना जरूरी है ताकि नए खिलाड़ियों को तैयार होने का मौका मिले। 1997 में कोच रहते भारत को जूनियर विश्व कप फाइनल तक ले जाने वाले इस दिग्गज खिलाड़ी ने कहा कि जैसे 2016 जूनियर विश्व कप के बाद हरमनप्रीत और रूपिंदर पाल जैसे खिलाड़ी मिले थे। जूनियर विश्व कप 1997 से हमे बलजीत सैनी, दिलीप टिर्की, समीर दाद, देवेश चौहान जैसे कई ओलंपियन मिले थे, लिहाजा यह बदलाव की शुरुआत करने के लिए अच्छा मंच है।

# मियामी के प्रदर्शनी मैच में अल्काराज का जलवा



मियामी, एजेंसी

विश्व के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने मियामी आमंत्रण प्रदर्शनी टेनिस टूर्नामेंट में अपना जलवा दिखाकर दर्शकों को रोमांचित किया। अल्काराज ने कोर्ट पर कदम रखा तो तालियों की गड़गड़ाहट सुनाई दी और मेजर लीग बेसबॉल के मियामी मार्लिंस के घरेलू मैदान लोनडेपो पार्क में प्रदर्शनी मैच में दर्शकों ने स्पेन के खिलाड़ी को सिर आंखों पर बिठाए रखा। यह पहला अवसर था जबकि लोनडिपो पार्क में कोई टेनिस मैच खेला गया।

इसमें ब्राजील के जोआओ फोन्सेका तथा अमेरिका की महिला स्टार अमांडा अनिसिमोवा और जेसिका पेगुला ने भी हिस्सा लिया। अल्काराज ने विश्व में 24वीं रैंकिंग वाले फोन्सेका को एक रोमांचक एकल मुकाबले में 7-5, 2-6, 10-8 से हराया। पहली बार यह दोनों खिलाड़ी एक दूसरे का आमना सामना कर रहे थे। इससे पहले अनिसिमोवा ने पेगुला को 6-2, 7-5 से हराया था। अल्काराज और पेगुला ने मिश्रित युगल में 10 अंकों के टाईब्रेकर में अनिसिमोवा और फोन्सेका को हराया। अल्काराज ने मैच से पहले कहा कि मुझे उम्मीद है कि लोग लोग हमारे मुकाबले का भरपूर आनंद लेंगे। मुझे लगता है कि हमें इस तरह के स्टेडियम और कोर्ट में खेलते देखना रोमांचक है।

- ब्राजील के फोन्सेका व अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा व जेसिका पेगुला ने भी लिया हिस्सा